आज का मौसम 38.0° अधिकतम तापमान 28.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 05.34 सूर्यास्त 06.39

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 07:51 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 29 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 252, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## गंगा एक्सप्रेसवे का आज पीएम मोदी करेंगे लोकार्पण

नई दिल्ली/हरदोई

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर में आज एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को प्रदेश के सबसे लंबे और महत्वाकांक्षी 'गंगा एक्सप्रेसवे' का लोकार्पण करेंगे। लगभग 36,230 करोड़ रुपये की लागत से बना यह 594 किमी लंबा एक्सप्रेसवे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को सीधे पूर्वी उत्तर प्रदेश से जोड़ेगा।

लोकार्पण का मुख्य कार्यक्रम हरदोई जिले के मल्लावां में आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री यहाँ एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और एक्सप्रेसवे के एक हिस्से का पैदल भ्रमण भी कर सकते हैं।





- मेरठ से प्रयागराज का सफर मात्र 6 घंटे में, हरदोई में होगा भव्य समारोह

प्रशासन ने सुरक्षा और तैयारियों के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।

**आर्थिक क्रांति का आधार :** माना जा रहा है कि यह एक्सप्रेसवे न केवल सफर को आसान बनाएगा, बल्कि इसके किनारे इंडस्ट्रियल क्लस्टर विकसित होने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के लाखों नए अवसर पैदा होंगे। उद्घाटन के तुरंत बाद आम जनता के लिए इसे खोल दिया जाएगा और वाहनों का संचालन शुरू हो जाएगा।

### 12 जिलों और 519 गांवों को सीधा लाभ

यह एक्सप्रेसवे मेरठ के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज के जूदापुर दांडू गांव तक जाता है। यह मार्ग हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली और प्रतापगढ़ समेत कुल 12 जिलों से होकर गुजरता है। इसके शुरू होने से मेरठ से प्रयागराज की दूरी, जो पहले 12-14 घंटे में तय होती थी, अब घटकर मात्र 6 से 7 घंटे रह जाएगी।

### खासियतें जो बनाती हैं इसे 'सुपर हाईवे'

**इमरजेंसी एयरस्ट्रिप :** शाहजहांपुर में 3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी बनाई गई है, जहाँ युद्ध की स्थिति में वायुसेना के लड़ाकू विमान उतर सकेंगे।

**हाई-स्पीड सफर :** इस 6-लेन (जिसे 8-लेन तक बढ़ाया जा सकता है) एक्सप्रेसवे पर वाहनों के लिए 120 किमी/घंटा की रफ्तार तय की गई है।

**आधुनिक सुविधाएं :** यात्रियों के लिए रास्ते में ट्रॉमा सेंटर, फूड कोर्ट और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन की सुविधा मिलेगी।

## बंगाल चुनावः दूसरे चरण का मतदान आज

**नई दिल्ली/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए बुधवार को 142 सीटों पर मतदान हो रहा है। चुनाव आयोग ने इस चरण को आपराधिक तत्वों से मुक्त रखने और बमबाजी की घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी की सेवाएं लेने का बड़ा फैसला किया है। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, राज्य में चुनावी हिंसा के पुराने इतिहास को देखते हुए सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ-साथ इस बार विशेष रूप से एनआईए को तैनात किया गया है ताकि बमों के इस्तेमाल और किसी भी आतंकी या आपराधिक साजिश को नाकाम किया जा सके। राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए हो रहे इस चुनाव के पहले चरण (23 अप्रैल) में 93 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान हुआ था, हालांकि कुछ जगहों पर पथराव और हिंसा की छिटपुट घटनाएं भी हुई थीं। इसी को देखते हुए दूसरे चरण के लिए आयोग अधिक सतर्क है। आज हो रहे मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां कल ही केंद्रों पर पहुँच चुकी थीं। इस पूरे चुनाव की मतगणना 4 मई को होगी।

## पुलिस में एक लाख नई भर्ती इसी साल: योगी



- उप्र पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 936 प्रधान परिचालक को मिले नियुक्ति पत्र
- मुख्यमंत्री बोले, नौ वर्षों में यूपी पुलिस में हुई भर्ती कई राज्यों की कुल ताकत से अधिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को युवाओं के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में इस वर्ष पुलिस बल में एक लाख नई भर्तियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि योग्य और सक्षम युवा बड़ी संख्या में पुलिस सेवा से जुड़ना चाहते हैं और भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड उन्हें निष्पक्ष अवसर उपलब्ध करा रहा है।

मुख्यमंत्री इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग के 936 प्रधान परिचालक व प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को नियुक्ति पत्र वितरित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिन में यूपी होमगार्ड में भी 41 हजार भर्ती के लिए परीक्षा हुई। सिविल पुलिस, एसआई, होमगार्ड आदि की भर्ती प्रक्रिया तेजी से बढ़ी है। प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और ईमानदारी के साथ संपन्न हुई है। अब नवचयनित अभ्यर्थियों का दायित्व है कि वे भी उसी निष्ठा और साफ नीयत से अपनी सेवाएं दें। उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रदेश के 112 केंद्रों पर 60 हजार आरक्षियों की दीक्षांत परेड आयोजित हुई, जिसके बाद ये सभी जवान फील्ड में तैनात हो चुके हैं। पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस में 2.20 लाख से अधिक कार्मिकों की भर्ती की जा चुकी है, जो कई राज्यों की कुल पुलिस क्षमता से भी अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी सिविल पुलिस का प्रदेश है, जहां 25 करोड़ की आबादी को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी पुलिस बल पर है।

### पहले होती थी सिफारिश और लेनदेन

मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ वर्ष पहले भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव था और लेनदेन व भेदभाव की शिकायतें आम थीं। लेकिन अब पूरी व्यवस्था बदल चुकी है, जहां बिना किसी सिफारिश या धन के योग्य अभ्यर्थियों को अवसर मिल रहा है। उन्होंने नवचयनितों से अपेक्षा की कि वे भी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाएं। योगी ने कहा कि पुलिस अब केवल कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के साथ ही प्रदेश को सिर्फ माफिया-दंगा मुक्त प्रदेश ही नहीं बना रही है, बल्कि भारत की इकॉनमी ग्रोथ में भी अप्रत्यक्ष रूप में योगदान दे रही है।

### न्यूज ब्रीफ

#### आरटीई दाखिले में देरी मौलिक अधिकार का हनन : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने पूर्व-प्राथमिक शिक्षा को 'राष्ट्रीय मिशन' बताते हुए कहा है कि आरटीई के तहत गरीब बच्चों को दाखिला देना निजी स्कूलों की संवैधानिक जिम्मेदारी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा आवंटित छात्रों को प्रवेश देने से मना करना अनुच्छेद 21ए के तहत शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। यह आदेश लखनऊ के एक मामले में आया, जहाँ लखनऊ पब्लिक स्कूल ने सरकारी सूची में नाम होने के बावजूद एक छात्र को 'पात्रता में अनिश्चितता' का हवाला देकर प्रवेश नहीं दिया था। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि स्कूलों के पास आवंटन के बाद देरी करने का कोई कानूनी आधार नहीं है और उन्हें समाज के वंचित वर्गों के लिए आरक्षित 25% सीटों का नियम सख्ती से मानना होगा।

#### पंजाब में विस्फोट, रेलवे ट्रैक उड़ाने की कोशिश

**चंडीगढ़।** पटियाला के शंभू इलाके के पास सोमवार देर रात एक मालगाड़ी कॉरिडोर की रेलवे पटरी पर विस्फोट की घटना सामने आई है। पुलिस ने मंगलवार को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया कि यह रेलवे पटरी को क्षति पहुंचाने का प्रयास था। विस्फोट से पटरी को आंशिक नुकसान पहुँचा है और घटनास्थल पर एक छोटा गड्ढा बन गया है। पुलिस को मौके से एक शव भी बरामद हुआ है, जिसकी पहचान की जा रही है। पिछले तीन महीनों में क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी यह दूसरी बड़ी घटना है।

#### डिजिटल अरेस्ट वाले 9,400 वॉट्सएप ब्लॉक

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ते 'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले पर नकेल कसते हुए केंद्र सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि वर्ष 2026 में अब तक वॉट्सएप ने लगभग 9,400 संदिग्ध अकाउंट्स को ब्लॉक कर दिया है। इन खातों का इस्तेमाल लोगों से अवैध वसूली के लिए किया जा रहा था। **विस्तृत देश-दुनिया पर**

# परिवारवादी दल देश की बहनों-बेटियों को संसद नहीं आने देना चाहते : मोदी

## काशी में जन आक्रोश महिला सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ परिवारवादी दल नारी शक्ति से भयभीत हैं और नहीं चाहते कि महिलाएं विधानसभा और संसद तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि विपक्ष को डर है कि यदि महिलाएं बड़ी संख्या में राजनीति में आईं, तो उनकी पारंपरिक राजनीति समाप्त हो जाएगी।

पीएम मोदी मंगलवार दोपहर दो दिवसीय दौरे पर काशी आने के बाद शाम को बरेका में आधी आबादी से खचाखच भरे जन आक्रोश महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यहां महिलाओं के बीच से होकर पीएम मंच पर पहुंचे। उन्होंने जैसे ही 6332 करोड़ रुपये की 163 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, पूरा पंडाल "हर-हर महादेव" और "मां गंगा" के जयघोष से गूंज उठा। पीएम ने बनारस-पुणे व अयोध्या-मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन में "हर-हर महादेव" के उद्घोष के साथ संबोधन की शुरुआत की। काशी की आध्यात्मिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नगरी माता श्रृंगार गौरी, माता अन्नपूर्णा, माता विशालाक्षी, माता संकट मोचन की शक्ति और मां गंगा की पावन धारा से समृद्ध है। प्रधानमंत्री ने काशी की महिलाओं को नमन करते हुए कहा कि आज का यह अवसर नारी शक्ति के वंदन और विकास का उत्सव है। मोदी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सोच "नारी शक्ति का सम्मान" और "नागरिक देवो भवः" की भावना पर आधारित है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे देश को विकसित बनाने के इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें।

पीएम ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में लंबे समय तक महिलाएं उपेक्षित रहीं। उन्होंने कहा कि कई बार महिलाओं से सवाल तक नहीं पूछे जाते थे और सीधे निर्णय थोप दिए जाते थे। यह स्थिति केवल काशी ही नहीं, बल्कि देश के अधिकांश हिस्सों में बहन-बेटियों का अनुभव रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह करीब 25 वर्ष पहले गुजरात के मुख्यमंत्री बने, तब उन्होंने इस सोच को बदलने का संकल्प लिया।



वाराणसी में महिला सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, प्रधानमंत्री ने किया जनता का अभिवादन।

- 6332 करोड़ की परियोजनाओं का पीएम ने किया शिलान्यास व लोकार्पण
- बनारस-पुणे व अयोध्या-मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई

### उस मां को नमन जिन्होंने मोदी जैसे पुत्र को जन्म दिया : नितिन नबीन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने अपने भावुक संबोधन में कहा कि वह उस मां को नमन करते हैं, जिन्होंने नरेंद्र मोदी जैसे पुत्र को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्य सराहना और गर्व के पात्र हैं। ट्रिपल तलाक पर लिए गए फैसले से मुस्लिम महिलाओं को सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है।

## शिक्षिका की सेवा समाप्त, मुकदमा दर्ज

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर :** जनपद में फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्रों के आधार पर सरकारी नौकरी हासिल करने वाली एक शिक्षिका को अब इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। थाना अलीगंज पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय मुजाहिदपुर की सहायक अध्यापिका के खिलाफ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह मामला तब सामने आया जब नगर के नेहरू नगर निवासी प्रतिमा पत्नी दिलीप कुमार ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने शिक्षिका के दस्तावेजों को फर्जी बताया, जिसके बाद विभागीय जांच शुरू की गई। जांच में पता चला कि शिक्षिका ने नौकरी के दौरान जो शैक्षिक अभिलेख जमा किए थे, उनमें मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया के नाम से जारी बीएड अंकपत्र भी शामिल था। संबंधित महाविद्यालय और वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से प्रमाणपत्रों का सत्यापन कराया गया। दोनों संस्थानों ने बीएड अंकपत्र को अमान्य और कूटरचित बताया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी स्पष्ट किया कि यह अंकपत्र विधिसम्मत नहीं है। इन खुलासों के बावजूद शिक्षिका लंबे समय तक सेवा में बनी रहीं और वेतन व अन्य सरकारी सुविधाएं लेती रहीं। विभाग ने कई बार नोटिस भेजे, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आखिरकार फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हुई नियुक्ति को अवैध मानते हुए शिक्षिका की सेवा नियुक्ति तिथि से ही समाप्त कर दी गई। थानाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विभागीय जांच के बाद अधिकारियों के निर्देश पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## 3.8 अरब रुपये सिक्योरिटी मनी लौटाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) अमित कुमार घोष के सख्त हस्तक्षेप के बाद नीट काउंसलिंग में अभ्यर्थियों की सिक्योरिटी मनी वापस करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। उन्होंने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए लगभग 30 हजार अभ्यर्थियों की करीब 3.8 अरब रुपये की राशि तत्काल लौटाने के निर्देश दिए हैं।

मामले में अनावश्यक देरी को गंभीरता से लेते हुए अपर मुख्य सचिव ने भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को संबंधित खाते बंद करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है। अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) अमित कुमार घोष के निर्देश पर कार्यालय महानिदेशक चिकित्सा एवं प्रशिक्षण से संबद्ध आचार्य डॉ. राहुल और आशुलिपिक मोहम्मद इरफान अंसारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। अन्य दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।





- नीट काउंसलिंग: 30हजार अभ्यर्थियों की सिक्योरिटी मनी रिफंड में तेजी, एसीएस के सख्त रुख से कार्रवाई शुरु

### क्या है पूरा मामला

नीट काउंसलिंग में शामिल अभ्यर्थियों की सिक्योरिटी मनी लंबे समय से लंबित थी। लगभग 30 हजार छात्रों के 3.8 अरब रुपये फंसे हुए थे। अपर मुख्य सचिव के हस्तक्षेप के बाद रिफंड प्रक्रिया में आई तेजी। लापरवाही पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरु

## बड़ी कार्रवाई: ईडी ने कुर्क किया अनिल अंबानी का फ्लैट और बेटे का फार्महाउस

नई दिल्ली, एजेंसी

- 3,034 करोड़ की संपत्ति पर कार्रवाई; कोकिलाबेन अंबानी की प्रॉपर्टी भी शामिल
- वित्तीय लेन-देन की तह तक जाने के लिए सबूतों को खंगाल रहीं जांच एजेंसियां

ईडी ने रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) से जुड़े बैंक धोखाधड़ी और धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने मंगलवार को उद्योगपति अनिल अंबानी के मुंबई स्थित फ्लैट और उनके बेटे जय अंशुल अंबानी के खंडाला स्थित फार्महाउस को कुर्क कर लिया। यह कार्रवाई 3,034 करोड़ रुपये के अस्थायी कुर्की आदेश के तहत की गई है।

ईडी ने एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई है। आरकॉम, अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस अनिल अंबानी समूह (आरएएजी) की प्रमुख कंपनी है। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गई विभिन्न प्राथमिकियों पर आधारित है। यह शिकायतें भारतीय स्टेट बैंक, पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ौदा और एलआईसी जैसे प्रमुख वित्तीय संस्थानों द्वारा आरकॉम और अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज कराई गई थीं। रिलायंस अनिल अंबानी समूह (आरएएजी) के प्रवक्ता ने इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में से कुछ अनिल अंबानी की मां कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी के नाम पर भी हैं। जांच एजेंसी अब इस मामले के वित्तीय लेन-देन की तह तक जाने के लिए सबूतों को खंगाल रही है।

## हर धार्मिक संस्था के लिए नियम जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी धार्मिक संस्था के प्रबंधन के अधिकार का अर्थ 'व्यवस्था का अभाव' नहीं हो सकता। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने मंगलवार को कहा कि चाहे मंदिर हो या दरगाह, हर संस्थान के कामकाज के लिए एक व्यवस्थित ढांचा और नियम होना अनिवार्य है, ताकि अराजकता की स्थिति पैदा न हो।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रबंधन के अधिकार का मतलब ढांचे का अभाव नहीं है। हर संस्था में धार्मिक क्रियाओं का एक तरीका और कार्यों के संपादन का क्रम होता है जिसे विनियमित करना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि कोई भी व्यक्ति अपनी मर्जी से काम करे या द्वार बिना किसी नियंत्रण के खुले रहें। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह प्रबंधन और नियम संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन नहीं कर सकते। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-सदस्यीय पीठ केरल के शबरिमला मंदिर सहित विभिन्न धर्मों में महिलाओं के साथ भेदभाव और धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पीठ में न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना, न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला सहित अन्य वरिष्ठ न्यायाधीश शामिल हैं।

हजरत ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया की दरगाह से जुड़ी चिश्ती निजामी परंपरा की ओर से अधिवक्ता निजाम पाशा ने दलील दी कि दरगाह में प्रवेश को विनियमित करना प्रबंधन का हिस्सा है।



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मंदिर हो या दरगाह, हर संस्थान के कामकाज के लिए व्यवस्थित ढांचा-नियम जरूरी

**तकनीक** | 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में लगी आधुनिक तकनीक ; लागत हुई आधी और एथनॉल उत्पादन में भी भारी उछाल दर्ज

## ड्रिप इरीगेशन से गन्ना उत्पादन में 25% तक बढ़ोतरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊः

उप्र की योगी सरकार द्वारा कृषि में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग की 'ड्रिप इरीगेशन' (बूंद-बूंद सिंचाई) योजना के चलते राज्य में गन्ने के उत्पादन में 25 प्रतिशत तक की प्रभावशाली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कम बारिश और सीमित संसाधनों वाले क्षेत्रों के लिए यह तकनीक वरदान साबित हो रही है।

**9 साल में 73 हजार हेक्टेयर क्षेत्र कवर :** विभागीय आंकड़ों के अनुसार, पिछले नौ वर्षों में प्रदेश के 73,078 हेक्टेयर गन्ना क्षेत्र में ड्रिप इरीगेशन संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इस तकनीक की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इसमें पौधों की जड़ों तक सीधे बूंद-बूंद पानी पहुँचाया जाता है। इससे न केवल 50 प्रतिशत तक जल की बचत होती है, बल्कि उर्वरकों (खाद) को पानी में घोलकर सीधे पौधों तक पहुँचाने से खाद की खपत भी आधी रह गई है। लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि से किसानों की आय में सीधा सुधार हुआ है।



### एथनॉल उत्पादन में यूपी की लंबी छलांग

गन्ने की खेती के साथ-साथ प्रदेश में एथनॉल के मोर्चे पर भी बड़ी सफलता मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि :

**चीनी मिलों का विस्तार :** वर्ष 2017 तक केवल 37 चीनी मिलों में एथनॉल प्लांट थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 53 हो गई है।

**उत्पादन में वृद्धि :** एथनॉल उत्पादन क्षमता 88 करोड़ लीटर से बढ़कर अब 258 करोड़ लीटर वार्षिक हो गई है।

**वास्तविक उत्पादन :** वास्तविक उत्पादन भी 42 करोड़ लीटर से बढ़कर 137 करोड़ लीटर तक पहुँच चुका है।

### कम बारिश वाले क्षेत्रों को मिला सहारा

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह तकनीक उन इलाकों के लिए गेम-चेंजर साबित हुई है जहाँ भूमि क्षारयुक्त है या बारिश कम होती है। ड्रिप इरीगेशन और एथनॉल उत्पादन के इस दोहरे मॉडल से न केवल किसानों को उनके गन्ने का बेहतर मूल्य मिल रहा है, बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिली है। सरकार का दावा है कि ये कदम किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य की ओर एक बड़ा कदम हैं।

न्यूज ब्रीफ

### राहुल गांधी के नागरिकता विवाद मामले की अगली सुनवाई 7 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** हाइकोर्ट कि लखनऊ बेंच में मंगलवार को राहुल गांधी के नागरिकता विवाद मामले की सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी द्वारा स्वयं को मामले से अलग करने के पश्चात अब मामले को न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ को आवंटित कर दिया गया है। मंगलवार को याची एस विग्नेश शिशिर ने कोर्ट से अनुरोध किया कि मामले में जरूरी दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय दिया जाए जिसे न्यायालय ने मंजूर करते हुए मामले की सुनवाई के लिए सात मई की तारीख नियत की है।

### प्रदेश के 39 स्मारकों को संरक्षण की मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में 39 स्मारकों को संरक्षण में लेने की मंजूरी दी गई है। पर्यटन विभाग की स्थायी समिति की बैठक में 41 प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जिनमें से 39 को स्वीकृति मिली। वर्तमान में 278 स्मारक संरक्षित हैं और वर्ष 2027 तक यह संख्या 300 करने का लक्ष्य रखा गया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर प्राथमिकता से कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि विभाग अब अनुभवात्मक पर्यटन पर फोकस करेगा, जिससे पर्यटक अधिक समय तक ठहरें और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि बीते वर्षों में पर्यटन बजट में 22 गुना वृद्धि हुई है। बैठक में झांसी, प्रयागराज, कानपुर और सहारनपुर के जनप्रतिनिधियों ने कनेक्टिविटी, हेली सेवा, वाटर स्पोर्ट्स और स्थानीय उत्पादों को पर्यटन से जोड़ने के सुझाव दिए।

### उप्र. घुमंतू विकास बोर्ड के गठन को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक में पिछड़े वर्गों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण को लेकर अहम निर्णय लिए गए। विशेष रूप से विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्ध-घुमन्तू समुदायों के विकास को प्राथमिकता देते हुए 'उत्तर प्रदेश घुमन्तू विकास बोर्ड' के गठन की संस्तुति को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई है। यह कदम योगी आदित्यनाथ सरकार की समावेशी विकास नीति को और मजबूती देने वाला माना जा रहा है। मंगलवार को इंदिरा भवन में आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, सोहन लाल श्रीमाली समेत अन्य सदस्यों की मौजूदगी में जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए।

### केंद्र की भाजपा सरकार पर मायावती का हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगामी चुनावों के मद्देनजर मायावती ने संगठन को मजबूत करने के लिए सख्त रुख अपनाया है।



दिल्ली स्टेट यूनिट की समीक्षा बैठक में उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पा रही है। बैठक में उन्होंने पूर्व निर्देशों की समीक्षा करते हुए बेहतर काम करने वालों की सराहना की, वहीं अपेक्षित परिणाम न देने वाले पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव कर स्पष्ट संदेश दिया कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना होगा। मायावती ने कहा कि दिल्ली में सभी वर्गों की अलग-अलग जरूरतें हैं, लेकिन लोगों को कानून का राज, भ्रष्टाचार मुक्त और न्यायपूर्ण शासन नहीं मिल पा रहा है।

# नियुक्ति पत्र पाकर खिले चेहरे, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की सराहना

## यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित महिला अभ्यर्थियों ने जताया भरोसा, कहा-प्रदेश में बेटियां पहले से अधिक सुरक्षित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग के 936 प्रधान परिचालक एवं प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को नियुक्ति पत्र मिलते ही उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कई अभ्यर्थियों ने इसे अपने परिवार की पहली सरकारी नौकरी बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया।

नवचयनित अभ्यर्थियों ने कहा कि प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया अब पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी हो चुकी है। प्रयागराज की महिमा यादव ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर सीधी भर्ती युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है और पूरी प्रक्रिया बेहद साफ-सुथरे तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। एटा के कुशाल चौहान ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने को जीवन का गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जमीनी स्तर पर काम करते हुए अपराध और माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, जिससे प्रदेश में सुरक्षा का माहौल बना है। प्रयागराज के सौरभ मिश्रा ने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति ने कानून-व्यवस्था को मजबूत किया है और युवाओं को प्रेरित किया है।



चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के बाद ग्रुप फोटो खिंचवाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

महिला अभ्यर्थियों ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संतोष जताया। प्रयागराज की अदिति राठौर ने कहा कि आज महिलाएं पहले से अधिक सुरक्षित महसूस करती हैं। गोरखपुर की शालू गुप्ता और अयोध्या की सपना पांडेय ने भी मुख्यमंत्री की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि बेटियों के लिए सुरक्षित माहौल तैयार हुआ है। अभ्यर्थियों ने बताया कि नियुक्ति पत्र मिलने से उनके परिवारों में उत्सव जैसा माहौल है।

### जिला अनुश्रवण समिति का नाम अब 'दृष्टि'

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने जिला स्तर पर विकास कार्यों की निगरानी को अधिक प्रभावी बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। 'जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति' का नाम बदलकर अब 'दृष्टि' कर दिया गया है। इसका पूरा नाम 'डिस्ट्रिक्ट रिव्यू एंड इंस्पेक्शन फॉर सस्टेनेबल ट्रैकिंग एंड इम्प्लीमेंटेशन' होगा। यह निर्णय उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों पर लिया गया है। ग्राम्य विकास विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी कर सभी मुख्य विकास अधिकारियों को भेज दिया है। हालांकि, पहली जुलाई 2025 से पहले जारी आदेश के अन्य प्रावधान यथावत रहेंगे।

# पीएम मोदी नए भारत के निर्माता, 'विरासत से विकास' को दी नई रफ्तार : मुख्यमंत्री

## योगी बोले- नारी शक्ति वंदन अधिनियम रोकने के लिए कांग्रेस, सपा समेत इंडी गठबंधन के खिलाफ देश में आक्रोश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए भारत के निर्माता हैं और उनके विजन से देश 'विरासत से विकास' की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने के लिए विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने जो प्रयास किए, उसके खिलाफ पूरे देश में आक्रोश है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को पीएम मोदी की उपस्थिति में बनारस लोकोमोटिव वर्क्स ग्राउंड में आयोजित 'नारी वंदन सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन का ही परिणाम है कि आज हम सभी नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि देश में चार ही जातियां हैं- नारी, गरीब, युवा और अन्नदाता किसान। इन चारों में हमारा पूरा समाज समाहित होता है। यह एक विराट विजन है, जिसके अनुरूप ये चारों वर्ग समग्र समाज और राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसीलिए हमने उन्हें भारत की राजनीति का केंद्र बनाकर प्रत्येक योजना का लाभ इन वर्गों तक पहुंचाया है। पीएम मोदी ने इन वर्गों के आर्थिक स्वावलंबन, सम्मान व सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए दूरदर्शी सोच के तहत 'नए भारत' और 'विकसित भारत' की संकल्पना को साकार करने का अभियान दिया है।

इस अवसर पर राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय मंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



काशी में बीएलडब्ल्यू हेलीपैड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में मौजूद राज्यपाल आनंदी बेन पटेल।



काशी विश्वनाथ धाम में पूजन करते मुख्यमंत्री योगी, भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन व अन्य।

### योगी ने भाजपा अध्यक्ष संग किया दर्शन-पूजन

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन किया। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी रहे। दोनों नेताओं ने बाबा विश्वनाथ से सुखी, समृद्ध देश-प्रदेश की कामना की। इसके पहले एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल आदि भी मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करने उमड़ी बहनें

योगी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने के लिए विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस, समाजवादी पार्टी ने जो प्रयास किए, उसके खिलाफ देश में आधी आबादी के आक्रोश की प्रतिध्वनि सुनाई दे रही है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता और आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वागत के लिए उमड़ी बहनें इस बात की गवाह हैं कि प्रधानमंत्री के प्रत्येक मिशन के साथ आधी आबादी पूरी मजबूती के साथ खड़ी है।

### काशी को मिली विकास की नई सौगात

मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी ने पिछले 11-12 वर्षों में विकास की लंबी यात्रा तय की है। इस दौरान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में काशी को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने का कार्य हुआ है। इनमें 35,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं काशी के धरातल पर उतर चुकी हैं, जबकि 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं वर्तमान में प्रगति पर हैं। आज प्रधानमंत्री ने 6,300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर काशी को विकास की एक नई सौगात दी है।

# पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होने पर हाईकोर्ट सख्त

विधि संवाददाता, लखनऊ

- प्रमुख सचिव पंचायती राज से मांगा जवाब

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पंचायत चुनाव से पहले पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होने पर कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने प्रमुख सचिव पंचायती राज से इस संबंध में जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 19 मई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की एकल पीठ ने अधिवक्ता मोतीलाल यादव की अवमानना याचिका पर पारित किया। याचिका में आयोग का गठन न होने पर अवमानना की कार्रवाई की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने 4 फरवरी 2026 के हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने न्यायालय को आश्वस्त किया था कि पंचायत चुनाव से पहले पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर लिया जाएगा। साथ ही आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ही ओबीसी आरक्षण लागू किया जाएगा। इसी भरोसे पर अदालत ने पूर्व याचिका का निस्तारण किया था। वर्तमान याचिका में कहा गया है कि आश्वासन के बावजूद अब तक आयोग का गठन नहीं हुआ। इसमें जयश्री लक्ष्मण राव पाटील मामला का हवाला देते हुए कहा गया कि स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण लागू करने से पहले समर्पित आयोग का गठन और उसकी रिपोर्ट आवश्यक है।

# कोऑपरेटिव संघ के चुनाव में भाजपा का दबदबा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सभापति, उपसभापति समेत सभी संचालक पदों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

**अमृत विचार:** उप्र. को-ऑपरेटिव संघ के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। संघ के सभापति, उपसभापति समेत सभी संचालक पदों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने नव निर्वाचित सभापति चौधरी शिवेन्द्र सिंह और उपसभापति ब्रज किशोर गुप्ता सहित सभी संचालकों को बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष ने रामनिवास यादव, बालेन्द्र प्रताप सिंह, धनंजय कुमार सिंह, शिवदत्त नारायण सिंह, अभय सिंह, हरिओम मिश्रा, सुरेश गंगवार, जयवीर सिंह सिरोही, दिवाकर मिश्रा, शारदा चौधरी, आकांक्षा सोनकर और ऊर्षा मौर्या को भी जीत की बधाई दी। पंकज चौधरी ने कहा कि सभी पदों पर निर्विरोध चयन इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की सहकारिता व्यवस्था में भाजपा के प्रति व्यापक विश्वास है।

# कांग्रेस की 'किसान नौजवान बचाओ यात्रा' पहली मई से



पत्रकारों को यात्रा के बारे में जानकारी देते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, साथ में अन्य।

**अमृत विचार, लखनऊ :** किसान और युवाओं के मुद्दों को लेकर उप्र. कांग्रेस 'किसान-नौजवान बचाओ यात्रा' निकालेगी, इसकी शुरुआत पहली मई से सहारनपुर से होगी, जोकि विभिन्न जिलों से होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। यह जानकारी प्रदेश पार्टी कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसान आर्थिक संकट और युवाओं को बेरोजगारी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यात्रा का नेतृत्व उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस पश्चिमी जोन करेगा। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला ने बताया कि यात्रा सहारनपुर से शुरू होकर मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर होते हुए दिल्ली पहुंचेगी।

### 10 जिलों में खुलेंगे आलू क्रय केंद्र, लखनऊ और फर्रुखाबाद में खरीद शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में आलू किसानों को उचित मूल्य दिलाने के लिए सरकार ने बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के तहत खरीद प्रक्रिया तेज कर दी है। उद्यान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह के निर्देश पर उप्र राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हॉफेड) को 10 जिलों में क्रय केंद्र स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है। लखनऊ और फर्रुखाबाद में मंगलवार से खरीद शुरू हो चुकी है। सरकार ने आलू का बाजार हस्तक्षेप मूल्य 650.09 रुपये प्रति कुंतल तय किया है, साथ ही 162.52 रुपये प्रति कुंतल ओवरहेड व्यय निर्धारित किया गया है। अधिकतम 25 प्रतिशत क्षतिपूर्ति का भार केंद्र और राज्य सरकार संयुक्त रूप से वहन करेंगी।

# लंबित कार्यों को शीघ्र निपटाएं : राजभर

## पंचायत सशक्तिकरण पर मंथन, विकास के लिए तय हुआ ब्लूप्रिंट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि जनभागीदारी और पारदर्शिता के जरिए गांवों के विकास को नई गति दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत प्रमुख पंचायती व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं और उन्हें नेतृत्वकारी भूमिका निभानी होगी। साथ ही, उन्होंने लंबित कार्यों के शीघ्र निस्तारण और निधियों के बेहतर उपयोग पर जोर दिया।

पंचायत राज मंत्री, मंगलवार को पंचायती राज विभाग की राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला में संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के साथ वर्ष 2026-27 के लक्ष्यों, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पंचायतों की कार्यप्रणाली को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री ओम प्रकाश राजभर द्वारा योजनाओं के संचालन, पारदर्शिता और प्रशासनिक समन्वय को सुदृढ़ करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कई सुझाव भी रखे। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख संघ के अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'सेनानी' ने 10 सूत्रीय मांग पत्र पंचायत राज मंत्री को सौंपा, जिस पर मंत्री ने सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया।



दीप जलाकर कार्यशाला की शुरुआत करते पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर।

### सहायक आचार्य (बीएड) के 107 पदों पर फिर भर्ती, 28 से आवेदन शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने सहायक आचार्य (बीएड) के 107 पदों पर भर्ती के लिए संशोधित विज्ञापन जारी किया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद यह प्रक्रिया दोबारा शुरू की गई है।

आवेदन 28 अप्रैल से शुरू होकर 27 मई तक होंगे, जबकि संशोधन 30 मई तक किया जा सकेगा। परीक्षा 20 जुलाई को प्रस्तावित है। केवल वही अभ्यर्थी पात्र होंगे, जिन्होंने 31 अगस्त 2022 तक निर्धारित शैक्षिक योग्यता पूरी की है। पहले आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को दोबारा शुल्क नहीं देना होगा।

बदलाव

**रासायनिक खाद व महंगे कीटनाशकों पर निर्भरता घटी, देसी संसाधनों से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे किसान**

# प्राकृतिक खेती से 2 .60 लाख किसानों की बढ़ी आय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में 'प्राकृतिक खेती मिशन' किसानों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरा

**अमृत विचार:** प्रदेश में 'प्राकृतिक खेती मिशन' किसानों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरा है। अब खेती केवल गुजारे का माध्यम नहीं, बल्कि कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय बनती जा रही है। रासायनिक खाद और महंगे कीटनाशकों पर निर्भरता घटाकर किसान देसी संसाधनों के जरिए आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं।

प्रदेश के 75 जिलों में 2356 क्लस्टर के माध्यम से 1.14 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र प्राकृतिक खेती के दायरे में आ चुका है। इसका सीधा लाभ करीब 2.60 लाख किसानों को मिल रहा है। इस पद्धति से उत्पादन में सुधार के साथ लागत घटने से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

बुंदेलखंड क्षेत्र इस अभियान का प्रमुख मॉडल बनकर उभरा है। झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट जिलों में 23 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में गो-आधारित प्राकृतिक खेती अपनाई गई है, जिससे करीब 22 हजार किसानों को फायदा हुआ है। जीवामृत और घनजीवामृत के उपयोग से लागत कम हुई है और फसल की गुणवत्ता बेहतर हुई है।



उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार, प्राकृतिक खेती से कम लागत में बेहतर उत्पादन मिल रहा है। रसायनमुक्त उत्पादों की बढ़ती मांग किसानों की आय बढ़ाने में सहायक बन रही है।

### टिशू कल्चर से मिलेंगे बेहतर गुणवत्ता के गन्ना बीज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार गन्ना किसानों की आय बढ़ाने के लिए टिशू कल्चर तकनीक के जरिए उच्च गुणवत्ता वाले बीज उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। इस पहल से किसानों की आमदनी बढ़ने के साथ प्रदेश में चीनी उत्पादन और उत्पादकता को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश काउंसिल ऑफ शुगर केन रिसर्च और बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड के बीच एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है। इसका उद्देश्य टिशू कल्चर तकनीक के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण गन्ना बीज तैयार करना और किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ना है। गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. के अनुसार, इस पहल के तहत किसानों, मिल कर्मियों और तकनीकी कर्मचारियों को टिशू कल्चर लैब और ग्रीनहाउस संचालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें प्लांटलेट तैयार करने, हार्डनिंग और खेत में रोपाई तक की पूरी प्रक्रिया सिखाई जाएगी। साथ ही रसायनों, उपकरणों और तकनीकी पहलुओं की जानकारी भी दी जाएगी, ताकि किसान इसे आसानी से अपनाकर अपने खेतों में लागू कर सकें। विशेषज्ञों का कहना है कि पारंपरिक विधि के मुकाबले टिशू कल्चर से बीज उत्पादन अधिक तेज, शुद्ध और प्रभावी होता है। कम समय में बड़ी मात्रा में उच्च गुणवत्ता वाले बीज तैयार किए जा सकते हैं, जिससे उन्नत किस्मों का तेजी से विस्तार संभव है।

# वन हेल्थ मिशन से स्वास्थ्य-पर्यावरण चुनौतियों पर काबू पाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कार्यशाला में बोले एसीएस, योजना को अंतिम रूप मिलने के बाद होगी औपचारिक शुरुआत

**अमृत विचार:** अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) अमित कुमार घोष ने कहा कि राज्य में बढ़ती स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए 'वन हेल्थ मिशन' स्थापित किया जाएगा। यह मिशन मानव, पशु और पर्यावरण के बीच समन्वित दृष्टिकोण अपनाकर संभावित खतरों से निपटने की दिशा में काम करेगा।

अपर मुख्य सचिव एक होटल में आयोजित वन हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को शुरू हुई दो दिवसीय बहु-हितधारक कार्यशाला में बोल रहे थे। अपर मुख्य सचिव घोष ने कहा कि डिजिटल युग में रोग प्रबंधन और आपदा नियंत्रण के लिए त्वरित डेटा उपलब्धता बेहद जरूरी है। कार्यशाला के माध्यम से विभागों के बीच डेटा साझा करने की एकीकृत प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे भविष्य में किसी भी स्वास्थ्य संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने बताया कि राज्य वन हेल्थ एक्शन प्लान को अंतिम रूप दिए जाने के बाद एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा मिशन की औपचारिक शुरुआत की जाएगी।

अमित कुमार घोष ने कहा कि हाल के वर्षों में जूनोटिक रोगों और महामारियों के प्रसार में तेजी आई है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती है। ऐसे में वन हेल्थ दृष्टिकोण बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है, जिसमें मानव, पशु और पर्यावरण से जुड़े कारकों का एकीकृत अध्ययन कर प्रभावी रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मिशन के तहत एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस (एएमआर), खाद्य सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर भी समन्वित तरीके से काम किया जाएगा।




# सात उप केन्द्रों से जुड़े सवा लाख लोग झेल रहे बिजली संकट

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अभी मई और जून की आग बरसाती गर्मी शुरू होने से पहले ही अप्रैल के अंतिम सप्ताह में पॉवर कॉर्पोरेशन का पॉवर आउट ऑफ कंट्रोल हो गया है। तीन दिनों से नगर के 34 विद्युत उप केन्द्रों में से सात उपकेंद्रों से जुडे. करीब सवा लाख लोग ट्रिपिंग और फ्यूज उड़ने से अभूतपूर्व बिजली संकट का दंश झेल रहे हैं। अब तक चार ट्रांसफार्मर और 12 से अधिक फीडर तक दग चुके हैं। यह हाल तब है जब व्यवस्था सुधार के लिए पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा जिले में वर्टिकल व्यवस्था लागू की थी। हालत यह है कि बिजली आपूर्ति ठप होते ही अवर अभियंताओं के सीयूजी मोबाइल नंबर भी बंद हो जाते हैं।



- भीषण गर्मी में ट्रिपिंग और फ्यूज उड़ने से तीन दिनों से संकट झेल रहे लोग

800 मेगावॉट की रिकॉर्ड डिमांड के बीच अयोध्या शहर के चौक, नियावां, दुर्गापुरी, लालबाग, अमानीगंज और देवकाली, कैंट अंजनीपुरम विद्युत उपकेंद्रों से जुड़े लाखों उपभोक्ताओं के लिए बिजली संकट शुरू हो गया है। ओवरलोड चलने से फीडरों की ट्रिपिंग, बार-बार फ्यूज उड़ने और ट्रांसफार्मरों के फुंकने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। दुर्गापुरी विद्युत उप केन्द्र का एमईएस फीडर शनिवार-रविवार को 18 घंटे ठप रहा। जिससे उसरू-मानस नगर-मंझवा में हाहाकार मचा रहा। चौक विद्युत उप केन्द्र के अधीन पुराने शहर के 11 केवी फीडर पर दिन में 8-10 बार ट्रिपिंग हुई।घनी आबादी में लो-वोल्टेज मिला।नियावां विद्युत उप केन्द्र में पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर सात एमवीए लोड से जलने की कगार पर पहुंच गया था। दो ट्रॉली ट्रांसफार्मर सोमवार रात फुंक गए। बिजली गुल होने व भीषण गर्मी व उमस के चलते हजारों लोग रात भर सड़क और छतों पर टहलते रहे।

लालबाग और अमानीगंज विद्युत उप केन्द्र में कॉमर्शियल लोड बढ़ने से शाम छह से रात 10 बजे तक बार-बार सप्लाई ब्रेक होती रही। देवकाली विद्युत उप केन्द्र लाइन फीडर का केबल फाल्ट से मंगलवार को 12 घंटे से अधिक समय तक 800 घरों की बत्ती गुल रही। वहीं मंगलवार दोपहर एक बजे से कैंट अंजनीपुरम विद्युत उप केन्द्र की आपूर्ति ठप हो गई। इन सभी विद्युत उप केन्द्रों के अवर अभियंता को कई बार फोन मिलाया गया लेकिन बंद मिला।

### लोड दोगुना होने से फेल हो रही व्यवस्था

अधीक्षण अभियंता वितरण कार्यालय के मुताबिक पिछले साल अप्रैल में 350 मेगावॉट डिमांड थी, इस बार 800 मेगावॉट पार हो रही है। यानी लोड दोगुने से ज्यादा। बताया गया है कि इनमें छह उपकेंद्रों की क्षमता 2023 के बाद नहीं बढ़ी है जबकि चौक विद्युत उप केन्द्र की क्षमता वृद्धि गत वर्ष ही हुई है। तीन साल में अनुरक्षण के दावे फेल है रहे हैं। 2023-24 में इन उपकेंद्रों पर 4.2 करोड़ से अनुरक्षण हुआ था। केबल बदली गईं, ट्रांसफार्मर लगाए गए। उसके बाद भी जर्जर तार, ओवरलोड ट्रांसफार्मर और कम क्षमता के फ्यूज सिस्टम को फेल कर रहे हैं।

### 40 प्रतिशत से अधिक लाइन मैनों के पद खाली

पॉवर कॉर्पोरेशन के पास लाइनमैनों के 40 प्रतिशत पद खाली हैं। एक जेई पर 3-3 उपकेंद्र का चार्ज है। नतीजा- फाल्ट सुधारने में घंटों का समय लग रहा है।संविदा कर्मी भी हटा दिए गए हैं ऐसे में फाल्ट अटेंड करने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

> आपातकालीन प्लान के तहत नियावां-दुर्गापुरी में आठ एमवीए के मोबाइल ट्रांसफार्मर लगेंगे। रात 10 से सुबह 4 बजे तक इंडस्ट्री-कॉमर्शियल लोड पर कटौती होगी। सभी उपकेंद्रों पर 1 मई से 'फाल्ट रिस्पांस टीम' 24 घंटे तैनात की जा रही है। लोग भी आवश्यकता के अनुसार बिजली इस्तेमाल करें। **-बृजेश कुमार, मुख्य अभियंता वितरण।**

## पेट्रोलियम पदार्थों की भविष्य में कोई कमी न हो : डीएम

**अयोध्या, अमृत विचार :** पेट्रोलियम पदार्थों की भविष्य में कोई कमी न होने पाए। ये निर्देश जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को दिये। वे कलक्ट्रेट सभागार में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता को लेकर बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मौजूद तेल कंपनियों के विक्रय अधिकारी को निर्देश दिया कि जिले में घरेलू एलपीजी को लेकर डीएम से अधिकतम एक सप्ताह का बैकलॉग ही स्वीकार किया गया। विक्रय अधिकारी और गैस एजेन्सी के प्रोपराइटर/प्रबन्धक को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के बैकलॉग को लेकर प्रचार प्रसार किया जाए। गैस एजेन्सी के गोदामों से उपभोक्ताओं को डिलीवरी न की जाय। बैठक में तीनों तैल कंपनियों के विक्रय अधिकारी के साथ एडीएम सिटी योगानंद पांडेय, जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सीटी स्कैन सेवा आज होगी बहाल

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में 25 अप्रैल से ठप पड़ी सीटी स्कैन मशीन में बुधवार से जांचें शुरू हो जाएंगी। केंद्र प्रभारी अजय राय ने बताया कि इंजीनियर मरम्मत कार्य में जुटे हुए हैं। रात तक मशीन हर हाल में बन जाएगी।

### व्यापार बंधु की हुई बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमित कुमार भट्ट की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला व्यापार बन्धु समिति की बैठक हुई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में व्यापारियों से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा हुई। उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक विजय गुप्ता के आग्रह पर रिकाबगंज स्थित नरेन्द्रालय में संचालित होने जा रहे वाहन पार्किंग में व्यापारियों की सुविधा के लिए मासिक पास की योजना लागू कराने का निर्देश नगर निगम को दिया।बैठक में उपायुक्त (प्रशासन)/ संयोजक जिला व्यापार बन्धु, राज्य कर, राजकीय विभागों के अन्य अधिकारी व व्यापार संगठन की ओर से केके गुप्ता, नीरज जायसवाल, पंकज गुप्ता व अन्य व्यापार संगठन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर का समापन आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** उप्र में स्थापित खेल छात्रावासों में प्रवेश के लिए यहां डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चल रहे 15 दिवसीय केन्द्रीय प्रशिक्षण का बुधवार को समापन होगा। आरएसओ अनिमेष सक्सेना ने बताया कि फुटबॉल व टेबल टेनिस प्रशिक्षण शिविर के बाद मेरिट के आधार पर खिलाड़ियों को 16 आवासीय खेल छात्रावास में प्रवेश मिलेगा। यहां आयोजित अंडर-15 बालक फुटबॉल शिविर में 50 खिलाड़ियों ने और अंडर-15 टेबल टेनिस के शिविर में चार बालक व एक बालिका खिलाड़ी की स्किल, शरीरिक दक्षता, खेल प्रदर्शन के आधार पर चयनकर्ता अंक प्रदान करेंगे। चयन समिति खिलाड़ियों की अंतिम चयनित सूची प्रदेश खेल निदेशालय को सौंपेगी और निदेशालय छात्रावास में रिक्त सीट के आधार पर खिलाड़ियों को प्रवेश देगा।

### थ्रेसर में हाथ फंसने से युवक घायल

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** हैदरगंज थाना क्षेत्र के मऊ में गेहूं की मड़ाई के दौरान ट्रैक्टर चालित थ्रेसर में हाथ फंसने से मऊ निवासी गजराज निषाद( 20) पुत्र भगवती निषादगंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसकी हथेली का निचला हिस्सा और पांचों उंगलियां कट गईं। हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर किया गया है। ग्राम प्रधान परशुराम निषाद ने बताया कि परिवार में बेटी के विवाह की तैयारी चल रही थी। हादसे के चलते मातम फैल गया।

### दो बाइक में टक्कर, चार घायल

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** सड़क दुर्घटना में दो बाइक पर सवार किशोर सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के सहावा निवासी निक्कू (38) पुत्र प्रवीन (15) और महेंद्र (25) के साथ बाइक से कोतवाली क्षेत्र के रजौरा गांव से सोमवार देर रात्रि घर लौट रहा था। डड़वा कोछा बाजार के पास सामने से आ रहे किसी भारी वाहन से बचने का प्रयास किया। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। सड़क हादसे में एक बाइक पर सवार निक्कू, प्रवीण व महेंद्र व दूसरी बाइक पर सवार इनायत नगर थाना क्षेत्र के देवनपारा निवासी भोला यादव (35) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएससी बीकापुर के डॉ.धर्मेंद्र रंजन ने गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर कर दिया।

# अमृत भारत ट्रेन का संचालन क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात : वेदप्रकाश

## बोले अयोध्या विधायक, नई ट्रेन के यात्रियों का अयोध्या धाम स्टेशन पर किया स्वागत

- काशी से पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी सुना संबोधन
- प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** अमृत भारत ट्रेन का संचालन क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात है। यह ट्रेन विशेष रूप से मध्यम और निम्न वर्ग के यात्रियों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है।इससे कम लागत में लंबी दूरी की यात्रा करना आसान होगा। ये बातें मंगलवार को अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहीं। वे अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर काशी वाया अयोध्या होते हुए मुंबई के लिए शुरू की गई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन और उस पर सवार यात्रियों के लिए आयोजित स्वागत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अयोध्या जैसे धार्मिक और पर्यटन स्थल से मुम्बई जैसे महानगर के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिलने से श्रद्धालुओं, व्यापारियों और आम जनमानस को काफी सुविधा मिलेगी।ट्रेन में स्लीपर और जनरल कोच लगाए गए हैं, ताकि आम जनता बिना अधिक खर्च के आरामदायक यात्रा कर सके। यह ट्रेन रामनगरी से लोकमान्य तिलक टर्मिनल तक जाएगी। ट्रेन आधुनिक सुविधाओं से युक्त है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को काशी से ट्रेन संख्या 22111/22112) को वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जो शाम करीब चार बजे अयोध्या पहुंची। विधायक ने इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों में हुई चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का एलईडी स्क्रीन पर लाइव संबोधन भी सुना गया। एडीआरएम सूर्य वीर सिंह चौहान ने बताया कि इस ट्रेन में दोनों ओर पायलट की व्यवस्था है। हाई टेक्नोलॉजी का प्रयोग है। इसका ब्रेकिंग सिस्टम बहुत अच्छा है। बायो टॉयलेट लगे हुए है। एलईडी लाइट, चार्जिंग प्वॉइंट, शीशी टीवी कैमरे भी लगे हुए है। आरामदायक सीट है। वर्तमान में पूरी तरह नॉन एसी कोच लगे है। जिससे माध्यम वर्ग से लोग, श्रमिक व निम्न वर्ग के लोगों प्रदान किया जा रहा है। यह ट्रेन लगभग 15 सौ किलोमीटर को 26 घंटे में पूरी करेगी। मौके पर मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी, शशि प्रताप सिंह, बाल कृष्ण वैश्य, संजय गुप्ता, नंद कुमार सिंह, अश्वनी गुप्ता, रंजना सागर सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे।



अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर पहुंची अमृत भारत ट्रेन। अमृत विचार



अमृत भारत ट्रेन में सवार यात्रियों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते विधायक।

### बोले यात्री-

- यात्री अखिल पांडे ने बताया कि पहले अयोध्या से मुंबई के लिए साकेत एक्सप्रेस, तुलसी एक्सप्रेस की ही सुविधा थी। इस ट्रेन से चलने से यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ी है। इससे लगता है कि मॉर्डन फैसिलिटी आई है। इसे सुरक्षित करने के लिए हम लोगों की ही जिम्मेदारी है। पुरानी ट्रेन की अपेक्षा बहुत ही सुविधा और व्यवस्थित किया गया है।
- यात्री हर्ष तिवारी ने कहा कि इसे देखने के बाद मुंबई और अयोध्या में कोई अंतर नहीं दिखाई देती है। जिस रूप में यहां पर निर्माण हुआ, इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी आई है। वैसा कार्य कहीं नहीं देखा है। इसके लिए पीएम मोदी और सीएम योगी को धन्यवाद भी दिया।



नई अमृत भारत ट्रेन में जय श्री राम का उद्घोष करतीं महिला यात्री।



अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन परिसर में छात्रा को प्रशस्ति पत्र देते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से किशोरी की मौत, मां-बहन गंभीर

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार:** इनायतनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह मंजनाई-गोठवारा संपर्क मार्ग पर स्थित एक मिडिल स्कूल के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी बहन और मां गंभीर रूप से घायल हो गईं।



सड़क किनारे पलटी ट्रॉली को हटाती क्रेन।

- मंजनाई-गोठवारा संपर्क मार्ग पर स्थित एक मिडिल स्कूल के पास हुआ हादसा

ग्राम गोठवारा पूरे नउवाढाक निवासी महिमा चौहान (16) पुत्री रामराज चौहान अपनी बहन काजल (20) और मां राजकुमारी के साथ मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे शौच के लिए गांव के बाहर जा रही थीं। इसी दौरान मिट्टी लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने तीनों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रॉली सड़क किनारे पलट गई और महिमा उसके नीचे दब गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। थाना इनायतनगर के प्रभारी निरीक्षक रतन कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ट्रॉली को हटाने के लिए क्रेन की मदद ली गई, जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद किशोरी का शव बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रैक्टर चालक तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था और उसके कान में इयरफोन लगा हुआ था, जिससे उसका ध्यान भटक गया और वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। हादसे में गंभीर रूप से घायल काजल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। वहीं मां राजकुमारी को भी गंभीर चोटें आई हैं उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस वाहन को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश कर रही है। बताया जाता है कि मृतका के पिता रामराज चौहान दिल्ली में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। परिवार में दो अन्य बेटे भी हैं। इस दर्दनाक हादसे के बाद गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सरकारी खरीद बढ़ी तो चढ़ने लगा गेहूं का बाजार मूल्य

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सरकारी खरीद बढ़ने के साथ गेहूं का बाजार मूल्य चढ़ने लगा है। पिछले साल की तुलना में इस साल गेहू की आवक भी बढ़ी है। आढ़तियों के यहां किसानों की भीड़ नहीं है। खरीद वर्ष 2025-26 में 7551 एमटी गेहूं ही खरीदा जा सका था।

इस साल खरीद का अप्रैल में ही आंकड़ा दो हजार एमटी से काफी ऊपर पहुंच रहा है। बाजार मूल्य लगभग 23 सौ रुपये प्रति क्विंटल था। इस समय गेहूं का बाजार मूल्य लगभग साढ़े 24 सौ रुपये तक बताया गया है।



हालांकि व्यापारी इसे बताने से भी छिपा कर गांव में कम दाम पर गेंहू खरीदने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन कई आढ़ती बताते हैं कि रेट 24 से साढ़े 24 सौ रुपये प्रति क्विंटल तक जा रहा है। खरीद बढ़ने से किसानों का लाभ होने की उम्मीद है। डिप्टी आरएमओ धनंजय सिंह ने बताया कि इस साल गेहूं की खरीद पिछले साल की अपेक्षा बेहतर है। बाजार मूल्य भी इसीलिए बढ़ रहा है।

# खत्म हुई रार, छह-छह माह का रोस्टर तैयार

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू वार्ड में इंचार्ज बनाने को लेकर चल रही रार अब समाप्त हो गई है। सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया और प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया के मध्य घंटों चली वार्ता के उपरांत देर शाम को वार्ड में इंचार्ज बनाने के लिए छह-छह माह का रोस्टर तैयार हो गया। सीएमएस कार्यालय से जारी पत्र के मुताबिक स्टाफ में से ही एक स्टाफ नर्स को रोटेट्रीबेसिस पर सिस्टर इंचार्ज बनाया जाएगा। आरोपों से घिरी स्टाफ नर्स मोहिनी तिवारी का नंबर अब वर्ष 2032 में आएगा।

- मेडिकल कॉलेज में एसएनसीयू वार्ड में इंचार्जशिप के लिए लागू होगी एनएचएम गाइडलाइन

एसएनसीयू में तैनात नर्सों ने कार्यवाहक सीएमएस डॉ. बागीश मिश्रा को शिकायती पत्र देते हुए वार्ड इंचार्ज मोहिनी तिवारी पर अभद्रता व मानसिक रूप से दबाव बनाने का आरोप लगाया था। इसके बाद 18 अप्रैल को कार्यवाहक सीएमएस डॉ. बागीश मिश्रा ने वार्ड इंचार्ज बदल दिया था। नर्सों को तीन-तीन माह का इंचार्ज बनाने के लिए पत्र जारी कर दिया था। एसएनसीयू के नोडल अधिकारी डॉ. पीयूष आनंद ने इस पर आपत्ति जताई थी। उनकी आपत्ति पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रतिभा गुप्ता ने मुहर लगाते हुए इंचार्ज बदलने के आदेश को रद कर दिया था। इसके बाद बहस बढ़ गई थी। इस आदेश में कॉलेज प्रशासन की प्रतिष्ठा भी फंसी थी, क्योंकि इससे पहले प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया ने मेडिकल कॉलेज में पुनर्नियुक्ति पर तैनात रहे सीएमएस डॉ.अरविंद सिंह समेत चार लोगों को मूल तैनाती पर भेजने के निर्देश दिए थे। हालांकि हफ्ते भर में ही उन्हें अपने आदेश को वापस लेना पड़ा था।

इस बार गेंद मेडिकल कॉलेज प्रशासन के पाले में थी, लेकिन एनएचएम की गाइडलाइन सामने आने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन को फिर से बैकफुट पर आना पड़ गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार शाम हुई मीटिंग में सीएमएस डॉ.अरविंद सिंह, बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद शुक्ला व मैट्रन पुष्पा पांडेय समेत अन्य मौजूद थे। निर्णय लिया गया कि एसएनसीयू में तैनात नर्सिंग अफसर में से प्रत्येक को मिशन निदेशक के दिए गए निर्देशों के अनुपालन में छह-छह माह के लिए स्टाफ नर्स को वार्ड में इंचार्ज बनाया जाएगा। माधुरी वर्मा एक मई से 31 अक्टूबर 2026 तक, इसके बाद अगले छह माह के लिए जूही वर्मा, संध्या उपाध्याय, पूजा दूबे, शैलेष मौर्या, आशा वर्मा, प्रहवी शुक्ला, प्रभा, सृष्टि यादव, रीमा रानी, दिव्या राय, दुर्गावती शुक्ला व सबसे आखिरी में 1 मई 2032 से 31 अक्टूबर 2032 तक के लिए मोहिनी तिवारी को इंचार्ज बनाया जाएगा।

# 344 अंशकालिक अनुदेशकों को अब मिलेगा 17 हजार मानदेय

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के अनुरूप जिले के 344 अंशकालिक अनुदेशकों को अब नौ हजार के बजाय 17 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय ने अप्रैल 2026 के मानदेय के लिए 58 लाख 48 हजार रुपये की धनराशि जारी कर दी है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा व राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी द्वारा 20 अप्रैल को जारी पत्र के अनुसार शासनादेश 9 अप्रैल के क्रम में परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय 1 अप्रैल 2026 से बढ़ाकर 17,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। यह बढ़ा हुआ मानदेय 11 माह तक दिया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि अप्रैल माह का भुगतान पीएफएमएस प्रणाली से सीधे अनुदेशकों के खाते में किया जाएगा। बीएसए कार्यालय के मुताबिक धनराशि प्राप्त हो गई है। एरियर सहित भुगतान जल्द किया जाएगा।

श्रीराम मंदिर

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट समारोह की तैयारियां की पूरी, 1500 लोग रहेंगे मौजूद

# शिव मंदिर के शिखर पर सीएम आज करेंगे ध्वज आरोहण

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राम मंदिर के 800 मीटर की परिधि में बने परकोटा के ईशांत कोण पर स्थापित शिव मंदिर में बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ साधु-संतों और लगभग 1500 लोगों के मौजूदगी में ध्वज आरोहण करेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट समारोह के सम्बंध में सभी तैयारियों को पूरा कर लिया है।

शिव मंदिर के शिखर पर बुधवार शाम 4 बजे से 6 बजे के बीच ध्वज आरोहण के पूर्व वैदिक मंत्रोच्चण से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूजन करेंगे। राम मंदिर ट्रस्ट के विशेष आमंत्रित सदस्य गोपाल जी राव ने मंगलवार को बताया कि शिव मंदिर के ही निकट पूरे आयोजन को संपन्न किया जाएगा है। लगभग दो घंटे के कार्यक्रम में सीएम योगी ध्वज आरोहण के बाद अतिथियों को संबोधित भी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार के आयोजन में ज्यादा दूरी के लोगों को आमंत्रण पत्र कम से कम भेजा गया है। स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक वरीयता दी गई है। उन्होंने बताया कि वैशाख शुक्ल त्रयोदशी को सायंकाल पांच बजे इस समारोह को संपन्न किया जाएगा।



राम मंदिर परिसर में बना शिव मंदिर।

# यातायात डायवर्जन :अयोध्या धाम क्षेत्र में कई प्रमुख स्थानों पर वाहनों को प्रवेश नहीं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अयोध्या धाम भ्रमण कार्यक्रम को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। पुलिस विभाग की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार बुधवार दोपहर 3 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक अयोध्या धाम क्षेत्र में कई प्रमुख स्थानों पर वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

रामपथ से अयोध्या धाम की ओर आने वाले सभी प्रकार के वाहनों का टेढ़ी बाजार (गुरु वशिष्ठ चौराहा) से लतामंगेशकर चौक की ओर प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। श्रृंगारहाट से हनुमानगढ़ी की ओर सभी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। हनुमानगुफा बैरियर से लता मंगेशकर चौक की तरफ कोई भी वाहन नहीं जा सकेगा। लता मंगेशकर चौक से टेढ़ी बाजार की ओर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पुराना सरयू पुल से लता मंगेशकर चौक की ओर सभी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। रानोपाली रेलवे क्रॉसिंग से टेढ़ी बाजार की ओर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इन वाहनों को उदासीन आश्रम के सामने से होते हुए विद्याकुंड तिराहा होकर अपने गंतव्य तक जाने की अनुमति होगी।




कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि निम्न पार्किंग स्थलों पर खड़े कर सकेंगे। टेढ़ी बाजार चौराहे के पास अरुन्धति मल्टीलेवल पार्किंग, गोकुल भवन के बगल वाली पार्किंग, ब्रह्मकुण्ड गुरुद्वारा के सामने परिक्रमा मार्ग पर स्थित पार्किंग में आधा घंटे पहले प्रवेश दिया जाएगा। यह डायवर्जन आवश्यक सेवाओं पर लागू नहीं होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### गर्मी में भी पानी और सफाई का संकट

गोसाईंगंज, अमृत विचार। आदर्श नगर पंचायत में भीषण गर्मी में प्रमुख स्थानों पर लगे वाटर कूलर खराब या बंद पड़े हैं। लोगों को शुद्ध पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। जलापूर्ति व्यवस्था भी अव्यवस्थित है। सफाई व्यवस्था बदहाल है। जगह-जगह कूड़े के ढेर, जाम नालियां और मुख्य नाले की सफाई न होने से दुर्गंध फैल रही है। शिकायत के बावजूद इसका निस्तारण नहीं हो रहा है। इस बावत अधिशासी अधिकारी सीमा राय से बात करने की कोशिश की गई लेकिन बात संभव नहीं हुई।

### जानलेवा हमले में पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

अयोध्या, अमृत विचार : रौनाही थाना के गांव की एक महिला से 23 अप्रैल को अश्लील हरकत करने एवं परिवार पर जानलेवा हमला करने के मामले में स्थानीय पुलिस की ओर से कार्रवाई न करने पर पीड़ित परिवार ने पुलिस महानिदेशक को प्रार्थना पत्र देकर नामजद हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तारी की गुहार की है। बताया कि अश्लील हरकत की शिकायत करने महिला का पति व पुत्र आरोपी के घर गये। तो आरोपी व उसके साथ जुटे करीब छह लोगों ने गालियां दीं और हमला कर दिया। हमले में उसके पुत्र का सिर फट गया और वो बेहोश हो गया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान 112 नम्बर पर पुलिस को फोन किया गया। पुलिस सभी घायलों को थाने ले गई, वहां पीड़िता ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार की। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### राष्ट्रीय पक्षी का किया अंतिम संस्कार

शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार : रुदौली क्षेत्र के मीनापुर गांव में सोमवार शाम पंचायत भवन के निकट राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत मिला। शुजागंज चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह मामले की जानकारी वन विभाग को दी। टीम ने मोर के शव का चिकित्सकीय परीक्षण एवं पोस्टमार्टम कराया, ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। इसके बाद राष्ट्रीय पक्षी मोर का पूरे विधि-विधान एवं सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया गया। इस दौरान वन विभाग के कर्मी पप्पू, कांस्टेबल रवीश कुमार, अभिषेक रावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### बीकापुर कोतवाली में 37 आरक्षियों की आमद

बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार : प्रशिक्षण पूरा करके पुलिस लाइन से सोमवार शाम को आमद कराने बीकापुर कोतवाली पहुंचे नवागत 37 आरक्षियों (30 पुरुष और 7 महिला) का प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह और स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजय प्रताप तिवारी ने सभी पुलिस जवानों को माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत के दौरान नवागत आरक्षियों में उत्साह दिखा।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए बाबू सुरेंद्र प्रताप सिंह

अयोध्या, अमृत विचार : पूर्व विधायक बाबू सुरेंद्र प्रताप सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय, कमला नेहरू भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चेत नारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्णा गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह के साथ स्व. सुरेंद्र प्रताप सिंह के भतीजे और पूर्व महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने उनकी स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि वे सदैव सादा जीवन जीने की प्रेरणा देते थे। संचालन फ्लावर नकवी ने किया। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, अशोक कनौजिया, उमेश उपाध्याय, जनार्दन मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 22 मई से नगर के 60 वार्डों में शुरू होगी मकानों की गणना

**656 प्रगणकों को मिली जिम्मेदारी, प्रत्येक को 180 गृह स्वामियों से मिलना होगा**

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार: रामनगरी में जनगणना 2027 के पहले चरण में मकानों की गणना का कार्य 22 मई से शुरू होकर 20 जून तक चलेगा। इस दौरान नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 60 वार्डों में 656 प्रगणक घर-घर जाकर मकानों की सूची तैयार करेंगे। सिविल लाइंस स्थित नगर निगम मुख्यालय में जनगणना सेल भी स्थापित कर दिया गया है।

प्रत्येक प्रगणक को 150 से 180 घरों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन प्रगणकों को 33 सवालों वाली प्रश्नावली के आधार पर जानकारी एकत्र करनी होगी। प्रगणकों की मदद के लिए 111 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। एक सुपरवाइजर के अधीन छह प्रगणक काम करेंगे। सुपरवाइजर चार्ज अफसरों को रिपोर्टिंग करेंगे। नगर निगम के तीन जोनल अफसरों को चार्ज अफसर बनाया गया है। सुभाष त्रिपाठी अवधपुरी जोन देखेंगे, जबकि विनय प्रताप कौशलपुरी और सहायक नगर आयुक्त अशोक गुप्ता अयोध्या धाम जोन की जिम्मेदारी संभालेंगे। सभी की रिपोर्टिंग सीधे नगर निगम के अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार को होगी। उनको नगर जनगणना अधिकारी बनाया गया है। प्रगणकों में मुख्य रूप से शिक्षक और अनुदेशक शामिल किए गए हैं। इन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया गया है ताकि गणना सटीक और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरी हो सके।

**पूछेंगे 33 सवाल, 20 जून तक चलेगा पहला फेज, 111 सुपरवाइजर भी लगे**



नगर निगम मुख्यालय में बनाया गया जनगणना कार्यालय।

### भवन स्वामी सात मई से कर सकेंगे स्व-गणना

गृह स्वामी 7 मई से खुद जनगणना एप पर अपने मकान की जानकारी भर सकेंगे। प्रगणक बाद में इस स्व-गणना की जांच और सत्यापन करेंगे। यह व्यवस्था लोगों को सुविधा प्रदान करने और प्रक्रिया को तेज करने के लिए की गई है। स्व-गणना करने वाले गृह स्वामियों को भी एप पर सटीक विवरण भरने की सलाह दी गई है। एप में दिए गए विकल्पों पर जाकर अयोध्या चयन करते हुए विवरण भरा जा सकेगा।

### सवालों में शामिल रहेंगी अहम जानकारियां

गणना के दौरान पूछे जाने वाले 33 प्रश्नों में कुछ प्रश्न इस तरह हैं। मकान का प्रकार (पक्का, कच्चा, अर्ध-पक्का), मकान का स्वामित्व, निर्माण सामग्री, कमरों की संख्या, पीने के पानी का मुख्य स्रोत, बिजली की उपलब्धता, शौचालय की सुविधा, रसोई का स्थान, एलपीजी या अन्य ईंधन का उपयोग, गंदे पानी की निकासी व्यवस्था, नहाने की सुविधा, इंटरनेट कनेक्शन, वाहन स्वामित्व जैसी बुनियादी सुविधाएं और परिवार से जुड़ी अन्य जरूरी जानकारियां।

### आवास गणना का उद्देश्य

आवास गणना का मुख्य उद्देश्य हर आवासीय और गैर-आवासीय ढांचे की पहचान करना है। इससे सरकार को यह पता चलता है कि किस क्षेत्र में कितने घर हैं, जिससे जनसंख्या गणना की योजना बनाना आसान हो जाता है। इसके जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी परिवार या व्यक्ति गणना से छूट न जाए।

> मकानों की गणना का कार्य पूरा हो जाने के बाद फरवरी 2027 में दूसरे चरण में लोगों की जनगणना शुरू होगी। नगर निगम प्रशासन ने पूरे अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए विस्तृत प्लान तैयार किया है। प्रचार-प्रसार के लिए एलईडी व डोर-टू-डोर का इस्तेमाल किया जा रहा है। **-सुमित कुमार, अपर नगर आयुक्त व नगर जनगणना अधिकारी।**

## सावधान! पूछने पर भी नहीं दी जानी कई व्यक्तिगत जानकारियां

- **जनगणना-2027 : आधार, पैन नंबर, बैंक जानकारी, ओटीपी नहीं शामिल पूछे जाने वाले प्रश्नों में**
- **आने वाले अधिकारी या कर्मचारी की पहचान जानना भी जरूरी**

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जनगणना-2027 के दौरान जानकारी देने में सावधानी बरतने की भी जरूरत होगी। कहीं झटके में आपकी पर्सनल जानकारी न शेयर हो जाए। इसका ख्याल रखना होगा। यह जानकारी आने वाले अधिकारियों से कर्मचारियों से पूछे जाने वाले सवालों में शामिल नहीं है, लेकिन यदि ऐसी जानकारी पूछी जाए तो आप सावधान हो जाएं। जनगणना-2027 औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। पहले चरण में मकान गणना होगी। स्वयं जानकारी देने वालों के लिए स्वगणना की व्यवस्था भी है। प्रगणक आपके घर जाएंगे। सरकार से तय किए गए 33 सवाल पूंछेंगे। खासतौर से भवन कैसा है, परिवार में सदस्य कितने हैं, मुखिया का नाम, नल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, शौचालय/बाथरूम, गैस कनेक्शन, रेडियो/टीवी, कैबल कनेक्शन, साइकिल/मोटर साइकिल/कार, खाया जाना वाला मुख्य अनाज, मोबाइल नंबर आदि-आदि। ध्यान देने की जरूरत तब होगी जब आने वाले व्यक्ति आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नंबर, बैंक की जानकारी, किसी भी प्रकार की ओटीपी यदि वह पूछता है तो सर्तक हो जाएं। क्योंकि इस तरह के या इससे जुड़े प्रश्न सरकार से नियत सवालों में शामिल नहीं है। जनगणना में लगाए गए अधिकारी अनौपचारिक रूप से बताते हैं कि इसके लिए जागरूक किया जा रहा है। यदि यह सवाल पूछे जाते हैं तो सामने वाले व्यक्ति पर आपको शक करना चाहिए। उसकी असलियत न पता हो तो इसे जानने का प्रयास करना चाहिए। वह आपकी इन जानकारियों से बैंक एकाउंट या दूसरे अभिलेखों का दुरुपयोग कर सकता है। वह फर्जी आईडी लेकर प्रगणक या अधिकारी के रूप में ठग भी हो सकता है। जो गांव शहर के भोले भाले लोगों को ठग सकता है। यदि ऐसा होता है तो तत्काल इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन के किसी अफसर को या फिर स्थानीय पुलिस को दें।

## कम अंक पर बच्चों को कोसना नहीं, प्रेरित करना चाहिए


भानु प्रताप वर्मा इंटर कॉलेज में मेधावियों को मेडल देकर सम्मानित करते प्रशिक्षु आईपीएस शुभम जैन।

पूराबाजार, अमृत विचार : भानु प्रताप वर्मा इंटर कॉलेज पलिया रिसाली हनुमतनगर में हाईस्कूल व इंटर में सर्वाधिक अंक पाने वाले बच्चों का मंगलवार को सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईपीएस शुभम जैन ने कहा कि कभी भी अभिभावकों को बच्चों से कम अंक पाने पर कोसना नहीं चाहिए बल्कि आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। मोबाइल का प्रयोग बच्चें किस रूप में कर रहे है, अभिभावकों को देखना चाहिए। मोबाइल से ही कई साइबर अपराध हो रहा है। मुख्य अतिथि ने हाईस्कूल की मेधावी प्रियांशी वर्मा, अंचिता वर्मा, शालिनी गुप्ता, अन्सी, सृष्टि वर्मा, अंतिमा गुप्ता, अंशिका वर्मा, प्रिंसी वर्मा, मो. जिशान, दिव्यांशी वर्मा और इंटर की मेधावी श्रद्धा तिवारी, शिवानी वर्मा, अंशिका वर्मा, गुड़िया चौहान, स्तुति शाहू, प्रियंका वर्मा, सूर्यांश, आरूषी वर्मा, अर्पिता वर्मा को प्रमाण-पत्र, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता प्रबन्धक गोकरन नाथ वर्मा ने की। प्रधानाचार्य निर्मल कुमार वर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि महन्त उमाशंकर दास कबीरमठ, अजीत वर्मा, सालिक राम, प्रमोद कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।


अंजुमन गुंचे मजलूमिया की ओर से सम्मानित किए गए सीबीएसई 10वीं के मेधावी।

### मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

अयोध्या, अमृत विचार : अंजुमन गुनच ए मजलूमिया ने सीबीएसई बोर्ड 10वीं में सबसे ज़्यादा अंक लाने वाले बच्चों को सम्मानित किया। अंजुमन गुनच ए मजलूमिया के सदर कामिल हसनैन व अंजुमन के सेक्रेट्री जियो हैदर, साबिक सदर शादाब हुसैन राजन, कैसर मेहदी ने जरी अब्बास पुत्र काजिम रिजवी 98 प्रतिशत, ग़ाज़ी अब्बास पुत्र काजिम रिजवी 95, शिजा फातेमा पुत्री शानदार अली 91, वली हुसैन पुत्र ऐमन हुसैन 91, मोहम्मद मेहदी पुत्र शाहज़ादे आलम 91, अदा फ़ातेमा पुत्री अरशद अली 90 व वहब हैदर पुत्र ज़ीशान हैदर को 85 प्रतिशत अंक हासिल करने पर शॉल उड़ाकर व मेमेंटो देकर सम्मानित किया। संचालन अंजुमन के साहब ए बयाज मोहम्मद हसनैन ने किया।


महिला किसानों के लिए स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विषयक जागरूकता कार्यक्रम में लीफलेट प्रदर्शित करती महिलाएं। अमृत विचार

### स्वास्थ्य-सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

अयोध्या, अमृत विचार। कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस के अवसर पर मंगलवार को तेधा गांव में महिला किसानों के लिए स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह ने प्रशिक्षण संबंधी जागरूकता लिफलेट का विमोचन कर प्रतिभागियों को वितरित किया। अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम सिंह ने महिलाओं को कार्य एवं पारिवारिक जीवन में संतुलन बनाए रखने पर बल दिया। सहायक प्राध्यापक संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डॉ. प्रीति सिंह ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें जागरूकता व्याख्यान, नुक्कड़ नाटक, सामुदायिक सहभागिता एवं तनाव प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला किसानों व ग्रामीणों ने सहभागिता करते हुए अपने अनुभव साझा किए। ग्राम प्रधान राजू कन्नौजिया ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। डॉ. प्रीति सिंह ने अतिथियों व प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मेधावी बोले-जिले में नंबर वन, जहां शिक्षा के साथ संस्कार भी

- **देवा इंटर कॉलेज में हुआ जिला टॉपर व विद्यालय टॉपर मेधावियों का सम्मान**

मसौधा, अयोध्या।

अमृत विचार: ब्लॉक क्षेत्र के उसरू-अमौना स्थित देवा इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी यूपी बोर्ड परीक्षा में जिला टॉपर मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया। जिसके लिए विद्यालय प्रबंधन की ओर से मंगलवार को अभिभावकों के समक्ष मेधावियों को सम्मानित किया गया। इससे गदगद देवा के मेधावी बोले कि जिले में नंबर वन, जहां शिक्षा के साथ संस्कार भी मिलता है।



देवा इंटर कॉलेज में ट्रॉफी के साथ मेधावी व विद्यालय के निदेशक सहदेव उपाध्याय। अमृत विचार

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय निदेशक सहदेव उपाध्याय ने सभी मेधावियों को तिलक लगाकर माला पहनाई। इसके बाद ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। हाईस्कूल परीक्षा में जिला टॉपर सूची में एकता गुप्ता ने चौथा स्थान, नंदिनी तिवारी ने छठवां स्थान व आकृति यादव ने सातवें स्थान पर परचम लहराया। छात्रा जाहनवी साहू, वैष्णवी दुबे, दिव्या यादव, देवमणि यादव, पल्लवी भारती, आस्था यादव, ज्योति यादव, पलक मिश्रा, रंजना यादव, सौरभ, सेजल, अंश यादव, श्लोक यादव, सोनी, अनुराग मिश्रा, कायनात रहबर, साक्षी मिश्रा, आशुतोष चौधरी और अभिनव पांडे ने विद्यालय की मेरिट सूची में स्थान बनाया। इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में छात्रा विभा तिवारी विद्यालय टॉपर रही। दूसरे स्थान पर छात्रा आस्था सोनी और सुधांशु पाठक, सुचिता, सृष्टि यादव व श्रद्धा विद्यालय टॉपर रही। हिंदी विषय में 98 फीसदी के साथ देवमणि यादव, ड्राइंग में 99 फीसदी अंकों के साथ छात्रा आकृति, भौतिक विज्ञान में 91 फीसदी सृष्टि त्रिपाठी, रसायन विज्ञान में 93 फीसदी शिवांशी विषय टॉपर रहे। गणित विषय में 90 फीसदी विभा तिवारी और जीव विज्ञान में 96 फीसदी अंकों के साथ छात्र सुचिता विद्यालय टॉपर बनी।

प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा ने सभी छात्र-छात्राओ, शिक्षकों और अभिभावकों को शुभकामनाएं और बधाई दी। विद्यालय निदेशक ने कहा कि छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता, विद्यालय, क्षेत्र और समाज को गौरवान्वित किया है। कहा कि हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 21 छात्र छात्राओं व इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में 12 छात्र छात्राओं ने 80 फीसदी से अधिक अंक पाना यह प्रदर्शित करता है कि सभी ने अपने कार्य का पूर्ण व उत्कृष्ट निर्वहन किया है।


दत्त राजनरायन जन विकास विद्यालय में सम्मानित मेधावी। अमृत विचार

## मेधावियों को किया सम्मानित

शुजागंज, अयोध्या।

अमृत विचार : रुदौली तहसील क्षेत्र के शुजागंज स्थित गयादत्त राजनारायण जन विकास इंटर कॉलेज, मीनापुर में यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटर में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर जिले एवं विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। माल्यार्पण कर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि इन छात्रों ने अपने परिवार, क्षेत्र और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

### परिश्रम और लगन से मिलती सफलता


मेधावी छात्रा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि रामकृष्ण पांडेय।

पूराबाजार, अमृत विचार : श्री भरत इंटरमीडिएट कॉलेज नंदीग्राम भरतकुंड में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रबंधक रामकृष्ण पाण्डेय, प्रधानाचार्य डॉ. दिनेश द्विवेदी व शिक्षकों, ने हाई स्कूल की मेधावी छात्रा मानसी, काजल, मानसी प्रजापति, अंजलि, साधना, सलोनी व छात्र गौतम, संस्कार पांडे को सम्मानित किया। इसी तरह इंटर की मेधावी छात्रा तपस्या दुबे, आंचल, अंसारी सबीना, मानसी निषाद, रूपा को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि दृढ़ इच्छा, संकल्प शक्ति, दूर दृष्टि, लक्ष्य के प्रति पक्का इरादा, अपने आप पर अटूट भरोसा एवं कड़ी से कड़ी मेहनत से हम सफलता अर्जित करके भविष्य में मनोवांछित मुकाम को हासिल कर सकते हैं। संचालन शिक्षक डॉ. अरुण कुमार मिश्र ने किया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगे के साथ निकाली पदयात्रा

बीकापुर, अयोध्या।



तिरंगा लेकर पदयात्रा निकालते भाजपा के कार्यकर्ता।

अमृत विचार : महिलाओं के आरक्षण संबंधी बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित होने में विपक्षी पार्टियों द्वारा नकारात्मक रवैया अपनाने पर नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बीकापुर ब्लॉक मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए तिरंगे झंडे के साथ पदयात्रा निकाली। ब्लॉक गेट पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पुतला भी फूंका।

भाजपा के जिला महामंत्री इंजीनियर शिवम सिंह ने महिलाओं से संबंधित बिल पास होने में विपक्षी दलों द्वारा नकारात्मक रवैया अपनाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के विरुद्ध नारेबाजी भी की। विरोध प्रदर्शन में नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडे राना, शैलेंद्र पांडे, सभासद अभिषेक गुप्ता, राजन पांडेय, मंडल अध्यक्ष अनिल उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

## नमाज के समय और खगोल विज्ञान में गहरा संबंध

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : ह्यूमैनिटेरियन हाइट्स फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित कुरान और साइंस विषय के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता फैकल्टी ऑफ मीटरोलॉजी, कतर एरोनॉटिकल अकादमी सैयद इकबाल मुर्तजा रिजवी ने कहा कि कुरान में बताए गए नमाज के समय और एस्ट्रोनॉमी खगोल विज्ञान में गहरा संबंध है। नमाज के समय सूरज की स्थिति के अनुसार निर्धारित होते हैं।



ह्यूमैनिटेरियन हाइट्स फाउंडेशन के कार्यक्रम में बोलते सैय्यद इकबाल मुर्तजा व मंचासीन मौलाना मोहम्मद मोहसिन। अमृत विचार

अगर आज फैजाबाद/अयोध्या में जुहर की नमाज का वक्त 11:59 है तो लखनऊ दिल्ली व चंडीगढ़ आदि शहरों में नमाज ए जुहर का वक्त अलग-अलग होगा। इसीलिए पूरी दुनिया में हर वक्त कहीं ना कहीं अजान होती रहती है क्योंकि कहीं जुहर, तो कहीं मगरिब, तो कहीं फजर की नमाज का वक्त होता है। फाउंडेशन के सरपरस्त मौलाना मुहम्मद मोहसिन ने कुरान की उन आयात पर रोशनी डाली, जिन में नमाज के औकात का तस्किरा किया गया है। कन्वीनर मिर्जा मुहम्मद आफाक और रिजवान हसनैन ने अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। फाउंडेशन के चेयरमैन प्रो. डॉ. मिर्जा शहाब शाह ने मेहमानों और प्रोग्राम को कामयाब बनाने वाले कन्वीनर्स, शम्सी व छात्रों का शुक्रिया अदा किया।

### फंदे से लटकता मिला छात्रा का शव

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक छात्रा ने खुदकुशी कर ली। नंसा बाजार के रहने वाले बंसीलाल कसौधन की पुत्री नव्या (15) का घर के दूसरी मंजिल पर बने कमरे में पंखे के सहारे रस्सी के फंदे से लटकता हुआ शव मिला। परिजनों ने बताया कि प्रतिदिन की भांति सोमवार रात खाना खाने के बाद सोने चली गई थी। रात लगभग 11: 30 बजे मां सुनीता किसी काम से उसे बुलाने गई। दरवाजा खटखटाने पर नहीं खुला तो खिड़की से झांका तो उसे लटकता हुआ देख होश उड़ गए। पिता व्यापारी एवं कॉस्मेटिक की दुकान करते हैं। मृतका डायमंड इंटर कॉलेज दसवीं की छात्रा है। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या प्रतीत होता है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

**कवायद** | 6 से14 साल तक के 4500 से अधिक बच्चों को शिक्षा से मुख्य धारा से जोड़ने का लक्ष्य

## झुग्गियों और भट्टों तक फैलेगा शिक्षा का उजियारा

- **एक मई से शुरू होगा अभियान अधिकारी से लेकर कर्मचारी और जनप्रतिनिधि तक करेंगे सहभागिता**

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग एक मई से विशेष अभियान शुरू होगा। अधिकारी-कर्मचारी श्रमिक बस्तियों, ईंट-भट्ठों और झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में घर-घर जाकर 6 से 14 साल तक के आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों को चिन्हित कर स्कूल से जोड़ेंगे। इसे लेकर बेसिक शिक्षा विभाग तैयारी में जुट गया है। अभियान के तहत विभाग के शिक्षक और कर्मचारियों के अतिरिक्त जिला प्रशासन के अधिकारी भी फील्ड में निकलेंगे। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग और मार्गदर्शन लिया जाएगा।

बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने बताया कि एक से 31 मई तक स्कूल चलो अभियान के तहत डोर-टू-डोर सर्वे होगा। हर शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक को टोला-मोहल्ला आवंटित किया गया है। सभी तहसील में ईट भट्टों, असेवित बस्तियों आदि को देखा जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए खंड शिक्षा क्षेत्रवार जिम्मेदारी दी जा रही है। बताया कि सरकार से सभी एसडीएम और बीडीओ को निर्देश दिए हैं कि अभियान में राजस्व व पंचायत विभाग सहयोग करे। कोई बच्चा छूटे न यही संकल्प है। भट्ठा मालिकों से भी अपील की गई है। जिला समन्वयक प्रशिक्षण राजेश वर्मा के मुताबिक पिछले साल 2,800 बच्चे जोड़े गए थे। इस बार 4500 बच्चों को स्कूल लाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि 11 ईंट-भट्टों पर अप्रैल से ही सर्वे शुरू कर 180 बच्चे चिन्हित कर लिए गए हैं।

### अभियान के तहत यह रहेगा फोकस एरिया

- ईंट-भट्ठा क्षेत्र मवई, रुदौली, सोहावल के 42 ईंट-भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों के बच्चे।
- श्रमिक बस्तियां देवकाली, साकेत, नाका क्षेत्र की अस्थायी बस्तियां।
- झुग्गी क्षेत्र सरयू तट, रेलवे लाइन के किनारे की बसावटें।

### कैसे होगी पहचान

- हाउसहोल्ड सर्वे में शिक्षक सुबह 7 से 10 बजे तक भट्ठों और बस्तियों में जाएंगे।
- शिक्षा चौपाल हर बसावट में चौपाल लगाकर अभिभावकों को आरटीई के तहत मुफ्त प्रवेश, यूनीफॉर्म, किताब, एमडीएम की जानकारी दी जाएगी।
- शारदा पोर्टल पर एंट्री होगी, चिह्नित बच्चों का तुरंत नजदीकी स्कूल में नामांकन कर पोर्टल पर फीड किया जाएगा।

# अमरूद के मूल्य संवर्धन से किसानों को अधिक मुनाफा : डॉ. संजय

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अमरूद के बाजारीकरण के लिए कार्य करने पर किसानों को अच्छा मुनाफा हो सकता है। फल को तोड़ने से पहले उसकी ग्रेडिंग करनी होगी। किसानों को अमरूद की बागवानी के साथ-साथ उसके पैकेजिंग और मूल्य संवर्धन की जरूरत है, इससे किसानों को उचित दाम मिल सकता है। किसान अमरूद की खेती के साथ-साथ अन्य फसलों का प्रयोग करें, किसान अपनी आय को दोगुणी कर सकते हैं।

ये बातें मंगलवार को उपकार के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने कहीं। वे आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में ''पूर्वी उत्तर प्रदेश में सतत आजीविका के लिए अवसर, संभावनाएं एवं प्रबंधन'' विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण समारोह के शुभारंभ अवसर पर किसानों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने कुलपति डॉ. पीएस प्रमाणिक व अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते उपकार के महानिदेशक, कुलपति, वित्त नियंत्रक व अन्य अधिष्ठातागण। अमृत विचार

- **बोले, उपकार के महानिदेशक, कहा- फल तोड़ने से पहले करनी होगी उसकी ग्रेडिंग**

किसानों को संबोधित करते कुलपति डॉ. पीएस प्रमाणिक ने कहा कि गुणवत्तायुक्त उत्पादन के लिए पौधे का आकार एवं कटिंग बहुत जरूरी है। अमरूद को गरीबों का सेब भी कहा जाता है क्योंकि इसमें कई प्रकार के महत्वपूर्ण तत्व पाए जाते हैं। कुलपति ने कहा कि आने वाले समय में सघन बागवानी से किसानों की आय दोगुणी करने में मदद मिलेगी। वित्त नियंत्रक नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि अमरूद की खेती सबसे सस्ती और टिकाऊ है। यह अधिक मुनाफे वाली खेती है। अमरूद की खेती कर किसान अधिक से अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।

डॉ. निरंजन के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में सह अधिष्ठाता डॉ. भानु प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न व बुके भेंटकर सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आरके आनंद व कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष सिंह ने किया। इस मौके पर विवि के वित्त नियंत्रक, समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक, छात्र-छात्राएं एवं किसान मौजूद रहे।

## अनिरुद्ध सिंह की याद में कवि सम्मेलन का आयोजन आज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर नगर के प्रतिष्ठित नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय अनिरुद्ध सिंह परिवार की पांचवी पुण्यतिथि पर बुधवार को डॉ. केएनएस मेमोरियल अस्पताल पूर्व नाम मेयो अस्पताल एंड नर्सिंग कॉलेज के सौजन्य से एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया गया है। जिसमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर कवि भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन समिति के सदस्य आशुतोष सिंह और शाहकार जलालपुरी ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले कवियों, शायरों में जौहर कानपुरी, शबीना अदीब, स्वयं श्रीवास्तव, अज्म शाकरी, गैबी जौनपुरी, संतोष कुमार सिंह पीसीएस, अभय सिंह निर्भीक, सादिया इकरा प्रतापगढ़ी, सौरभ त्रिपाठी लखनऊ, डॉ. हरि प्रकाश श्रीवास्तव, इंसाफ टांडवी, डॉ. हसन सईद, तनवीर जलालपुरी, मशहद जलालपुरी और अयाज जलालपुरी शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन गैबी जौनपुरी करेंगे।



मवई में जन आक्रोश महिला पदयात्रा के दौरान अखिलेश यादव व राहुल गांधी के पुतले फूंकते भाजपाई।

## जन-आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली, फूंके पुतले

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को जन-आक्रोश महिला पदयात्रा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुमन पासवान के नेतृत्व में ब्लॉक मवई के पूरे कामगार से मवई चौराहा तक निकाली गई। जहां सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पुतले फूंके गए और उनके खिलाफ नारेबाजी की गई। सभा को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र यादव ने सपा और कांग्रेस पर महिलाओं के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया। जिला उपाध्यक्ष सुमन पासवान ने कहा कि यह जन-आक्रोश महिला पदयात्रा महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए निकाली गई है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, निर्मल शर्मा, तेज तिवारी, रघुनंदन चौरसिया, संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा जलवायु संकट में उपयोगी : डॉ. विनोद

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आइक्यूएसी) एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में सस्टेनेबल एनवायरमेंटल मैनेजमेंट इंटीग्रेटिंग इंडियन नॉलेज सिस्टम पॉलिसी फ्रेमवर्क एंड टेक्नोलॉजिकल इन्नोवेशंस विषय पर 12 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तृतीय दिवस का सफल आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर विभागाध्यक्ष, पर्यावरण विज्ञान विभाग के डॉ. विनोद कुमार चौधरी रहे।

उन्होंने रोल ऑफ इंडियन नॉलेज सिस्टम इन क्लाइमेट चेंज एंड मिटिगेशन एंड अडॉप्शन विषय पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा को वैदिक विज्ञान, आयुर्वेद, योग एवं सांख्य दर्शन, अर्थ एवं धर्म तथा लोक परंपराओं से जोड़ते हुए बताया कि भारतीय ज्ञान प्रणाली में प्रकृति के साथ संतुलित जीवन शैली का स्पष्ट मार्गदर्शन मिलता है। जो वर्तमान जलवायु संकट के समाधान में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए पारंपरिक पारिस्थितिकी ज्ञान के महत्व को रेखांकित किया। विभिन्न राज्यों में प्रचलित पारंपरिक जल संरक्षण प्रणालियों के उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि ये पद्धतियाँ आज भी सतत जल प्रबंधन के लिए प्रभावी हैं।

# पर्व यात्रा का छात्र ने किया प्रतिनिधित्व

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा 18 से 24 अप्रैल तक आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा में व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग के एमबीए (टूरिज्म) के छात्र आलोक सिंह ने विश्वविद्यालय का सफलतापूर्वक प्रतिनिधित्व किया। यात्रा में प्रदेश से कुल 1008 लोगों ने प्रतिभाग किया।



सोमनाथ यात्रा का प्रतिनिधित्व करते एमबीए के छात्र आलोक सिंह व अन्य सहभागी

इसमें 11 लोगों का चयन अयोध्या से हुआ था। यात्रा का उद्देश्य भारत की आस्था संस्कृति और आत्म गौरव का भव्य उत्सव मनाए जाने का रहा। यात्रा ट्रेन द्वारा गोमती नगर रेलवे स्टेशन लखनऊ से प्रारंभ हुई थी।वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि छात्र आलोक सिंह का सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा पर्व में प्रतिभाग करना गौरव का विषय है। विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. महेंद्र पाल सिंह, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. अंशुमान पाठक, डॉ. रविन्द्र भारद्वाज ने आलोक की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

## नदिया पार उर्स मेला कार्यक्रम छह व सात मई को

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर के शहजादपुर.जौहरडीह मार्ग पर तमसा नदी के तट पर स्थित दरगाह सातो पीर में दो दिवसीय वार्षिक उर्स मेला कार्यक्रम आगामी छह और सात मई को आयोजित होगा। संयोजक मुहम्मद आजम खान की अध्यक्षता एवं पूर्व सभासद ललित कुमार श्रीवास्तव के संचालन में संपन्न बैठक में निर्णय लिया गया कि पांच मई की रात्रि में अखिल भारतीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन तथा छह की रात्रि में कौव्वाली की महफिल सजेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अकबरपुर चंद्र प्रकाश वर्मा होंगे। बताया गया कि पहले दिन मुशायरा व कवि सम्मेलन का संचालन आसिम काकोरवी करेंगे। जबकि प्रसिद्ध शायर हाशिम फिरोजाबादी, शगुफ्ता अंजुम लखनऊ, शहजादा कलीम प्रतापगढ़ी, हिमांशी बाबरा मेरठ, सलमान जफर हरदोई, रुबीना अयाज लखनऊ, सना महमूदाबादी, बेलाल सहारनपुरी, वकार फराजी अमरोहाए अफजल इलाहाबादी, अली बाराबंकवी, सैयद फराज लखनऊ, हलचल टांडवी, मतलूब टांडवी, डॉ. आलोक पांडेय अकबरपुरी तथा मंजे हुए शायर सैफ शहजादपुरी गजल, रचना व छंद से दर्शकों को आकर्षित करेंगे। इसी क्रम में दूसरे दिन मेरठ के असद साबरी-निशात साबरी कौव्वाली की महफिल सजाएंगे और उनके मुकाबिल दिल्ली के युवा फनकार कौव्वाल सुल्तान साबरी होंगे।

# अधिक उर्वरक बिक्री पर 9 दुकानों के खिलाफ कार्रवाई

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

- **जिला कृषि अधिकारी ने दो दुकानों की बिक्री प्रतिबंधित की**

**अमृत विचार।** जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण को लेकर जिला कृषि अधिकारी ने सख्ती दिखाते हुए नौ उर्वरक बिक्री केंद्रों का निरीक्षण किया, जिसमें अनियमितता पाए जाने पर 2 दुकानों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। संबंधित दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

बता दें कि माह अप्रैल तक यूरिया, डीएपी, एनपीके एवं एमओपी उर्वरकों की जनपद में पर्याप्त उपलब्धता है। वितरण के उपरांत वर्तमान में सहकारी एवं निजी क्षेत्र में यूरिया, डीएपी, एनपीके और एमओपी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। साथ ही फास्फेटिक उर्वरकों की भी उपलब्धता सुनिश्चित बताई गई है। अधिकारियों द्वारा उर्वरक विक्रेताओं से दूरभाष पर वितरण संबंधी जानकारी ली गई, जिसमें कुछ दुकानों पर निर्धारित मानकों के विपरीत अधिक बिक्री की सूचना मिली। इस पर मंगलवार को मैसर्स किसान खाद भंडार, मैसर्स अजीत खाद भंडार समेत कई दुकानों का निरीक्षण किया गया।

# मंडलायुक्त ने की मंडलीय कानून व्यवस्था की समीक्षा

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** मण्डलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में मण्डलायुक्त सभागार में पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह की उपस्थिति में मण्डलीय कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।



समीक्षा बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त। अमृत विचार

मण्डलायुक्त ने कहा कि मण्डल में संचालित अवैध गतिविधियों पर नजर रखते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अभियुक्तों के ऊपर गुण्डा एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही की जाए। मण्डलायुक्त ने तीनों जनपदों के पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि आगामी त्योहारों एवं आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये जाएं। उन्होने कहा कि पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर जनपद में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करायें। पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने मण्डलायुक्त को अवगत कराया कि विगत त्योहार-महावीर जयंती, गुड फ्राइडे, अम्बेडकर जयंती, हनुमान जयंती, परशुराम जयंती, होमगार्ड भर्ती परीक्षा आदि को पुलिस एवं प्रशासन के समन्वय से पूरी संवेदनशीलता के साथ सम्पन्न कराया गया है। इसी प्रकार आगामी त्योहारों एवं प्रस्तावित प्रतियोगी परीक्षाओं को भी सकुशल सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होने मण्डलायुक्त को अवगत कराया कि अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराते हुए सजा दिलाई गयी है। जनपद बलिया में हुई लूट की घटना में अपराधी को पकड़ा गया एवं लूट का सामान भी बरामद किया गया। महिला अपराध के विरूद्ध भी प्रभावी कार्यवाही कार्यवाही की जा रही है। उन्होने बताया कि पास्को एक्ट में प्रभावी पैरवी कराते हुए दोषी को सजा दिलायी गयी है। उन्होने कहा कि ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर सुधारात्मक कार्यवाही की गयी है, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आई है। बैठक में आजमगढ़, मऊ, बलिया के जिलाधिकारी, एसएसपी आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार, एसपी मऊ कमलेश बहादुर, एसपी बलिया ओमवीर सिंह, अभियोजन अधिकारी एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल एक युवक की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना रविवार को हुई थी, जिसके बाद युवक तीन दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझता रहा। बता दें कि सिकरोहर गांव निवासी 40 वर्षीय शिवकुमार रविवार को अपनी बाइक से हजपुरा बाजार गए थे। शाम को घर लौटते समय रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में शिवकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। मंगलवार दोपहर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद गांव लाया गया। शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था, जबकि उनके पिता जगदीश यादव गहरे सदमे में हैं। गांव में भी शोक का माहौल है और बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतक के घर पर जमा रहे। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि इस घटना के संबंध में अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## लेखपाल से अभद्रता, दो युवक हिरासत में

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** संपूर्ण समाधान दिवस में मिली शिकायत के निस्तारण के दौरान चकमार्ग की पैमाइश करने पहुंची लेखपाल के साथ दो युवकों द्वारा अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को हिरासत में ले लिया है। बता दें कि बीते संपूर्ण समाधान दिवस में उसरहा निवासी संतोष ने चकमार्ग पर अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के निस्तारण के क्रम में क्षेत्रीय लेखपाल गुलनाज बानो राजस्व टीम के साथ उसरहा गांव पहुंचीं और पैमाइश कार्य शुरू किया। इसी दौरान गांव के ही निवासी शुभम और लवकुश मौके पर पहुंच गए और लेखपाल के साथ गाली-गलौज करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने लगे। घटना से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लेखपाल गुलनाज बानो ने मामले की लिखित शिकायत मंगलवार को जलालपुर थाने में दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में कोतवाल अजय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



जनता जनार्दन इंटर कॉलेज रघुपट्टी में प्रबंधक त्रियुग नारायण तिवारी के साथ मौजूद मेधावी छात्र-छात्राएं।

## मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान, अंश और ऋतुल रहे अव्वल

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनता जनार्दन इंटर कॉलेज रघुपट्टी में मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक त्रियुग नारायण तिवारी ने मेधावियों को माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इंटरमीडिएट में ऋतुल अग्रहरि ने प्रथम, एंटीका ने द्वितीय और श्रेया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं हाईस्कूल में अंश मौर्य ने प्रथम, दिव्यांशु ने द्वितीय तथा प्रेम करी ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंश मौर्य ने संस्कृत में 97 और गणित में 99 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि दर्ज की, जिसे विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताया गया। विद्यालय में हिंदी, गृह विज्ञान और कला विषयों में भी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने विशेष योग्यता के अंक प्राप्त किए। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. मनोकानिका दुबे ने कहा कि मेधावी समारोह का उद्देश्य छात्रों का उत्साहवर्धन करना है, जिससे अन्य छात्र भी प्रेरित होते हैं और विद्यालय का नाम रोशन होता है। प्रबंधक त्रियुग नारायण तिवारी ने कहा कि विद्यालय नकलविहीन परीक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के सिद्धांत पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही विद्यालय जिला स्तरीय मेरिट सूची में अपना स्थान बनाएगा। साथ ही उन्होंने प्रधानाचार्य और सभी शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शाह आलम ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह के दौरान छात्रों में खासा उत्साह देखने को मिला।





सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शपथ ग्रहण करते छात्र संसद। अमृत विचार

## नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों ने ली जिम्मेदारी निभाने की शपथ

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर के प्रतिष्ठित सेंट पीटर्स स्कूल में सत्र 2026-27 के लिए छात्र परिषद स्कूल कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुधा यादव सीजीएम अकबरपुर एवं विशिष्ट प्रगति यादव रहीं, जिनकी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि सुधा यादव के आगमन पर स्कूल बैंड ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसके बाद प्रार्थना नृत्य और विद्यालय गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों हेड बॉय, हेड गर्ल, स्पोर्ट्स कैप्टन, हाउस कैप्टन, हेड मार्शल, हेड डिसिप्लिनेरियन एवं बैंड कैप्टन के नामों की घोषणा होते ही पूरी कैबिनेट सधे कदमों के साथ मंच पर पहुंची। प्रधानाचार्य फादर बैप्टिस्ट डिसूजा ने उनके कर्तव्यों की व्याख्या करते हुए प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उनका परीक्षण किया।

**छात्र अपने दायित्वों का ईमानदारी से करें निर्वहन :** मुख्य अतिथि सीजीएम सुधा यादव ने नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रगति यादव ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में नेतृत्व विषय पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुति भी दी गई। अंत में प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर आभार व्यक्त किया। हेड बॉय आरव सिंहल ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी को आश्वस्त किया कि वह अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करेंगे। समारोह का समापन समूह सलामी एवं राष्ट्रीय गान केसाथ हुआ।

## खनन विभाग की कार्रवाई पर उठे सवाल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** अमृत विचार। जिला खनन अधिकारी के नेतृत्व में जलालपुर तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ की गई कार्रवाई अब सवालों के घेरे में आ गई है। विभाग की टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए एक जेसीबी और तीन मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर कोतवाली पहुंचाया, जहां सभी वाहनों को सीज कर दिया गया। बता दें कि जलालपुर नगर क्षेत्र के भस्मा गांव में बिना अनुमति मिट्टी की खुदाई किए जाने की शिकायत पर जिला खनन अधिकारी कमलेश साहू ने कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर .ट्रॉली को जब्त किया। वहीं, तहसील क्षेत्र के सोहगुपुर गांव स्थित स्टार ईंट भट्ठे के पास खड़ी एक जेसीबी को भी कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया। हालांकि इस कार्रवाई के बाद भट्ठा मालिक ने खनन विभाग पर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि भट्ठे के समीप ही दूसरी मशीन से खुलेआम मिट्टी की खुदाई कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोडिंग की जा रही थी, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि विभाग ने चुनिंदा वाहनों को निशाना बनाया, जबकि अन्य अवैध खनन करने वाले मौके से फरार हो गए। इस संबंध में जलालपुर कोतवाल अजय प्रताप ने बताया कि जिला खनन अधिकारी की टीम द्वारा तीन ट्रैक्टर .ट्रॉली और एक जेसीबी को जब्त कर विधिक कार्रवाई की गई है। फिलहालए खनन विभाग की इस कार्रवाई ने अवैध खनन पर सख्ती के साथ-साथ उसकी निष्पक्षता को लेकर भी बहस छेड़ दी है।

**बैठक** | जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर योजनाओं के प्रगति की किया समीक्षा, जिम्मेदारों को दिए निर्देश

# पात्र लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से करें लाभांवित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न विकासपरक योजनाओं की योजनावार समीक्षा किया। समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं में प्रगति को निरंतर बेहतर बनाया जाए तथा कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी विभागों को शासन के मंशानुसार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी और लाभार्थीपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं से आच्छादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।





कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न विकासपरक योजनाओं की समीक्षा करतीं जिलाधिकारी ईशा प्रिया व साथ में सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से एंबुलेंस सेवाओं के रिस्पांस टाइम में और सुधार लाने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना के प्रगति में सुधार लाने और इसके अंतर्गत लाभार्थियों को शत-प्रतिशत भुगतान समय से सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर संस्थागत प्रसव की स्थिति में सुधार लाने और रेफरल रेट में कमी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित चिकित्सालयों में प्रसव से संबंधित समस्त सुविधाओ की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सभी चिकित्सालयों में शासन के मंशानुसार बेहतर से बेहतर चिकित्सीय सुविधायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। दुग्ध समितियों के गठन को लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण करने तथा निष्क्रिय समितियों का पुनर्गठन कर उन्हें पुनः क्रियाशील बनाने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी के कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए।

### सूर्यघर योजना से लोगों को करें प्रेरित

जिलाधिकारी ने पर्यटन सहित विभिन्न विभागों के अंतर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं को आगणन की विशिष्टियों के अनुरूप पूरी गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित कर योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत अपूर्ण आवासों से संबंधित लाभार्थियों से समन्वय स्थापित कर उन्हें पूरा कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा किया।

## नाला निर्माण में लापरवाही से गिरा नीम का पेड़, लगाया गया जुर्माना

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर नगर पालिका द्वारा विस्तारित क्षेत्र में जल निकासी के लिए कराए जा रहे नाला निर्माण के दौरान ठेकेदार की उदासीनता के चलते वर्षों पुराना हरा-भरा नीम का पेड़ गिर गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए वन क्षेत्राधिकारी स्नेह कुमार ने जलालपुर नगर पालिका और संबंधित ठेकेदार पर 16 हजार रुपए का आर्थिक दंड लगाया है, जिसे एक सप्ताह के भीतर जमा करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि जलालपुर से अकबरपुर मार्ग स्थित हाथी मंदिर तक जल निकासी के लिए करीब एक वर्ष पूर्व नाले की खुदाई की गई थी। इसी दौरान पेड़ की जड़ों को नुकसान पहुंचा, जिसके चलते वह सडक़ के बीचो-बीच गिर गया और आवागमन बाधित हो गया। वनक्षेत्राधिकारी स्नेह कुमार ने बताया कि मामले में 16 हजार रुपए आर्थिक दंड लगाया गया है तथा डीएफओ को पत्राचार कर मुकदमा दर्ज कराने की संस्तुति भी की गई है। स्वीकृति मिलने के बाद संबंधित पक्षों के खिलाफ विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

## बकाया मानदेय भुगतान को लेकर ऑनलाइन बैठक

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** साक्षर भारत मिशन के अंतर्गत कार्यरत शिक्षा प्रेरकों के बकाया मानदेय भुगतान के संबंध में निदेशालय द्वारा जारी आदेश के क्रम में शिक्षा प्रेरक संघ अंबेडकरनगर की एक महत्वपूर्ण बैठक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न ब्लॉकों के शिक्षा प्रेरकों एवं साक्षरता कर्मियों ने प्रतिभाग किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिक से अधिक पात्र कर्मियों का डाटा एकत्रित कर संबंधित विभाग को शीघ्र प्रेषित किया जाए, ताकि बकाया मानदेय का भुगतान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित हो सके। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राहुल पांडेय ने संगठन की ओर से हेल्पलाइन नंबर 9450494651, 9621016150, 9918468500 एवं 6388797499 जारी किए। उन्होंने बताया कि जनपद के नौ ब्लॉकों में कई ऐसे शिक्षा प्रेरक हैं, जिन्हें अभी तक मानदेय भुगतान से संबंधित सूचना नहीं मिल सकी है। ऐसे सभी साथी इन नंबरों पर संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और संगठन से जुड़ सकते हैं। टांडा शिक्षा प्रेरक संघ के अध्यक्ष पारसनाथ राना ने बताया कि टांडा ब्लॉक सहित अन्य क्षेत्रों के कई शिक्षा प्रेरक प्रपत्र जमा करने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ले रहे हैं, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे कर्मी हैं जिन्हें कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिल पाई है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में उपलब्ध कई संपर्क नंबर बंद हो जाने से सूचना के आदान-प्रदान में बाधा आ रही है।

# लुधियाना से आजमगढ़ जा रही बस पलटी, 38 घायल, 8 रेफर

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सुबह का सफर बना हादसे का सफर, चीख-पुकार के बीच ग्रामीणों ने बचाईं कई जानें

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। धनपतगंज थाना क्षेत्र में माइल स्टोन 108, पूरे चतुरी हरना हरौरा के पास लुधियाना से आजमगढ़ जा रही एक निजी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार 38 यात्री घायल हो गए, जिनमें 8 की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया।

मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे लुधियाना से आजमगढ़ जा रही बस के चालक का नियंत्रण खो गया, जिससे बस सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और यात्री मदद के लिए गुहार लगाने लगे। आसपास के ग्रामीणों ने बिना देर किए राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बस से बाहर निकालकर पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक चारू निगम, क्षेत्राधिकारी बल्दीराय आशुतोष कुमार, थानाध्यक्ष धनपतगंज अंजू मिश्रा समेत कई थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य तेज किया। सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जिला अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। घायलों में मुरली भारद्वाज, गुलशन राजभर, शीला देवी, अमन कुमार, रामचंद्र (अहरौला, आजमगढ़), मित्थू, रामसेवक, निर्मला, आदर्श, अनीशा, सुमन, अंगद, दुर्गावती, मुरुक नारायण, आशीष राजभर, अंजली राजभर, मीरा, शिवम, विजय कुमार, राममूरत, रामू, नीरज, मनराज, दीपचंद, महंत सहित अन्य शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल सनाया यादव (5), धनुषधारी (35), सरिता (32), मुरली भारद्वाज (34), रजनीश (डेढ़ वर्ष), रामू (40), प्रियांशी (4) और दुर्गावती (40) को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही को दुर्घटना की मुख्य वजह माना जा रहा है।


घटना के बाद बिखरा सामान और बचाव करते लोग।


घायलों से घटना के बारे में जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

### डेढ़ वर्षीय मासूमों समेत दम्पत्ति घायल

**सुलतानपुर :** भीषण हादसे ने आजमगढ़ जनपद के चकभाई सिधारी मोहल्ले के चार घरों को गहरे सदमे में डाल दिया। इस दुर्घटना में डेढ़ वर्षीय मासूमों समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। घायलों में धनुषधारी यादव (35) पुत्र राजकुमार, उनकी पत्नी सरिता (30) व पुत्र सत्य (6) शामिल हैं। वहीं राजेश गिरी (35) पुत्र छोटेलाल, पत्नी डिंपल (32) व पुत्रियां प्रियांशी (4) और अनन्या (6) भी घायल हुए हैं। इसके अलावा शनि (46) पुत्र जियालाल, उनकी पत्नी रोजी (23) व डेढ़ वर्षीय पुत्र अंश, तथा विशाल (31) पुत्र जयप्रकाश, पत्नी संगीता (23) व डेढ़ वर्षीय पुत्र रजनीश भी हादसे में जख्मी हो गए। एक ही मोहल्ले के कई परिवारों के घायल होने से पूरे इलाके में मातम और दहशत का माहौल है। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां उनकी हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### संग्रह अमीन हत्याकांड में नही दर्ज हो सके पूरक बयान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बहुचर्चित संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव हत्याकांड में मंगलवार को आरोपियों के पूरक बयान बचाव पक्ष के मौका लेने के कारण नही दर्ज हो सके। एडीजीसी पवन कुमार दूबे ने बताया अदालत कोर्ट न्यायाधीश संध्या चौधरी की अदालत ने मामले में आरोपियों जलालुद्दीन, मोइनुद्दीन, वशीर खान व हरिफूल शुक्ल के बयान के लिए सात मई की तारीख निर्धारित की है, जबकि शेष अन्य आरोपियों के बयान दर्ज हो चुके है। मामला अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना क्षेत्र में वर्ष 2023 में हुई दोहरे हत्याकांड से जुड़ा है। मामले में जलालुद्दीन सहित 13 आरोपितों पर विचारण चल रहा है।

### ढाबे पर खड़े युवक पर हमला, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शाहगंज गांधी नगर निवासी प्रदीप गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 अप्रैल की रात करीब 10 :30 बजे वह गुप्ता ढाबा के पास खड़े थे। तभी शालू अग्रहरि, हर्ष अग्रहरि, आयुष चौरसिया व अन्य हमलावरों ने उन पर धावा बोल दिया। आरोप है कि गाली-गलौज करते हुए हमलावरों ने लाठी-डंडों और ईटों से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही बेहोश हो गए। चीख-पुकार सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा और उन्हें भी पीट दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। नगर कोतवाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### धरौली की बिजली आपूर्ति 2 सप्ताह से ठप

**भदैंया, सुलतानपुर अमृत विचार :** विकास खंड के धरौली गांव में पिछले दो सप्ताह से बिजली आपूर्ति ठप पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तेज तूफान के दौरान पेड़ गिरने से तीन बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिसके कारण करीब दस घरों में अंधेरा छा गया। ग्रामीणों के अनुसार घटना के तीन दिन बाद बिजली विभाग ने टूटे हुए खंभों को तो खड़ा कर दिया, लेकिन अब तक उन पर तार नहीं जोड़े गए हैं। इसके चलते बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है और लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासी मुरली, आशीष और दीपक ने बताया कि उन्हें लगातार जल्द समाधान का आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। वहीं विभाग के लाइनमैन दीपक ने कहा कि जल्द ही तार जोड़कर बिजली बहाल कर दी जाएगी।

# छेड़छाड़ के दो दोषियों को 3 साल की कैद

● कोर्ट ने दोषियों पर 30 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बाजार शुकुल थानाक्षेत्र के एक गांव में 6 साल पूर्व 14 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के सेवरा निवासी आरोपी सुशील कुमार यादव व राशिद खान को स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट नीरज श्रीवास्तव की अदालत ने मंगलवार को दोषी ठहराते हुए 3 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 15-15 हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदंड की सम्पूर्ण रकम बतौर क्षतिपूर्ति कोर्ट ने पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है। छह साल पूर्व की घटना में दर्ज हुए केस मे पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया था कि आरोपियो ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ घर मे घुसकर छेड़छाड व अश्लील हरकते की। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड समेत अन्य आरोप में चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमें के दौरान पेश किए गये गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपियों को घर में घुसकर छेड़छाड का दोषी ठहराते हुए तीन साल की सजा सुनाई।

### जानलेवा हमले के आरोपी को राहत

बंधुआ कला थाना क्षेत्र के बबुरी में कार्यक्रम के दौरान बम से हमला करने के भोज तिवारी का पुरवा निवासी आरोपी ध्रुव तिवारी को अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय को सुनने के बाद सेशन जज सुनील कुमार की अदालत ने राहत देते हुए जमानत मंजूर कर ली है। बीती 25 फरवरी की घटना में बबुरी अलीगंज निवासी आरती सिंह ने वरीक्षा में आयोजित रामायण पाठ के दौरान की घटना में बम से हमला करने के आरोप में विष्णु प्रभाकर, आशीष पांडेय, ध्रुव तिवारी, उज्ज्वल सिंह व तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### कुर्क संपत्ति पर स्टे से इंकार वादी की अर्जी खारिज

सिविल जज (प्रवर खंड) की अदालत ने कुर्क संपत्ति पर स्टे देने से इन्कार करते हुए वादी की अर्जी खारिज कर दी। विपक्षी पक्ष के अधिवक्ता अब्बास अहमद खान ने बताया कि दरियापुर निवासी मो. समीर ने बैनामे की जमीन बताते हुए सरवर खां व फरमान के विरुद्ध वाद दायर कर स्थगन आदेश की मांग की थी। अदालत में दलील दी गई कि विवादित भूमि की शिनाख्त स्पष्ट नहीं है और उक्त जमीन पर पूर्व में प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए उसे कुर्क कर एसडीएम सदर के अधीन रखा गया है। न्यायालय ने पाया कि वादी प्रथम दृष्टया अपना दावा सिद्ध नहीं कर सका तथा महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया गया है। साथ ही, अमीन कमिश्नर की रिपोर्ट में मौके पर निर्माण कार्य होना भी पाया गया। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने स्टे की अर्जी खारिज कर दी। वादी पक्ष ने इस आदेश को जिला जज की अदालत में चुनौती देने की बात कही है।

### सांसद संजय सिंह पर दर्ज केस में सुनवाई 6 को

बिजली कटौती के विरोध में शहर के ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने सड़क जामकर प्रदर्शन करने के मामले में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह व पूर्व सपा विधायक अनूप संडा समेत अन्य के विरुद्ध दर्ज केस में मंगलवार सुनवाई टल गई। एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत मे अब सुनवाई 6 मई को होगी।

### बीमा कंपनी को 2.82 लाख अतिरिक्त भुगतान का आदेश, स्थाई लोक अदालत का फैसला

**संवाददाता, सुलतानपुर :** स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष राधेश्याम यादव व सदस्यगण मृदुला राय व रमेश चंद यादव ने बीमा क्लेम में भारी कटौती के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी को याची को अतिरिक्त धनराशि देने का आदेश दिया है। अदालत ने पाया कि वाहन क्षति के मामले में कंपनी द्वारा पूर्ण भुगतान न करना सेवा में कमी की श्रेणी में आता है। मामले के अनुसार, गोसाईगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पठानीपुर निवासी मो0 नोइद ने अपनी ट्रक का बीमा कराया था। फरवरी 2025 में बिहार में सड़क दुर्घटना में वाहन गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। याची ने वाहन की मरम्मत पर कुल लगभग 6 .69 लाख रुपये खर्च किए, जबकि बीमा कंपनी ने मात्र 1.36 लाख रुपये का ही भुगतान किया। याची द्वारा बार-बार अनुरोध और विधिक नोटिस देने के बावजूद शेष धनराशि का भुगतान नहीं किया गया, जिसके बाद मामला स्थायी लोक अदालत में पहुंचा।

### घर बुला किया धारदार हथियार से हमला, केस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार थाना क्षेत्र के पूरे चेरे मिश्र का पुरवा निवासी पुण्यवासी ने बताया कि 25 अप्रैल की शाम बातचीत के बहाने उसे प्रतापपुर गांव बुलाया गया। वह साथी हसरत और बेटी किरन के साथ आरोपी राकेश के घर के पास पहुंचे, राकेश और उसके एक साथी ने जमीन अपने नाम कराने का दबाव बनाया। मना करने पर दोनों आरोपी भड़क उठे और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। इसी दौरान राकेश ने धारदार हथियार से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़े। तत्काल 112 और 108 पर सूचना देकर एम्बुलेंस बुलवाई और उसको अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। होश में आने के बाद उसने पुलिस को तहरीर दी। कुड़वार थाना प्रभारी ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# डीएम ने ईवीएम स्ट्रांग रूम का लिया जायजा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को रायबरेली रोड स्थित अंकारीपुर, दूबेपुर में स्थापित ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट मशीनों के रखरखाव के साथ-साथ स्ट्रांग रूम, रिजेक्टेड यूनिट कक्ष, सीसीटीवी कैमरों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह चाक-चौबंद रखी जाएं।


ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते डीएम इंद्रजीत सिंह। ● अमृत विचार

● मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व अधिकारी रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। गौरतलब है इस वेयर हाउस में सुलतानपुर, सदर, लम्भुआ और कादीपुर विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम व वीवीपैट मशीनें सुरक्षित रूप से सील बंद रखी गई हैं। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इस मौके पर विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# बॉयलाज संशोधन पर काली पट्टी बांधकर जताया आक्रोश

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले के अधिवक्ता संघ की नियमावली में प्रस्तावित संशोधनों पर अधिवक्ताओं ने मंगलवार को दीवानी कोर्ट में विरोध जताया और नारेबाजी की। वकीलों ने पदाधिकारियों से अविलंब प्रस्ताव रद करने की मांग की।

बार एसोसिएशन की नियमावली में प्रस्तावित संशोधनों को हितों के विरुद्ध बताते हुए अधिवक्ता अरविन्द सिंह राजा ने इसे रद्द करने की मांग की। पूर्व सचिव रविकांत मिश्र और बद्री प्रसाद पाण्डेय ने इसे वकीलों के साथ विश्वासघात बताया। सचिव प्रत्याशी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, रोहित अवस्थी, और रवि पांडेय ने अध्यक्ष और पदाधिकारियों द्वारा इसे निजी फायदे के लिए लागू करने की मंशा बताई। आक्रोशित वकीलों ने सभाकक्ष में हंगामेदार बैठक की। इस मौके पर मदन तिवारी, रोहित अवस्थी, विश्वम्भर नाथ शुक्ल, सूर्यनाथ यादव, बलराम तिवारी, जेपी तिवारी, शिवाकृष्ण पाण्डेय, विमल दूबे, समीर पांडेय आदि मौजूद रहे। बार अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह व महासचिव दिनेश कुमार दूबे ने कहा कि बैठक 30 अप्रैल को निर्धारित है जिसमे बाइलाज संशोधन पर विचार विमर्श होगा। ऐसा कृत्य अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

# सड़क के विवाद में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, 17 पर केस

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** चांदा थाना क्षेत्र के कल्यानपुर रामपुर गांव में मामूली सड़क विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले जिससे पूरे गांव में मारपीट हो गई। 27 अप्रैल की दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि गांव में दो गुट लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। सूचना पर उपनिरीक्षक वीरेन्द्र मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि दोनों पक्ष- कमलेश निषाद पक्ष और विक्रमाजीत पक्ष सड़क से वाहन निकालने के विवाद को लेकर आमने-सामने थे। दोनों ओर से गाली-गलौज के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। स्थिति इतनी भयावह हो गई कि पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन वे और उग्र हो गए। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने हालात पर काबू पाया और ग्रामीणों को समझाकर शांति स्थापित कराई। चांदा कोतवाल ने बताया कि दोनों पक्षों के 17 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सुलह करो वरना उठा लेंगे नर्सिंग की छात्रा, दी धमकी

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** धनपतगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्रा ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि पड़ोसी गांव निवासी युवक लंबे समय से उसके साथ रास्ते में अश्लील हरकतें करता रहा है। छात्रा के अनुसार, उसने पहले भी आरोपी के खिलाफ थाना धनपतगंज में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। इसके बावजूद आरोपी का उत्पीड़न लगातार बढ़ता गया। हाल ही में जिला अस्पताल में प्रशिक्षण के दौरान भी आरोपी उसका पीछा करता रहा और सहेलियों से उसकी जानकारी जुटाने की कोशिश की। घटना 25 अप्रैल की सुबह की है, जब आरोपी ने कुट्टा चौराहे के पास छात्रा को घेरकर सुलह का दबाव बनाया और धमकी दी कि हमारी हो जाओ नहीं तो तुम्हें जबरन उठवा लेंगे। स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने पर छात्रा ने एसपी से गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर धनपतगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# कृष्ण की बाल लीलाएं सुन भक्त मंत्रमुग्ध

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले के नारायणपुर मोहल्ला स्थित दुर्गापुर, लक्ष्मणपुर कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के दूसरे दिन से ही बड़ी संख्या में श्रोता पहुंच रहे हैं, वहीं पांचवें दिन कथा व्यास आचार्य स्वतंत्र मिश्र (अयोध्या धाम) ने पूतना वध और भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम में मुख्य यजमान सुमित्रा मिश्रा सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के दौरान रुक्मिणी विवाह प्रसंग भी सुनाया जाएगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। आयोजन में धर्मेंद्र त्रिपाठी, आचार्य अभय द्विवेदी, अंकित तिवारी व आशीष का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने बताया कि कथा का समापन 30 अप्रैल को होगा, जबकि 1 मई को हवन, महाप्रसाद व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक दीनबंधु सिंह की संगीतमय प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।


कथा व्यास की आरती उतारते कथा आयोजक। ● अमृत विचार

● परमात्मा को प्राप्त करने के लिए दो साधन ज्ञान व भक्ति: स्वतंत्र मिश्र

## कार्यक्रम

पुरुषोत्तम सिंह इंटर कॉलेज में उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

# मेधावियों को सम्मानित कर किया गया उत्साहवर्धन

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के सिंहनी स्थित पुरुषोत्तम सिंह इंटर कॉलेज में मंगलवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

हाईस्कूल में आस्ती मिश्रा ने 567 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अर्चिता पांडेय 561 अंकों के साथ दूसरे और कशिश 560 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं इंटरमीडिएट में ओमेंद्र शुक्ला ने 443 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। समय ने दूसरा और प्रिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य गोविंद सिंह ने सभी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अवसर पर गणित विषय में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले चार शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ व अभिभावक मौजूद रहे।


मेधावी छात्रा आस्ती मिश्रा को सम्मानित करते प्रधानाचार्य गोविंद सिंह। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री अभ्युदय प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम जारी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग हेतु प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 10 अप्रैल से 5 जून तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 8 जून को जेईई व नीट तथा 15 जून को यूपीएससी/यूपीपीएससी, एसएससी, एनडीए व सीडीएस के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर 01 :30 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा परिणाम 19 जून को जारी होगा जबकि कोचिंग सत्र एक जुलाई से प्रारंभ होगा। आवेदन पत्र विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, राणा प्रताप पीजी कॉलेज स्थित अभ्युदय केंद्र तथा सभी विकास खंड कार्यालयों से प्राप्त व जमा किए जा सकते हैं। योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया व कोचिंग पूर्णतः निशुल्क है। पात्रता के अनुसार जेईई/नीट के लिए इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग, जबकि सिविल सेवा व सीडीएस के लिए स्नातक स्तर के छात्र आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी अभ्युदय पोर्टल या कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

### डाक्टर के मकान से सात लाख की चोरी

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र के पांचो पीरन इलाके में एक निर्माणाधीन भवन से लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। डा. शैलेन्द्र त्रिपाठी के अनुसार सुलतानपुर हेल्थ क्लब के पास बन रहे उनके मकान में बीते 26-27 अप्रैल की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। सुबह मिस्त्री से सूचना मिलने पर जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि भवन के दो तलों में लगी एसी की कापर पाइप, कापर वायर और अन्य महंगे बिजली उपकरण गायब थे। चोरी गए सामान की कीमत करीब सात लाख रुपये बताई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर सामने आया कि रात 12 बजे से 02 :30 बजे के बीच पांच बदमाशों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया है पूरी घटना कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
महेशचंद्र भाटिया पुत्र अमीरचंद्र भाटिया निवासी कृष्ण क्रांति अपार्टमेंट फ्लैट न. 301 पांडुनगर कानपुर का मूल आवंटन पत्र (11132 दिनांक 01.09.2006) एवं मूल कब्जा पत्र कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। मो0- 9793012777

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष-2013 रोल 1768532 के प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कही खो गये हैं। **अनूप कुमार पुत्र सुगर सिंह पुर्वा-उदई पोस्ट- मढोकमीत जनपद औरैया**

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष - 2011 रोल नं0- 1611879 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **कु0 इशरत पुत्री रियासुद्दीन ग्रा0- मनिहारन करहल - मैनपुरी**

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष - 2005 रोल 1313634 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2007 रोल 0750459 के अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **अर्चना पुत्री राम कुमार निवासी-नेविलगंज अछल्दा जनपद-औरैया**

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2009 रोल नं0- 1495379 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष - 2011 रोल नं0- 0882870 के प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **कु0 शिवानी दीक्षित पुत्री प्रदीप कुमार दीक्षित, निवासी- जवाहर नगर विधूना जनपद औरैया**

**सूचना**
सूचित हो कि हम शारदा देवी पत्नी प्यारे लाल निवासिनी - 463 B हिन्द नगर कानपुर रोड L.D.A. लखनऊ की रहने वाली है अपने पुत्र विशाल दास व पुत्रवधु दिपाली चौहान को उनके अनैतिक कृत्यो से क्षुब्ध होने के कारण हम उपरोक्त से सम्बंध समाप्त कर चुके है इनके द्वारा किये गये कृत्यों एवं सव्यवहारो से हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं है।

**सूचना**
हम **जाकिर पुत्र जिलानी व रेशमा पत्नी जाकिर निवासीगण-ग्राम चन्दूरा पोस्ट व थाना कोतवाली मोहम्मदपुर खाला तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी** , हम अपने सबसे बड़े लड़के शादाब पुत्र जाकिर व उसकी पत्नी तैयाबा पत्नी शादाब के गलत चाल-चलन के कारण अपने पुत्र व बहू को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे है। यदि पुत्र शादाब व उसकी पत्नी तैय्यबा के द्वारा कोई कृत्य, वाद-विवाद, लेन देन, करते है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगे। हमारा किसी भी प्रकार का कोई लेना-देना नहीं है। ना तो किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार ही रहेगा।

**सूचना**
मैं **मुकेश कुमार यादव पुत्र जगदीश चन्द्र यादव निवासी ग्राम खरगपुर, सेक्टर-14, प्राइमरी विद्यालय, इन्दिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0,** मेरी पुत्री अक्षिता यादव की बैंक पासबुक जिसकी खाता संख्या 3699681606 है में पुत्री का नाम एंजल पुत्री मुकेश कुमार यादव अंकित है। जबकि पुत्री के आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में पुत्री का नाम अक्षिता यादव अंकित है, जो कि सत्य व सही है। अतः पुत्री के बैंक पासबुक में पुत्री का सही नाम अक्षिता यादव अंकित किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम KANCHAN AKHILESH KUMAR था जिसे बदलकर KANCHAN SINGH रख लिया है। अब मुझे KANCHAN SINGH के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0- AKHILESH KUMAR ADD-2A, T8,-904 MANDAKINI ENCLAVE AVADH VIHAR YOJNA SECTOR-2A GUSVAK KALA PO-BARAUNA DIST-LUCKNOW-226002 (U.P.)

**सूचना**
मैं **मो0 इरफान पुत्र श्री मो0 मोतीन निवासी ग्राम व पोस्ट ऊँचगाँव मजरे खालिश बाहरपुर थाना बाजार शुकुल परगना जगदीशपुर तहसील मुसाफिरखाना जिला अमेठी**, मेरे पासपोर्ट पर Irafan लिखा हुआ है जो कि गलत है जिसका पासपोर्ट नंबर L9650324 है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम Mohd Irfan है जो आधार कार्ड नंबर 857721518956 व पैन कार्ड AGSPI0936R पर अंकित है अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम Mohd Irfan अंकित किया जाय।

**सूचना**
मै **रामखेलावन पुत्र भभूती निवासी ग्राम पूरे बेन सिंह मजरे पिण्डारा करनाई परगना व तहसील मुसाफिरखाना जनपद अमेठी** , सशपथ घोषणा करता हूँ कि मेरे तीन पुत्र क्रमशः चिरंजीव यादव , चौम्पियन यादव , मनीष यादव है। मेरा पुत्र चौम्पियन यादव जिनका चाल चलन एवं आचरण ठीक नहीं रहता है आये दिन लड़ाई झगड़ा एवं अन्य प्रकार के गैर समाजिक कृत्य किया करते है। इनके इस कृत्य से मै मानसिक एवं आर्थिक रूप से बहुत ही परेशान हूँ मैं अपने मंझिले पुत्र चौम्पियन यादव को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ आज से मेरा और चौम्पियन यादव कोई रिश्ता नहीं रह गया है न ही उसके द्वारा किये गये किसी भी अवैध कृत्य के लिए जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
मेरे पुत्र दिलीप कुमार का चाल-चलन अच्छा नहीं है। मैं अपने इस पुत्र के गलत व्यवहार से असंतुष्ट होकर उसे अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब भविष्य में उसके किसी भी अनैतिक कार्य या कथन के लिए दिलीप कुमार स्वयं जिम्मेदार होगा। **सुरेश चन्द्र पुत्र स्व. ओमकार नाथ, निवासी ग्राम व पोस्ट - राजेपुर ब्लाक व थाना - फतेहपुर चौरासी तहसील - बांगरमऊ, जिला - उन्नाव**

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग को अगवा करने का आरोप

**मनकापुर, गोंडा :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी के लापता होने के मामले में पिता ने गांव के ही एक युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि बीते शनिवार को एक शादी समारोह में बरात गए हुए थे। घर पर उनकी पत्नी और नाबालिग पुत्री मौजूद थीं। देर रात जब वह लगभग एक बजे वापस लौटे तो पुत्री के घर पर न मिलने पर परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं लग सका। मामले को लेकर परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर संदेह जताया है कि वह किशोरी को फुसलाकर भगा ले गया है।

# मेडिकल कॉलेज में कमिश्नर का छापा, खामियों पर फटकारा

- खराब मिला कूलर, पंखा और वेंटिलेटर, औचक निरीक्षण में खुली स्वास्थ्य सेवाओं की पोल
- मेडिकल कॉलेज में फैली अव्यवस्था पर अमृत विचार ने प्रमुखता से छापी थी खबर

संवाददाता गोंडा


गोंडा मेडिकल कॉलेजः एसी में डॉक्टर, बिना पंखे के मरीज

मंगलवार के अंक में छपी खबर। अमृत विचार


निरीक्षण के दौरान सीएमएस से जानकारी लेतीं आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल।

**अमृत विचार:** जिले के मेडिकल कालेज की खामियों को लेकर मंगलवार को अमृत विचार में छपी खबर का संज्ञान लेते हुए देवी पाटन मंडल की कमिश्नर दुर्गा शक्ति नागपाल ने मेडिकल कालेज का औचक निरीक्षण किया। इस औचक निरीक्षण में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत उजागर कर दी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में साफ-सफाई से लेकर उपकरणों की कई खामियां सामने आईं, जिस पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुए जिम्मेदारों को कड़ी फटकार लगाई और व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए।

अमृत विचार ने रविवार का रात जिले के मेडिकल कालेज का रियलिटी चेक किया था। इस दौरान अस्पताल में अव्यवस्थाओं का इंकार मिला था। वार्ड में लगे पंखे खराब छेद और मरीज गर्मी से जूझ रहे थे जबकि डॉक्टर एसी कमरों में आराम करते मिले थे। अस्पताल की लॉबी में तीमारदार फर्श पर लेटे मिले थे जबकि इमरजेंसी वार्ड में मरीज कराह रहे थे तौर डाक्टर व फार्मासिस्ट अपनी कुर्सी पर आराम फरमाते दिखे थे। इस समस्या को अमृत विचार ने अपने मंगलवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। अस्पताल की दयनीय हालत की खबर का संज्ञान लेते हुए आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को अचानक मेडिकल कालेज पहुंच गईं। आयुक्त ने इमरजेंसी, ओपीडी और विभिन्न वार्डों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान कई मरीजों के बेड पर गंदी और पुरानी चादरें पाई गईं, जिस पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। साथ ही गर्मी को देखते हुए वार्डों में कूलर नियमित रूप से चालू रखने के निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एक वेंटिलेटर खराब मिला, जिस पर आयुक्त ने तत्काल उसे ठीक कराने और सभी चिकित्सा उपकरणों की नियमित जांच सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा अस्पताल में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए गए। इस अव्यवस्था पर कमिश्नर ने अस्पताल के सीएमएस डा. अनिल तिवारी, अधीक्षक डा. डीएन सिंह, कार्यवाहक प्राचार्य डा. बीना सिंह को कड़ी फटकार लगाई। आयुक्त ने साफ कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि व्यवस्थाओं में तुरंत सुधार लाया जाए और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता बरती जाए।

## पुरानी रंजिश में छप्पर में लगाई आग, सामान राख

**तरबगंज, गोंडाः** स्थानीय थाना क्षेत्र के भिखारीपुर कला के मजरा हड़ियांगाड़ा में पुरानी रंजिश के चलते छप्पर में आग लगाने का मामला सामने आया है। आग से छप्पर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित सरजू प्रसाद के अनुसार, 21 अप्रैल की रात करीब 11 बजे गांव के एक व्यक्ति ने रंजिश के चलते छप्पर में आग लगा दी। इसी छप्पर के नीचे परिवार खाना बनाता था। अब उनके सामने परेशानी खड़ी हो गई है। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# दिनदहाड़े सर्राफा व्यापारी से लाखों रुपये की लूट

## अपाचे बाइक सवार तीन बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

- कनपटी पर कट्टा सटाकर बैग में रखा 50 ग्राम सोना, एक किलो चांदी और नकदी ले गए लुटेरे

करनैलगंज, गोंडा



**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार सुबह दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात से कस्बे में सनसनी फैल गई। अपाचे बाइक से आए तीन बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी को रास्ते में रोककर कनपटी पर कट्टा सटा दिया और लाखों रुपये के जेवरात व नकदी से भरा बैग लूटकर फरार हो गए।

नगर के सदर बाजार निवासी राजन सोनी पुत्र सीताराम सोनी की नरायनपुर मार्ग स्थित सम्मन भान चौराहे के पास ज्वेलरी की दुकान है। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे वह घर से दुकान जा रहे थे। पीड़ित के अनुसार बाबू श्याम मंदिर से कुछ दूर आगे बढ़ते ही पीछे से आए अपाचे सवार तीन युवकों ने उन्हें ओवरटेक कर रोक लिया। जब तक वह कुछ समझ पाते, एक बदमाश ने कनपटी पर कट्टा सटा दिया। इसके बाद बदमाश उनका बैग छीन ले गए, जिसमें करीब 50 ग्राम सोना, एक किलो चांदी और 40 हजार रुपये नकद रखे थे। आरोपियों ने उनका मोबाइल भी छीन लिया, ताकि वह तत्काल किसी को सूचना न दे सकें। पीड़ित ने शोर मचाया और पीछा करने का प्रयास किया तो बदमाशों ने गोली मारने की धमकी दी और तेज रफ्तार से फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से व्यापारियों में दहशत और रोष व्याप्त है। घटना में एक नया मोड़ भी सामने आया है। पीड़ित ने बताया कि वारदात से करीब 10 मिनट पहले उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों ने पहले रेकी की और फिर सुनियोजित ढंग से वारदात को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र में नाकेबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिल गई है। संदिग्ध मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लेकर जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

## मारपीट के तीन मामलों में दो महिलाओं समेत आठ पर मुकदमा

**मनकापुर, गोंडा :** कोतवाली क्षेत्र में मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी के तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस ने पीड़ितों के तहरीर पर दो महिलाओं सहित आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पहले मामले में ग्राम विरतिहा पुरवा करौहा मान निवासी आशुतोष पाण्डेय ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि सोमवार की शाम करीब 4 बजे, जब वह अपने मेडिकल स्टोर पर अकेले थे, तभी उमेश मिश्रा, दीपू पाण्डेय व मनीराम यादव मोटरसाइकिल से पहुंचे और उनके पिता के बारे में पूछताछ करने लगे। पिता के न होने की जानकारी देने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आशुतोष के साथ मारपीट की गई। शोर सुनकर पहुंचे उनके बाबा रामसूरत पाण्डेय व छोटे भाई रुद्वीश पाण्डेय को भी आरोपियों ने गाली दी और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। दूसरे मामले में ग्राम बंजरिया झिलाही बाजार निवासी जगन्नाथ दूबे ने आरोप लगाया कि रंजिश के चलते अंकुर सोनी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। वहीं तीसरे मामले में ग्राम चौबेपुर मजरा हरदीनपुरवा निवासी मोहनी देवी ने दर्ज केस में कहा कि जमीनी विवाद को लेकर सुशीला, श्रवण कुमार मौर्या, मंजू व नितिन मौर्या ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर मोहनी देवी व उनके जेठ हंसराज मौर्या के साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई।

## सरयू नदी में डूबे युवक का चार दिन बाद मिला शव, परिजनों में कोहराम

**नवाबगंज, गोंडा :** थाना क्षेत्र के सरयू घाट चौकी अंतर्गत महेशपुर गांव के पास सरयू नदी में डूबे युवक का शव घटना के चार दिन बाद मंगलवार सुबह बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान शरद कौशल (32) पुत्र रमेश चंद्र कौशल, निवासी चौरी गांव, थाना परशुरामपुर, जनपद बस्ती के रूप में हुई है। वह एक परिचित के घर अंतिम संस्कार में शामिल होने आया था। बीते शनिवार को गांव के मस्तराम की मां के दाह संस्कार के बाद शरद कौशल महेशपुर गांव के पास सरयू नदी में स्नान करने चला गया। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना सरयू घाट चौकी प्रभारी संजीव सिंह को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया युवक की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। अभियान में अयोध्या की जल पुलिस की भी मदद ली गई। उन्होंने बताया कि लगातार खोजबीन के बाद मंगलवार सुबह महेशपुर गांव के पास नदी किनारे शव उतराता हुआ मिला।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित


अच्छे अंक पाने वाले सम्मानित मेधावी। अमृत विचार

**बेलसर, गोंडा :** राज नरायन राम गनेश इंटर कॉलेज आजाद नगर बेलसर में अच्छे अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को संस्था के संस्थापक ने सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं से कहा कि मेहनत करने वाले बच्चों की अलग पहचान होती है। इस अवसर पर कालेज के इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान कु. प्रियांशी, द्वितीय कु. सीमा, तृतीय स्थान आदर्श सिंह प्राप्त किया हाई स्कूल में अखिलेश वर्मा, द्वितीय गौरव तिवारी, तृतीय स्थान आकाश कुमार ने प्राप्त किया कॉलेज की प्रधानाचार्य विमलेश शुक्ला, श्रीमतीअनीता शुक्ला, कु. कंचन उपाध्याय, पवन कुमार तिवारी अयोध्या प्रसाद प्रजापति, अवनीश तिवारी, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

## वृद्धाश्रम के निरीक्षण में बुजुर्गों से किया संवाद


वृद्धाश्रम में बुजुर्ग से बात करतीं सचिव अंकिता सिंह। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोंडा की सचिव अंकिता सिंह ने मंगलवार को पंतनगर स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बुजुर्गों से संवाद कर उनका हाल जाना। उन्होंने बढ़ती गर्मी को देखते हुए कूलर और पंखों को दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने किचन में बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता भी परखी। उन्होंने बुजुर्गों के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली। उन्होंने पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। इस दौरान वृद्धाश्रम में आवासित 68 बुजुर्गों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में भी विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल बृज लाल तिवारी व वृद्धाश्रम के केयरटेकर आदि मौजूद थे।

## एसडीएम की पहल पर वकीलों का आंदोलन खत्म

**करनैलगंज, अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा की पहल पर तहसील परिसर में पिछले ढाई महीने से चल रहा अधिवक्ताओं का धरना-प्रदर्शन मंगलवार को समाप्त हो गया। एसडीएम और अधिवक्ताओं के बीच हुई वार्ता के बाद आंदोलन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। मंगलवार को एसडीएम नेहा मिश्रा स्वयं धरना स्थल पर पहुंचीं और आंदोलनरत अधिवक्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने बार और बेंच के बीच चल रहे गतिरोध को समाप्त कराने तथा न्यायिक कार्यप्रणाली को सुचारु बनाने का ठोस आश्वासन दिया। एसडीएम के आश्वासन के बाद बार एसोसिएशन अध्यक्ष श्यामधर शुक्ला व महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं की मौजूदगी में सर्वसम्मति से धरना स्थगित करने की घोषणा की। एसोसिएशन की ओर से जारी पत्र में कहा गया कि न्यायालय की कार्यप्रणाली केवल औपचारिक न होकर धरातल पर न्याय देती हुई दिखनी चाहिए। एसोसिएशन ने निर्णय लिया कि 29 अप्रैल से सभी न्यायालयों में पूर्व की भांति कार्य प्रारंभ होगा। आंदोलन समाप्त होने से वादकारियों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि लंबे समय से न्यायालयी कार्य प्रभावित होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही थी।

## कार्यकारिणी का गठन, खुशी बनीं अध्यक्ष

मीना मंच


मीना मंच के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार:** विखं परसपुर के उप्रावि बेलवा नोहर में बालिकाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से मीना मंच की कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अध्यक्ष पद के लिए जीनत, खुशी, नैना और मोनिका ने नामांकन किया, जिसमें खुशी ने 49 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उन्होंने प्रतिद्वंदी जीनत को 26 मतों से पराजित किया। चुनाव में कुल 122 बच्चों ने मताधिकार का प्रयोग किया। मीना मंच के सुगमकर्ता मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया अन्य पदों पर सक्रिय बालिकाओं को मनोनीत किया गया। रंजना यादव को सचिव, मोनिका को कोषाध्यक्ष तथा आस्था, रुनझुन और नैना को पावर एंजेल बनाया गया। इसके साथ ही 11 अन्य छात्राओं को सक्रिय सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मीना मंच का उद्देश्य बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता विकसित करना है। इस अवसर पर सभी चयनित पदाधिकारियों को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। शिक्षक महेश कुमार ने छात्राओं को उनके कर्तव्यों की शपथ दिलाई और कहा कि मीना मंच के माध्यम से बालिकाएं विद्यालय में स्वच्छता, नामांकन, नियमित उपस्थिति और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगी।

## आग से तीन घर जले, लाखों का नुकसान


नौव्वन पुरवा में आग से जल रहा छप्पर। अमृत विचार

**परसपुर, गोंडा :** क्षेत्र के पसका ग्राम पंचायत अंतर्गत इकनिया मांझा के नौव्वन पुरवा में आग से एक ही परिवार के तीन फूस के छप्पर राख हो गए। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया जा सका। अचानक लगी आग का कारण शॉर्ट सर्किट अथवा चूल्हे से निकली चिंगारी माना जा रहा है। आग इतनी तेजी से फैली कि राम करन समेत परिवार के तीन सदस्यों के छप्परनुमा घर उसकी चपेट में आ गए। अग्निकांड में घर में रखा अनाज, कपड़े, बिस्तर, बर्तन व अन्य जरूरी गृहस्थी का सामान पूरी तरह जल गया। ग्रामीणों की तत्परता से आग को अन्य घरों तक फैलने से रोक लिया गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने राजस्व विभाग से नुकसान का आकलन कर शीघ्र राहत उपलब्ध कराने की मांग उठाई है।

## पुलिस महकमे में फेरबदल, निरीक्षक व उपनिरीक्षक का हुआ स्थानांतरण

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** एसपी विनीत जायसवाल के जारी आदेश के तहत तीन निरीक्षकों और आठ उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। दो चौकी प्रभारियों को हटाकर थानों में नई तैनाती दी गई है। उपनिरीक्षक राजीव कनौजिया को चौकी प्रभारी आर्यनगर से चौकी प्रभारी पहाड़ापुर बनाया गया है।

अजय कुमार सिंह को कटरा बाजार से आर्यनगर, शमशेर खान को इटियाथोक से कोतवाली देहात व कौशल किशोर सिंह को इटियाथोक से परसपुर भेजा गया है। पहाड़ापुर चौकी प्रभारी अशोक कुमार को उमरी बेगमगंज थाना भेजा गया है। सोनी गुमटी चौकी प्रभारी मनीष कुमार को इटियाथोक थाना भेजा गया। दोनों चौकी प्रभारियों के खिलाफ मिल रही शिकायतों के बाद यह कार्रवाई हुई है। स्वाट प्रभारी गौरव सिंह तोमर को मनकापुर कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई। निरीक्षक हरिशंकर भारती को मनकापुर से हटाकर इटियाथोक में अपराध निरीक्षक बनाया गया है। खुश मोहम्मद खान को मनकापुर से अपराध शाखा भेजा गया है। मनोज कुमार पाठक, जो पूर्व में मीडिया सेल प्रभारी थे, अब कटरा बाजार में अपराध निरीक्षक बनाए गए हैं। उन्हें पिछले वर्ष मनकापुर कोतवाली से हटाकर कार्यालय में तैनात किया गया था, जिसके बाद उन्हें मीडिया सेल की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

# 3 दिन से बिजली ठप, उपकेंद्र पर किया प्रदर्शन


धानेपुर विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

धानेपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** धानेपुर विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले रुद्रगढ़ नौसी गांव में तीन दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है।

बताया जा रहा है कि तीन दिन पूर्व जर्जर विद्युत तार जलकर टूट गया था, जिसके बाद से गांव की बिजली व्यवस्था ठप पड़ी है। बिजली न होने के कारण पेयजल, गर्मी से राहत और दैनिक कार्यों में ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थिति से नाराज ग्रामीणों का सब्र मंगलवार को टूट गया।

पूर्व प्रधान के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण धानेपुर विद्युत उपकेंद्र पहुंचे और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए अविलंब बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने जेई को ज्ञापन सौंपकर समस्या के त्वरित समाधान की मांग की। पूर्व प्रधान मो शमीम ने बताया कि पिछले 2-3 दिनों से जले हुए तार के कारण पूरे गांव की बिजली व्यवस्था बाधित है, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### बिजली कटौती और फॉल्ट से ग्रामीण बेहाल

**गोंडा कार्यालय :** जेल रोड स्थित 220 केवी उपकेंद्र से जुड़े खरगूचांदपुर फीडर पर इन दिनों बिजली संकट गहराता जा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही फाल्ट और अघोषित कटौती ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ग्रामीणों के अनुसार रविवार शाम अचानक बिजली गुल हो गई। कई घंटे बाद सिंगल फेस आपूर्ति बहाल हुई। घरों में पंखे, कूलर और पानी की मोटर तक सही से नहीं चल सकीं। सोमवार सुबह लाइनमैन द्वारा फेस ठीक किए जाने के बाद करीब एक घंटे बिजली आई, लेकिन इसके बाद फिर आपूर्ति ठप हो गई। लोगों का कहना है कि पूरे दिन बिजली नहीं आई और बार-बार कंट्रोल रूम पर फोन करने के बावजूद सिर्फ आश्वासन मिलता रहा कि शाम तक आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। शाम को कुछ मिनट के लिए बिजली आई, लेकिन फिर फाल्ट हो गया। देर रात तक फाल्ट ठीक करने की बात कही गई, मगर आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। इसके चलते लोगों को भीषण गर्मी और अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि फीडर से जुड़े अवर अभियंता फोन नहीं उठाते हैं, जबकि कंट्रोलर भी मोबाइल बंद कर लेते हैं।

## लापता वृद्ध महिला का तालाब में मिला शव

**तरबगंज, गोंडा :** उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के नियांवा गांव की एक वृद्ध महिला जो एक सप्ताह से लापता थी का शव गांव के बाहर स्थित तालाब में उतराता हुआ मिला। 65 वर्षीय ज्ञाना देवी जिनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं बताया जा रहा, 19 अप्रैल को लापता हो गई थीं। इस संबंध में उनके बेटे अमरनाथ मिश्र ने थाना उमरी बेगमगंज में सूचना दी थी जिसके आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार की शाम गांव के बाहर स्थित कुंचवा तालाब में एक महिला का शव उतराता हुआ देखा गया जो काफी जर्जर अवस्था में था। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान ज्ञाना देवी के रूप में की।

कवायद | ड्रॉप आउट बच्चों व श्रमिक बस्तियों में रहने वाले बच्चों पर रहेगा विशेष फोकस

# एक मई से मिशन मोड में चलेगा स्कूल चलो अभियान

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार:** जिले में 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को स्कूल से जोड़ने के लिए एक मई से मिशन मोड में स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत स्कूल न जाने वाले, पढ़ाई छोड़ चुके और वंचित बच्चों को चिन्हित कर विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाएगा। अभियान में विशेष रूप से श्रमिक बस्तियों, ईंट-भट्ठों, झुग्गी-झोपड़ियों और दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों पर फोकस किया जाएगा। दिव्यांग बच्चों की पहचान कर स्पेशल एजुकेटर के सहयोग से उनका नामांकन सुनिश्चित कराया जाएगा। ड्रॉपआउट बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी बालिका


जागरूकता रैली निकालते शिक्षक व बच्चे।

विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिलाने की भी तैयारी है। साथ ही आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में चयनित बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान संचालन के लिए सरकार ने 72 लाख रुपये का लिमिट जारी की है। इसमें से 5 लाख रुपये जिला स्तर पर आयोजित रैली और कार्यक्रमों पर खर्च किया जाना है। जबकि प्रत्येक ब्लॉक को 10-10 हजार रुपये, प्रत्येक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय को 4250 रुपये तथा प्रत्येक परिषदीय विद्यालय को अभियान संचालन के लिए 2500 रुपये दिए गए हैं। नए शैक्षिक सत्र में एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक इस जागरुकता अभियान का संचालन पूरा हो चुका है। अब एक मई से इस अभियान को मिशन मोड में संचालित करने का निर्देश दिया गया है। मिशन मोड के अंतर्गत स्कूल न जाने वाले, पढ़ाई छोड़ चुके और वंचित बच्चों को चिन्हित कर विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाएगा। ड्रॉपआउट बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिलाने की भी तैयारी है। साथ ही आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में चयनित बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के सफल संचालन को लेकर स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश है। एसएमसी सदस्य गांव-गांव और मोहल्लों में अभिभावकों से संवाद कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करेंगे। बीएसए अमित सिंह ने बताया कि प्रत्येक बच्चे का नामांकन स्कूल में हो यही इस अभियान का उद्देश्य है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अभियान संचालन का निर्देश दिया गया है।

## महिला को पीटकर घर से निकाला

**तरबगंज, गोंडा :** स्थानीय थाना क्षेत्र के डिडिसिया कला के मजरा पूरे मन्नी निवासी एक युवक ने अपनी बहन के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे घायल करने का आरोप लगाते हुए चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर में किंग उपाध्याय ने बताया कि उसकी बहन निशा की शादी बीते वर्ष 3 फरवरी को थाना क्षेत्र के निहालपुर गांव के मजरा आजाद नगर निवासी सूरज चौबे के साथ हुई थी। शादी में सामर्थ्य के अनुसार मोटरसाइकिल, डेढ़ लाख रुपये नकद तथा सोने-चांदी के आभूषण दिए गए थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष द्वारा पांच लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर निशा को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और उसे जान से मारने की धमकी दी जाती थी। आरोप है कि बीते शनिवार रात करीब 9 :45 बजे सूरज चौबे ने फोन कर कहा कि अपनी बहन को ले जाओ, नहीं तो उसकी लाश मिलेगी। सूचना मिलने पर जब वह बहन के घर पहुंचा तो देखा कि उसे चारपाई पर लिटाकर परिवार के लोग मारपीट कर रहे थे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इस संबंध में कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि पीड़िता के भाई की शिकायत पर पति सूरज चौबे, सास अम्बालिका उर्फ कुसमा, जेठानी रूपा और जेठ विष्णु चौबे के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## यूपी एससीएसटी आयोग की सदस्य पहुंचीं पुरैना


अनीता गौतम का स्वागत करतीं महिलाएं। अमृत विचार

**परसपुर, गोंडा :** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग लखनऊ की सदस्य अनिता गौतम ने सोमवार देर शाम परसपुर क्षेत्र के पुरैना गांव पहुंचकर कोरी रामसागर के पैतृक आवास पर ग्रामीणों से मुलाकात की। उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं, महिलाओं एवं स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। अनिता गौतम ने गांव में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के लोगों की समस्याओं को सुना। मौके पर स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित मुद्दों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम शीघ्र उठाए जाएंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनिल शुक्ल, कोरी सर्वेश, रामकुमार, गीता देवी, रजनी आदि ने उनका स्वागत किया।

न्यूज ब्रीफ

## सड़क हादसे में घायल शिक्षिका ने तोड़ा दम

**उतरौला, बलरामपुर :** क्षेत्र की एक विद्यालय शिक्षिका हर्षिता श्रीवास्तव (38) का इलाज के दौरान रविवार देर रात लखनऊ में निधन हो गया। परिजनों के अनुसार 21 अप्रैल को वह अपने पति अवधेश प्रसाद के साथ तुलसीपुर में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। कार्यक्रम से लौटते समय रास्ते में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे हर्षिता घायल हो गईं। घटना के बाद उन्हें तुरंत लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कई दिनों तक उनका उपचार चला।

## इलाज के दौरान वृद्ध महिला की मौत

**बालपुर, गोंडा :** बेहड़ा चौबे की नथई पुरवा गांव की 75 वर्षीय महिला चंद्रवती की बीती रात इलाज के दौरान मौत हो गई। गांव निवासी विपिन शुक्ला ने बताया उनकी दादी चंद्रवती को अचानक पेट में तेज दर्द शुरू हुआ। इसके बाद उन्हें बालपुर बाजार स्थित निजी चिकित्सक डॉ. शारदा प्रसाद पाण्डेय के पास ले जाया गया, जहां करीब 3 बजे उनका उपचार किया गया। आरोप है कि डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें घर ले जाने की सलाह देते हुए कहा कि कुछ देर में तबीयत ठीक हो जाएगी। परिजनों के मुताबिक, घर ले जाते समय पेट्रोल पंप के पास उनकी हालत और बिगड़ गई। घर पहुंचने पर भी कोई सुधार न होने पर पर्चे में दिए गए नंबर पर डॉक्टर से संपर्क किया गया, लेकिन उन्हें इंतजार करने की सलाह दी गई। हालत में सुधार न होने पर परिजन उन्हें पुन: परसपुर रोड स्थित नर्सिंग होम लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

# चमरबोझिया गांव में बहू भोज के दौरान मारपीट, युवक की मौत

16 लोगों पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता गैसड़ी, बलरामपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के चमरबोझिया गांव में बहू भोज के दौरान हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, पूर्व प्रधान नन्हे लाल के परिवार में आयोजित बहू भोज कार्यक्रम में नृत्य का आयोजन किया गया था। इसी दौरान रात करीब 12 बजे कमलेश चौहान (32) को कुछ लोगों ने मंच पर चढ़ा दिया, जिससे कार्यक्रम में मौजूद कुछ लोगों को आपत्ति हुई। विवाद बढ़ने पर कमलेश को मंच से उतारकर पीटा गया। इसके बाद वह अपने घर लौट गया। आरोप है कि रात करीब एक बजे पूर्व प्रधान के परिजन और रिश्तेदारों ने इसे प्रतिष्ठा का मुद्दा मानते हुए कमलेश के घर पर हमला कर दिया। हमलावरों ने डंडा, रॉड और अन्य वस्तुओं से जमकर मारपीट की, जिससे कमलेश चौहान की मौके पर ही मौत हो गई। इस हमले में उसके भाई मोहित और सुरेश चौहान भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर में भर्ती कराया गया है। मृतक के पिता राजकिशोर चौहान की तहरीर पर पुलिस ने 16 नामजद और अन्य अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्राधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।



कमलेश की फाइल फोटो

## 423 परिवारों को मिलेगा शादी अनुदान, आवेदन प्रक्रिया शुरू

**बलरामपुर, अमृत विचार :** आर्थिक रूप से कमजोर अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर) के परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग के लिए सरकार ने पहल तेज कर दी है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित विवाह अनुदान योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिले को 423 लाभार्थियों हेतु 84.60 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र परिवार को बेटी के विवाह के लिए 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजीव कुमार यादव के अनुसार इच्छुक आवेदकों को विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://sha-dianudan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद अभ्यर्थियों को दस्तावेजों संग 7 दिनों के भीतर संबंधित एसडीएम या बीडीओ कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करना रहेगा। योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलेगा, जिनकी वार्षिक आय ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में एक लाख से अधिक नहीं है। आवेदन विवाह तिथि से 90 दिन पूर्व या 90 दिन बाद तक किया जा सकता है। आवेदन के साथ आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और विवाह से संबंधित दस्तावेज संलग्न करना जरूरी होगा।

## अध्यक्ष व महामंत्री पद पर सीधी टक्कर



अधिवक्ता संघ के निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** स्थानीय अधिवक्ता संघ के चुनाव में इस बार अध्यक्ष व महामंत्री पद को लेकर सीधा मुकाबला तय हो गया है। जबकि अन्य पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया में अधिवक्ताओं की भागीदारी देखने को मिली और कई पदों पर सर्वसम्मति से नाम तय किए गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रविंदर प्रताप सिंह यादव निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए देवेन्द्र कुमार पाण्डेय और संतोष कुमार पाण्डेय का चयन बिना किसी विरोध के किया गया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष (10 वर्ष से कम अनुभव) श्रेणी में शिव प्रताप शुक्ल (राजा) और प्रशांत ओझा को निर्विरोध चुना गया। इसी क्रम में संयुक्त सचिव पद पर बृजेश कुमार सोनी और रितेश तिवारी का चयन भी सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। अब अधिवक्ता संघ के चुनाव में मुख्य मुकाबला अध्यक्ष और महामंत्री पद के लिए होना है जिस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

## योग और ध्यान से मिलती है बेहतर सेहत

**बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित योग शिविर में लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने को प्रेरित किया गया। प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा नियमित योग के लाभों की जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षक डॉ. अमरजीत ने कहा कि रोजाना योग करने से शरीर निरोग रहता है और मानसिक संतुलन भी बेहतर होता है। उन्होंने बताया कि योग और ध्यान से तनाव कम होता है और नकारात्मक विचारों से मुक्ति मिलती है। शिविर में ग्रीवा व स्कंध संचालन, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, शशांक आसन, वृक्षासन, चक्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति और शवासन जैसे योगाभ्यास कराए गए। इसके अलावा जिला मेमोरियल अस्पताल स्थित वेलनेस सेंटर में योग सहायक अभिषेक मणि त्रिपाठी ने भी लोगों को योगाभ्यास कराया और मोटापा, मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप नियंत्रण के लिए उपयोगी आसनों की जानकारी दी।



बैठक में मौजूद प्रभारी मंत्री राकेश सचान व अन्य। अमृत विचार

## विकास कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश

**बलरामपुर, अमृत विचार :** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में सोमवार को जनपद के विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति प्रस्तुत की, जिसमें जल जीवन मिशन, पीएम आवास, मनरेगा, सड़क सुरक्षा, गोवंश संरक्षण व शिक्षा क्षेत्र के नवाचार शामिल रहे। मंत्री ने बलरामपुर बाईपास, तुलसीपुर आरओबी, जिला अस्पताल में 100 बेड क्रिटिकल केयर यूनिट व एसटीपी निर्माण की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना व स्वरोजगार योजनाओं से अधिक युवाओं को जोड़ा जाए तथा लंबित ऋण प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। गर्मी को देखते हुए मंत्री ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और अतिरिक्त लोड की मांग समय से भेजने को कहा। साथ ही खरीफ सीजन से पहले खाद की उपलब्धता, भंडारण व वितरण व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

## ई-रिक्शा चालक की सड़क दुर्घटना में मौत

**इटियाथोक, गोंडा :** गोंडा-बलरामपुर राजमार्ग पर बेलवा कर्मवीर के पास एक बैटरी रिक्शा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान महेश चौरसिया (38) पुत्र गया प्रसाद निवासी कलेना के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महेश चौरसिया बैटरी रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह सुबह घर से रिक्शा लेकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौट सका। इस घटना से पूरे परिवार में शोक का माहौल है। मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री हैं। ग्राम प्रधान संतोष चौरसिया ने बताया कि महेश मेहनत और मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।



छात्रों को टूथब्रश व पेस्ट वितरित करते डॉ. एमपी तिवारी। अमृत विचार

## पायनियर स्कूल में बच्चों को टूथब्रश-टूथपेस्ट बांटे

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज, कालीथान में मंगलवार को छात्र-छात्राओं में दंत स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। नर्सरी से कक्षा 12 तक के सभी बच्चों को टूथब्रश और टूथपेस्ट वितरित किए गए। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. एमपी तिवारी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय व उप प्रधानाचार्य राघवेन्द्र त्रिपाठी की देखरेख में वितरण किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को सही तरीके से ब्रश करने, दांतों की नियमित सफाई और खानपान की आदतों के बारे में जानकारी दी। डॉ. तिवारी ने किड्स जोन में नन्हें बच्चों को गतिविधियों के माध्यम से ब्रश करने की सही विधि सिखाई। यह पहल न केवल उपयोगी रही बल्कि विद्यार्थियों को स्वच्छ और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित भी किया।

## 144 फोन बरामद, 35 लाख की संपत्ति लौटाई



मालिकों को खोया हुआ मोबाइल वापस करते एसपी व अन्य। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद पुलिस की साइबर सेल और सीईआईआर टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 144 गुमशुदा स्मार्टफोन बरामद कर उनके स्वामियों को वापस सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 30 से 35 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी अपराध डॉ. जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में साइबर टीम ने भारत सरकार के संचार सारथी पोर्टल की मदद से गुम मोबाइलों को ट्रेस कर बरामद किया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सभी मोबाइल उनके मालिकों को सुपुर्द किए गए। मोबाइल वापस मिलने पर नागरिकों ने बलरामपुर पुलिस की सराहना करते हुए इसे तकनीकी दक्षता और प्रतिबद्धता का उदाहरण बताया। लोगों का कहना था कि इस पहल से पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली साइबर टीम को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने आमजन से अपील की कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल नजदीकी थाने की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराएं या संचार सारथी पोर्टल पर ऑनलाइन सूचना दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**नवाबगंज, गोंडा :** थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार शाम एक युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई, वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के कोल्हमपुर चौकी अंतर्गत खडौवा गांव के मजरे बड़का पुरवा में सोमवार शाम करीब सात बजे 20 वर्षीय सुकई पुत्र भरोसे ने घर के कमरे में छत के कुंडे से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि सुकई अपने दो भाइयों के साथ बाहर रहकर मेहनत-मजदूरी करता था और परिवार का भरण-पोषण करता था। करीब दस वर्ष पहले ही उनके माता-पिता का निधन हो चुका है। कुछ दिन पहले ही तीनों भाई गांव लौटे थे। मृतक के बड़े भाई धनीराम के अनुसार, सोमवार को वह किसी काम से बाहर गए हुए थे। शाम को घर वापस लौटने पर सुकई घर में नजर नहीं आया। इस पर उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। काफी देर तक खोजबीन करने के बाद जब वह कमरे में पहुंचे तो सुकई को फंदे से लटका पाया। यह देख उनके होश उड़ गए और उन्होंने शोर मचाया। शोर सुनकर परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया।



## दुर्घटना में घायल बस परिचालक की इलाज के दौरान मौत

**रुपईडीह, गोंडा :** दो दिन पहले परिवहन निगम की बस व ट्रैक्टर ट्राली की हुई अचानक टक्कर में बस के परिचालक की मौत हो गई। मंगलवार को सुबह परिचालक का शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। खरगूपुर के भुलईडीह कैलाशीगंज गांव निवासी अधिवक्ता रामदेव शुक्ल ने बताया कि उनका ज्येष्ठ पुत्र वरुण कुमार शुक्ल (40) परिवहन निगम की बहराइच डिपो में परिचालक के पद पर तैनात था। वह बहराइच से सवारिया लेकर कानपुर गया हुआ था। वहां से वह सवारियां लेकर बहराइच वापस आ रहा था तभी बहराइच के टिकोरा मोड़ के निकट ट्रैक्टर ट्राली से अचानक टक्कर हो गई। जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के लिए उसे मेडिकल कॉलेज लखनऊ में भर्ती करया गया था। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने जाने के बाद शव को घर लाया गया है। उसके दो पुत्र कार्तिक 12 व हर्षित तीन वर्ष का है। उसकी पत्नी रुचि समेत संपूर्ण परिवार का रो रो कर हाल बेहाल है। इस घटना पर बहराइच डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राम प्रकाश व डिपो प्रभारी डी एन जायसवाल ने दुखद व्यक्त करते हुए घर पहुंचे तथा मृतक के परिवार से मिलकर भरपूर सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया।



प्रमाण-पत्र के साथ बाबू बच्चा सिंह स्मारक इंटर कॉलेज देवरिया कला के मेधावी। अमृत विचार

## हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावियों को किया गया सम्मानित

**खरगूपुर, गोंडा :** हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। क्षेत्र के बाबू बच्चा सिंह स्मारक इंटर कॉलेज देवरिया कला में अध्ययनरत हाईस्कूल के धनराज शर्मा, अंजली भारती, महक तथा इंटर के सचिन, प्रिंसपाल, मोहम्मद हमजा सहित 50 से अधिक छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला महामंत्री अधिवक्ता आशीष त्रिपाठी ने कहा कि जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व है। शिक्षा से मनुष्य के बौद्धिक, मानसिक व शारीरिक विकास प्रशस्त होता है। शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है। विशिष्ट अतिथि रिजवान खान ने कहा कि शिक्षा से ही परिवार का उन्नति संभव है। विद्यालय के प्रबंधक रविंद्र सिंह, अध्यक्ष कविंद्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य रोहित तिवारी ने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, यशोदा नंद शुक्ल, अखिलेश सिंह, दिनेश भारती, अशोक सिंह, सूरज शुक्ल, शिवेंद्र प्रताप, राखी, वंदना, रानी, बीना आदि रहीं।

## दिव्यांगजन कल्याण को ब्लॉकों में विशेष शिविर

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद के सभी विकास खंडों में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को जोड़ने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में दिव्यांग पेंशन, कुष्ठावस्था पेंशन, कृत्रिम अंग उपकरण, विवाह प्रोत्साहन, दुकान संचालन योजना और शल्य चिकित्सा जैसी योजनाओं के लिए मौके पर ही आवेदन और आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। शिविरों की शुरुआत 05 मई को तुलसीपुर से होगी। इसके बाद 06 मई को गैसड़ी, 07 मई को पचपेड़वा, 08 मई को बलरामपुर, 12 मई को उतरौला, 13 मई को रेहराबाजार, 14 मई को गैंडास बुजुर्ग, 15 मई को श्रीदत्तगंज और 16 मई को हरैया सतघरवा में शिविर आयोजित होंगे। सभी शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक लगाए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी पात्र दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेज दिव्यांग प्रमाण पत्र (यूडीआईडी कार्ड), आधार कार्ड, बैंक पासबुक, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र और फोटो के साथ शिविर में पहुंचें।



मेधावी छात्रा को सम्मानित करते प्रधानाचार्य व अन्य। अमृत विचार

## मेधावी छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

**जरवा, बलरामपुर :** सीमाक्षेत्र के बालापुर जरवा स्थित बसंत लाल स्मारक इंटर कॉलेज में मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट की छात्रा शमा प्रवीन ने 86 प्रतिशत, रुचि मौर्य ने 84 प्रतिशत तथा थारू छात्रा रीतू कुमारी ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विशेष रूप से रीतू कुमारी ने जीव विज्ञान विषय में 100 में 96 अंक हासिल कर सराहना बटोरी। समारोह का शुभारंभ संस्थापक विवेक गोयल, प्रधानाचार्य शब्बीर हसन और प्रबंध निदेशक वैभव ने किया। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति चिह्न, उपहार और मिठाई देकर सम्मानित किया, साथ ही उनके अभिभावकों को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। संस्थापक विवेक गोयल ने कहा कि सफलता के लिए निरंतर प्रयास, दृढ़ संकल्प और कठोर परिश्रम आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## शिक्षकों ने चलाया जागरूकता अभियान

**गैसड़ी, बलरामपुर :** क्षेत्र में उच्च शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय बिलोहा के शिक्षकों ने जागरूकता अभियान चलाया। सोमवार को विभिन्न शिक्षण संस्थानों का भ्रमण कर छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। शिक्षकों की टीम ने मनोहर लाल मिश्र स्मारक शिक्षण संस्थान कठौवा पुल जगदीशपुर, ग्रामीण इंटर कॉलेज गौरा चौराहा तथा राम जियावन वर्मा इंटर कॉलेज घोपतपुर का दौरा किया। इस दौरान विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, कम शुल्क में शिक्षा और आगे के कैरियर अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. माजिद हुसैन के नेतृत्व में डॉ. संतोष यादव, डॉ. धर्मेंद्र यादव, डॉ. सचिन वर्मा, सौरभ मिश्र और अमित कुमार ने छात्रों को उच्च शिक्षा के लाभ बताते हुए उन्हें आगे पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया।




राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य। अमृत विचार

## शिक्षाविदों का वैश्विक शिक्षा के समन्वय पर मंथन

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज के बीएड विभाग व आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में "वैश्विक शिक्षा के संदर्भ में भारतीय ज्ञान प्रणाली का पुनर्स्थापन : नई शिक्षा नीति 2020 से प्राप्त अंतर्दृष्टियाँ" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन मंगलवार को महाविद्यालय सभागार में हुआ। कार्यक्रम में शिक्षाविदों ने भारतीय ज्ञान परंपरा और वैश्विक शिक्षा के समन्वय पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, नई दिल्ली के पूर्व सदस्य एवं लखनऊ विवि पूर्व शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो. उमेश चन्द्र वशिष्ठ, कार्यक्रम अध्यक्ष सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार राय, प्रबंध समिति के सचिव कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय, प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय, संयोजक प्रो. एसपी मिश्र, समन्वयक प्रो. राघवेंद्र सिंह व आयोजन सचिव डॉ. राम रहीस ने दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती पूजन से किया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

## चौराहे पर रोज जाम लगने से परेशानी

**पचपेड़वा, बलरामपुर :** स्थानीय नगर के नेशनल हाईवे स्थित मुख्य चौराहे पर प्रतिदिन लगने वाले जाम से स्थानीय लोग खासे परेशान हैं। भीषण गर्मी में दोपहिया वाहन चालकों को 20 से 30 मिनट तक जाम में फंसे रहना पड़ता है, जिससे उनकी मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। स्थानीय नागरिक उमापाल सिंह, पंकज श्रीवास्तव, राजेंद्र, विनोद कुमार, जगन्नाथ यादव, संजय मोदनवाल, इमरान खान और मोहम्मद रईस अहमद का कहना है कि तीन पहिया बैटरी वाहनों के संचालन के बाद से जाम की समस्या और गंभीर हो गई है। आरोप है कि चालक वाहन सड़क के दोनों किनारों पर खड़ा कर देते हैं, जिससे आवागमन बाधित होता है। यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण यहां से दिनभर बाहरी वाहनों और पर्यटकों का भी आवागमन रहता है, जिन्हें भी जाम से जूझना पड़ता है।

**डिवाइन गंगा हायर सेकेण्ड्री स्कूल**
आमकोल, अयोध्या रोड, सुलतानपुर
प्रवेश प्रारम्भ – सत्र 2026–27
(इंग्लिश मीडियम)
आवश्यकता है
अनुभवी अध्यापक/अध्यापिकाओं की
● अंग्रेजी ● गणित ● विज्ञान ● हिंदी
कक्षा 1 से 10 तक पढ़ाने के लिये
आवेदन करने की अंतिम तिथि – 06/05/2026
सम्पर्क करें:–
9044436019, 9455244935, 8707372380
divineganga16@gmail.com
(सुलतानपुर से अयोध्या मार्ग पर 04 किमी की दूरी पर द्वारिकागंज क्रासिंग से पहले विद्यालय स्थित है।)

निर्देश | विशेष सचिव आयुष ने खरीद केंद्र का किया निरीक्षण, गेहूं खरीद से जुड़े अफसर के साथ की बैठक

# हर हाल में खरीदा जाए किसानों का गेहूं : हरिकेश

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मंडल में गेहूं खरीद की हकीकत परखने के लिए मंगलवार को विशेष सचिव आयुष व गेहूं खरीद देवी पाटन मंडल के नोडल अधिकारी हरिकेश चौरसिया नवीन गल्ला मंडी गोंडा तथा करनैलगंज पहुंचे। उन्होंने कई गेहूं क्रय केंद्रो का निरीक्षण किया। कहा कि जो भी किसान अपनी उपज से लेकर केंद्र पर आए उनका हर हाल में खरीदा जाए। सरकार चाहती है कि किसानों को मूल्य समर्थन योजना का सत् प्रतिशत लाभ मिले। उन्होंने एसडब्लूसी गोदाम पर पहुंचकर गेहूं उतारने के बारे में भी जानकारी ली। गेहूं खरीद के नोडल अधिकारी ने मंडी के कई केंद्रो का निरीक्षण किया। जिन किसानों का गेहूं खरीदा गया था और तौल की जा रही थी उनसे वार्ता भी की। एक केंद्र पर बोरे में अधिक वजन पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई और कहा कि तौल पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ किया जाए। किसानों के लिए जो संसाधन केंद्र पर होने चाहिए उसके बारे में भी जानकारी ली। कहा कि किसानों को हर हाल में पूरी सुविधा मिले भुगतान किसी भी दशा में लंबित न रहे। अधिक से अधिक किसान सरकारी केंद्र पर ही गेहूं बेचे इसके लिए जागरूक किया जाए। किसानों से केंद्र प्रभारी जरूर संपर्क करें। खरीद के बाद गेहूं केंद्र पर डंप था जिसको लेकर आरएमओ व जिला खाद्य विपणन अधिकारी से जानकारी ली गई। उसके बाद नोडल अधिकारी ने सर्किट हाउस में मंडल के गेहूं खरीद से जुड़े अफसर के साथ बैठक किया और गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए निर्देशित। उन्होंने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक गेहूं बेचने के लिए किसानों का रजिस्ट्रेशन किया जाए जो भी किसान अपनी उपज बेचना चाहता है उसका हर हाल में खरीदा जाए। केंद्रो पर पीने का पानी, बैठने का इंतजाम होने हिदायत दी। गेहूं उतारने में तेजी लाने को कहा। उन्होंने कहा कि ऐसा ना हो कि ट्रांसपोर्टर गोदाम में गेहूं उतारने के लिए आए और अनावश्यक रूप से खड़ा होना पड़े। इससे किसानों को की समस्या होगी। सरकार चाहती है गेहूं खरीद का लाभ प्रत्येक किसानों को मिले।



गेहूं खरीद की जानकारी लेते विशेष सचिव हरिकेश चौरसिया। अमृत विचार

## 436 आवासों का आवंटन निरस्त, नए आवेदन कल से

**बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद बलरामपुर में कांशीराम आवास योजना के अंतर्गत अनियमितताओं पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए 436 आवासों का आवंटन निरस्त कर दिया है। जिलाधिकारी के निर्देशन में गठित टीम द्वारा तीन चरणों में किए गए स्थलीय सत्यापन में पाया गया कि 234 आवासों पर ताले लटके थे, जबकि 202 आवासों में अवैध रूप से अन्य लोग रह रहे थे। नियमों के उल्लंघन और अपात्रता के आधार पर सभी 436 आवास तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। प्रशासन ने निरस्त आवासों की सूची सार्वजनिक कर दी है, जिसे नगर पालिका, तहसील बलरामपुर सदर एवं खंड विकास अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। इन रिक्त आवासों के पुन: आवंटन के लिए पात्र लाभार्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक आवेदक 30 अप्रैल से 10 मई 2026 तक आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय से प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यदिवसों में उपलब्ध रहेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## सूचना

संस्था इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन फैजाबाद, जगत हास्पिटल रायबरेली रोड, नाका चुंगी, फैजाबाद, जनपद–अयोध्या, उ0प्र0, 224001 का चुनाव, चुनाव संचालन समिति द्वारा दिनांक–08.12.2025 को सिविल लाइन के एक स्थानीय होटल में सम्पन्न कराया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारी/कार्यसमिति सदस्य चुने गये, जो निम्नवत् है:–

| S.N. | Name | Post |
|---|---|---|
| 1 | Dr. Ashish Srivastava | President |
| 2 | Dr. P.D. Tripathi | Vice President |
| 3 | Dr. Nishant Saxena | Secretary |
| 4 | Dr. Piyush Gupta | Joint Secretary |
| 5 | Dr. Saket Gupta | Joint Secretary |
| 6 | Dr. Vikas Agarwal | Treasurer |
| 7 | Dr. Surya Mani Dwivedi | Executive Member |
| 8 | Dr. Shyam Karan Pathak | Executive Member |
| 9 | Dr. Nanak Saran | Executive Member |
| 10 | Dr. Mahesh Surtani | Executive Member |
| 11 | Dr. Veerendra Singh | Executive Member |
| 12 | Dr. Deepti Verma | Executive Member |

उक्त मैनेजिंग कमेटी ने दिनांक 01.04.2026 से अपना कार्यभार ग्रहण कर कार्य प्रारम्भ कर दिया है।

**न्यूज ब्रीफ**

### कर्मशियल सिलेंडर के लिए एक सप्ताह पूर्व करें आवेदन

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** शादी/विवाह/तिलक व अन्य मांगलिक कार्यक्रम में जिसे व्यावसायिक गैस सिलेण्डर (19 किग्रा) की आवश्यकता है। उन्हें कार्यक्रम के निर्धारित तिथि से एक सप्ताह पूर्व अपना आवेदन जिला पूर्ति कार्यालय भिनगा में निमंत्रण पत्र सहित प्रस्तुत करना होगा। एक सप्ताह से कम की समयावधि में प्राप्त आवेदनों पर व्यावसायिक गैस सिलेण्डर दिलाना संभव नही होगा। यह जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय ने दी है।

### वन ट्रिलियन डॉलर अर्थ व्यवस्था के सम्बन्ध में बैठक कल

**बहराइच, अमृत विचार :** जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी घासीराम ने बताया कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाये जाने हेतु जनपद में कराये जा रहे आवधि श्रम बल सर्वेक्षण तथा असंगठित क्षेत्रों के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण की माह मार्च, 2026 तक की प्रगति की समीक्षा हेतु 30 अप्रैल को मध्यान्ह 12 :00 बजे से अपर जिलाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी में बैठक आहूत की गई है।

### गुलरा परसोहना में ढहाया गया अतिक्रमण

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** गुलरा परसोहना में सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा कर बने मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई। इससे अतिक्रमणकरियों में दहशत फैल गई। सिरसिया क्षेत्र के ग्राम गुलरा परसोहना में सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा कर अवैध मकान बनाए गए थे। पूर्व में प्रशासन की ओर से नोटिस चस्पा कर अवैध कब्जेदारों को खुद अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था। इसके बाद भी लोगों ने अतिक्रमण को नहीं हटाया। इस पर एसडीएम आशीष भरद्वाज के नेतृत्व में तहसील प्रशासन ने की टीम ने सरकारी भूमि पर बने चार मकानों के अवैध हिस्से को बुलडोजर से ढहा दिया गया। जिसमें मेराज अहमद, चुन्नू खां, अहमद हुसैन व शरीफ का मकान शामिल है। इन लोगों ने खुद की जमीन के साथ ही आगे पड़ी सरकारी जमीन पर भी पक्का निर्माण करा लिया था। एसडीएम आशीष भारद्वाज ने बताया कि अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुलरा परसोहना में सरकारी भूमि पर बने अवैध निर्माण को हटाया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**जरवल रोड (बहराइच), अमृत विचार :** थाना जरवल रोड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेवढा मजरा करिया सिंह पुरवा में बीती रात एक 17 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार, सूरज (17) पुत्र रमेश रात में घर की छत पर सो रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों का कहना है कि युवक ने सीने में तेज दर्द की शिकायत की थी। हालत गंभीर देख परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जरवल रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उपनिरीक्षक राहुल सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल हार्ट अटैक से मौत सामने आ रही है। युवक की असामयिक मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# गोवंशों को मिले मानक अनुरूप चारा: डीएम

## ▶ जिलाधिकारी ने गौसंरक्षण, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता, बहराइच



विकास भवन सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में संचालित अस्थायी गो आश्रय स्थलों एवं बृहद् गो संरक्षण केंद्रों की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा हेतु विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय गौसंरक्षण, अनुश्रवण, मूल्यांकन समिति की बैठक में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों को गोवंशों को मानक अनुरूप चारा देने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गोआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के सापेक्ष शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप दान व क्रय से भूसा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए साथ ही संरक्षित गोवंशों को मानक के अनुसार हरा चारा व दाने के साथ नमक व गुड़ भी उपलब्ध कराया जाए। डीएम ने निर्देश दिया ग्रीष्म ऋतु को मद्देनज़र रखते हुए सभी गोआश्रय स्थलों पर गर्मी व लू से बचाव के बन्दोबस्त किये जाएं साथ ही संरक्षित गोवंशों हेतु छाया एवं पानी उपलब्ध कराया जाए।

डीएम ने निर्देश दिया कि गोआश्रय पोर्टल पर दैनिक रूप से संरक्षित गोंवशों का अंकन सुनिश्चित किया जाए तथा आश्रय स्थलों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों के लिए राउण्ड-द-क्लाक पावर बैकअप एवं वाई-फाई की व्यवस्था की जाये। डीएम ने कहा कि गोाआश्रय स्थलों पर भूसा/चारा/चोकर का प्रवर्तन शासनादेशानुसार सुनिश्चित किया जाए तथा मौसम के अनुरूप चारा, पानी आदि की नियमित सफाई भी कराई जाए। पशु चिकित्साधिकारी नियमित रूप से आश्रय स्थलों का भ्रमण कर संरक्षित गोवंशों के स्वास्थ्य की जांच, उपचार व टीकाकरण करायें।

डीएम ने निर्देश दिया कि गोआश्रय स्थलों पर बीमार गोवंशों हेतु पृथक शेड/आइसोलेशन व्यवस्था के साथ ही बड़े गोवंश हेतु पर्याप्त फेंसिंग कराई जाए तथा निराश्रित/बीमार गोवंश हेतु कम से कम 150/200 वर्गफुट का क्षेत्रफल उपलब्ध कराया जाए। बीमार गोवंशों के उपचार हेतु बेहतर प्रबन्ध किये जायें। डीएम ने कहा कि 191 एकड टैग्ड गोचर भूमि पर नैपियर एवं अन्य चारे की बुवाई कर गोवंशों को वर्ष पर्यन्त हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये। डीएम ने कहा कि एनजीओ/एफपीओ के माध्यम से नियमित फंड की पूर्ति की जाए तथा प्राप्त धनराशि का उपयोग गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में किया जाए।

बैठक के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि गोसंरक्षण, भूसा, चोकर, दाना, सहभागिता, चिकित्सा, पशुचारा-पानी, साफ-सफाई, भ्रमण एवं निरीक्षण इत्यादि पंजिका को अद्यतन रखा जाए। मृत गोवंश के निस्तारण हेतु गड्ढा/पोस्टमार्टम आदि की समुचित व्यवस्था, अभियान चलाकर क्षेत्र के निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने के साथ-साथ वर्मी कम्पोस्ट पिट का उपयोग कर गोबर के माध्यम से जैविक खाद तैयार की जाये जिससे आश्रय स्थल आय सृजन कर सकें। डीएम ने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु भूसा टेण्डर की कार्यवाही समय से पूर्ण की जाय। गोआश्रय स्थलों को थर्ड पार्टी के माध्यम से संचालित कराने तथा 50 से कम संरक्षित गोवंश वाले गो आश्रय स्थलों के गोवंशों को आस-पास की गोआश्रय में शिफ्ट करने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

वहीं मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बैठक के माध्यम से प्राप्त हुए निर्देशों को का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक (डीआरडीए), जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिल पंचायत, खंड विकास अधिकारी, उपमुख्य / पशुचिकित्साधिकारी तथा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर में स्थित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील पाये गये तथा वेयर हाउस भवन मानक के अनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित पाये गये। इस अवसर पर अवर अभि. संदीप कुमार जायसवाल तथा निर्वाचन कार्यालय से प्रधान सहायक शैलेन्द्र सिंह व वरिष्ठ सहायक योगेश गंगवार मौजूद रहे।

## जनगणना प्रशिक्षण में नदारद 8 कर्मचारियों को मिलेगी नोटिस

इकौना (श्रावस्ती)


वेयर हाउस का निरीक्षण करतीं डीएम।

**अमृत विचार:** इकौना के जगतजीत इंटर कालेज में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण का मंगलवार डीएम ने जायजा लिया। इस दौरान प्रशिक्षण से नदारद आठ कर्मचारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही आपसी समन्वय के साथ अपेक्षित तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करने को कहा।

इकौना पहुंचीं डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने जनगणना प्रशिक्षण के प्रशिक्षकों को जनगणना से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर जनगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को सही ढंग से दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरे कैम्पस में भ्रमण कर चल रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस दौरान पता चला कि मंगलवार 235 कर्मचारियों का प्रशिक्षण कराया जाना है, इसमें आठ कर्मचारी अनुपस्थित है। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य महत्वपूर्ण व संवेदनशील है। इस दौरान एसडीएम इकौना पीयूष जायसवाल, नायब तहसीलदार इकौना सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण :** कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मंगलवार डीएम ने मसिक निरीक्षण कर जायजा लिया। वेयर हाउस पहुंची डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने वेयर हाउस में रखे बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट तथा वीवीपैट की सतत् निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने तथा सीसीटीवी कवरेज के डीवीआर के सतत् संचालन व रिकार्डिंग के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, सपा से महेश यादव, भाजपा से विनोद साहू, कांग्रेस के विद्यामणि त्रिपाठी सहित सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चरण आर्य, कनिष्ठ सहायक मकसूद अहमद व अन्य कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## पिता की 25 दिनों की कंगारू मदर केयर से बचा मासूम का जीवन

संवाददाता, बहराइच

**पिता ने पेश की मिसाल**


बेटे को केएमसी देते राजेश।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में एक पिता ने रूढ़िवादी सोच को पीछे छोड़कर अपने नवजात बच्चे को नया जीवन दिया है। बलहा ब्लॉक के मथुरा गांव निवासी राजगीर मिस्त्री राजेश ने अपनी बीमार पत्नी की अनुपस्थिति में स्वयं जिम्मेदारी संभालते हुए अपने कमजोर बच्चे को 25 दिनों तक लगातार कंगारू मदर केयर (केएमसी) दी, जिससे शिशु अब पूरी तरह स्वस्थ है।

सीएचसी नानपारा में 30 सितंबर को जन्मे इस शिशु का वजन मात्र 2000 ग्राम था। सांस की तकलीफ के कारण परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां 4 दिनों में 42 हजार रुपये खर्च होने के बाद भी बच्चे का वजन घटकर 1900 ग्राम रह गया। तंगी और निराशा के बीच आशा कार्यकर्ता कमला देवी ने परिवार को बिना किसी खर्च वाली कंगारू मदर केयर विधि अपनाने की सलाह दी। वहीं बच्चे की मां सुनीता के बीमार होने के कारण पिता राजेश ने मोर्चा संभाला। उन्होंने रोजाना 8 से 10 घंटे बच्चे को अपने सीने से लगाकर (स्किन-टू-स्किन कांटेक्ट) रखा। इस प्रयास का परिणाम यह हुआ कि 25 दिनों में शिशु का वजन बढ़कर 2900 ग्राम हो गया। वहीं एसएनसीयू इंचार्ज डॉ. अली ने कहा-कम वजन वाले शिशुओं के लिए यह विधि जीवन रक्षक है।

## परीक्षा सम्पन्न कराने को करें सभी तैयारियां

संवाददाता, बहराइच


अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, नई दिल्ली द्वारा आगामी 03 मई को आयोजित नीट परीक्षा-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में ज़ोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रों तथा केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ आयोजित बैठक के दौरान नोडल अधिकारी प्रशासन/अपर जिला मजिस्ट्रेट अमित कुमार ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्दों का स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। एडीएम ने निर्देश दिया कि विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, स्टाफ की उपलब्धता, परीक्षार्थियों के बैठने, प्रसाधन, पेयजल के साथ-साथ कक्ष-कक्षों में प्रकाश तथा सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता के बारे में अनिवार्य रूप से जानकारी प्राप्त की जाए।

**• नीट परीक्षा-2026 के सम्बंध में एडीएम ने की बैठक**

नोडल अधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया गया कि नीट परीक्षा-2026 हेतु राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शासन की मंशानुसार सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया गया कि सभी परीक्षा कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक कर उन्हें परीक्षा संचालन के सम्बन्ध में दिशा निर्देशों की जानकारी प्रदान कर दी जाय। परीक्षा केंद्रों पर साफ-सफाई, विद्युत, पेयजल, प्रकाश एवं स्वच्छ शौचालय इत्यादि के बेहतर प्रबन्ध किये जायें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, नामित ज़ोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

### कुत्तों के झुंड ने हिरण को किया घायल

**कैसरगंज (बहराइच)।** कैसरगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गोड़हिया नम्बर के मजरे जयराज सिंह प्रधानपुरवा में मंगलवार की सुबह पानी की तलाश में भटक रहे एक हिरण पर कुत्तों के झुंड ने घेर कर हमला बोल दिया। जिससे हिरण बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने बड़ी मुश्किल से घायल हिरण को कुत्तों के चुंगल से बचाया। इस घटना की जानकारी ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। वनकर्मी हिरण को इलाज के लिए अपने साथ ले गए हैं। उल्लेखनीय है 23 अप्रैल को ग्राम पंचायत गोड़हिया नंबर एक में जंगली जानवरों में हमला कर हिरण को मार दिया था और उसका शव गांव के जूनियर हाई स्कूल के बरामदे में पड़ा मिला था।

### संस्कृत विद्यालय की दो बेटियों ने जिला टॉप-10 में बनाई जगह, पयागपुर में मनाया गया जश्न

**पयागपुर (बहराइच) अमृतविचार।** ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पसीने की स्याही से सफलता की इबारत लिखी जा सकती है। भूपगंज स्थित महाजनान संस्कृत माध्यमिक विद्यालय की दो मेधावी छात्राओं ने उत्तरमध्यमा द्वितीय (इंटरमीडिएट) की परीक्षा में जिले की टॉप-10 सूची में स्थान पाकर समूचे क्षेत्र का मान बढ़ाया है विद्यालय की छात्रा रजनी गौतम ने जिले की मेधा सूची में चौथा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। रजनी पयागपुर के ग्राम महरौली निवासी मलखान गौतम की पुत्री हैं। सामान्य परिवेश से निकलकर जिले में शीर्ष स्थान पाने वाली रजनी अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के आशीर्वाद को देती हैं इसी विद्यालय की एक और होनहार छात्रा रजनी मौर्या ने जिले में आठवीं रैंक हासिल की है। रजनी मौर्या, ग्राम मुरावनपुरवा (सहसरावां) निवासी छोटकऊ मौर्या की सुपुत्री हैं। एक ही स्कूल से दो छात्राओं के जिला टॉपर्स की सूची में आने से विद्यालय प्रबंधन में खुशी की लहर है सफलता की जानकारी मिलते ही छात्राओं के घरों पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि दोनों ही छात्राएं अनुशासन और कड़ी मेहनत के लिए जानी जाती थीं। संस्कृत जैसे विषय में जिले स्तर पर रैंकिंग लाना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है जबकि विद्यालय के प्रबंधक अवनीश अग्रवाल का कहना है किन इन बेटियों की उपलब्धि ने यह साफ कर दिया है कि यदि हौसला बुलंद हो तो ग्रामीण परिवेश की बाधाएं आड़े नहीं आतीं। विद्यालय परिवार को अपनी इन मेधावी छात्राओं पर गर्व है।


रजनी गौतम।


रजनी मौर्या।

### झाड़ियों में मिली अधिवक्ताओं की कुर्सी

**इकौना (श्रावस्ती), अमृत विचार।** इकौना तहसील परिसर से गायब अधिवक्ताओ की प्लास्टिक कुर्सी मंगलवार तहसील से 400 मीटर दूर झाड़ियों में मिली। संघ के महामंत्री ने एसडीएम इकौना को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इकौना तहसील परिसर से अधिवक्ताओ की प्लास्टिक की 56 कुर्सी सोमवार रात्रि तहसील परिसर से अज्ञात चोरों ने गायब कर दिया। मंगलवार सुबह तहसील पहुँचने पर कुर्सी ग़ायब देख अधिवक्ता आसपास तलाश करने लगे। साथ ही इसकी सूचना इकौना पुलिस को दी गई। थोड़ी देर तलाश के बाद तहसील परिसर से क़रीब 400 मीटर दूर तालाब के बगल झाड़ियों के पास सभी कुर्सिया पड़ी मिली। इससे नाराज अधिवक्ताओं ने एसडीएम इकौना पीयूष कुमार जायसवाल को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। महामंत्री राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि तहसील परिसर में सुरक्षा के लिए गार्ड की तैनाती रहती है। इसके बाद भी ऐसी घटना घटित होना सामान्य बात नहीं है।

### डॉ. विवेक दीक्षित को दी गई श्रद्धांजलि

**बहराइच, अमृत विचार।** किसान पीजी कॉलेज के रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष रहे ब्रह्मलीन डॉ. विवेक दीक्षित की पांचवीं पुण्यतिथि पर सोमवार की शाम शहर का परशुराम चौक उनकी यादों से सराबोर हो उठा। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में जुटे प्रबुद्ध जनों ने डॉ. दीक्षित के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दी। उल्लेखनीय है कि डॉ. विवेक दीक्षित का निधन 27 अप्रैल 2021 को कोरोना काल के दौरान हुआ था। वे न केवल एक प्रखर शिक्षाविद थे, बल्कि सामाजिक एकता के भी बड़े पैरोकार थे। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के संस्थापक प्रांतीय महासचिव के रूप में उन्होंने संगठन को नई ऊंचाइयां दी थीं। शहर के ऐतिहासिक परशुराम चौक की स्थापना में भी उनकी भूमिका को मील का पत्थर माना जाता है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पं. सत्येंद्र शुक्ल ने उन्हें याद करते हुए कहा कि डॉ. दीक्षित का असमय जाना समाज और शिक्षा जगत के लिए एक ऐसी क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। इस दौरान पं. पुंडरीक पाण्डेय, राजन शुक्ल, ऋषिश पाण्डेय, दीपांकर त्रिपाठी, मुरारी श्रीवास्तव, अनुज गौड़, साकेत तिवारी, पुनीता शुक्ला, अभिलाषा दुबे और हरिओम शर्मा सहित तमाम सहयोगी और प्रशंसक उपस्थित रहे।

### बैठक में शिक्षा व्यवस्था सुधारने पर दिया गया जोर

**सिरसिया (श्रावस्ती), अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र सिरसिया में मंगलवार को शिक्षकों की मासिक बैठक हुई। इसमें शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए खंड शिक्षाधिकारी सिरसिया अखिलेश कुमार शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन विद्यालय में शिक्षक व बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज करे। साथ ही कक्षा प्रथम से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत प्रमोशन और आपार आईडी कार्ड बनाने पर विशेष ध्यान दे। बैठक में एचपीवी वैक्सीन पर भी जोर दिया गया। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि भोजन वितरण का समय निर्धारित रखते हुए प्रतिदिन सही समय पर एसएमएस के माध्यम से जानकारी अपडेट की जाये। सभी विद्यालयों को अपने-अपने पोषक क्षेत्र में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। शिक्षकों को घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक करने, स्कूल से बाहर बच्चों को चिन्हित कर उनका नामांकन कराने को कहा। एसआरज़ी नन्द कुमार पाठक ने सभी शिक्षकों से निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की अपील की। बैठक में सभी वरिष्ठ शिक्षक संकुल, अजय कुमार पाठक, प्रकाश चन्द्र मिश्रा, सुनील सिंह, सुनील दत्त शुक्ला, अनिल कुमार, धीरज श्रीवास्तव, कपिल सागर राकेश कुमार गौतम, गंगाराम यादव, उमाशंकर भास्कर व कर्मवीर राणा सहित काफी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## थारू जनजाति के साथ मनाया समरसता दिवस

सिरसिया (श्रावस्ती)


कार्यक्रम को संबोधित करते एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट, साथ में मौजूद अन्य।

**आयोजन**

**अमृत विचार।** सिरसिया के रानियापुर व भचकाही गांव में समरसता दिवस मनाया गया। अधिवक्ता परिषद अवध की जिला इकाई की ओर से आयोजित कार्यक्रम में थारू जनजाति के लोग मौजूद रहे।

सीमावर्ती जनजातियों के साथ न्याय केंद्र विषय पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। इस दौरान थारू समाज की बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा व अपनी मातृभाषा में लोकनृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान अधिवक्ता परिषद अवध क्षेत्र की प्रदेश महामंत्री मीनाक्षी परिहार सिंह ने कहा कि थारू जनजाति के साथ समरसता दिवस मनाने का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना तथा उसे मुख्यधारा से जोड़ना है। प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा कि जनजातीय समाज के साथ संपूर्ण समाज मजबूती से खड़ा है। एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट ऋषि दस ने ग्रामीणों से सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध अथवा अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल सशस्त्र सीमा बल को देंने की अपील की। इस मौके पर इकाई के अध्यक्ष ओपी शुक्ला, महामंत्री अजय मिश्रा, रनियापुर के ग्राम प्रधान राधेश्याम राना, अयोध्या प्रसाद राना, श्रवण कुमार पाण्डेय, दिनेश कुमार पाण्डेय, दिनेश पटेल, निर्भय, आलोक शुक्ला, गोंडा इकाई के महामंत्री धनलाल तिवारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## दौलतपुर चौकी इंचार्ज 10 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

नानपारा (बहराइच)


सुरेश चंद्र गिरी।

**अमृत विचार।** जनपद में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन देवीपाटन मंडल गोंडा की ट्रैप टीम ने थाना मोतीपुर क्षेत्र की दौलतपुर चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र गिरी को 10 हजार रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया।

जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता अवधेश कुमार ने आरोप लगाया था कि एक मामले की विवेचना में उनके परिजनों का नाम हटाने और जेल भेजने से बचाने के बदले चौकी प्रभारी द्वारा रिश्वत मांगी जा रही थी। शिकायत की पुष्टि के बाद निरीक्षक धनंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने सुनियोजित योजना बनाई। 28 अप्रैल 2026 को थाना मोतीपुर के निकट एक चाय की दुकान पर जाल बिछाकर आरोपी को रिश्वत लेते समय गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हलचल मच गई। आरोपी उपनिरीक्षक के खिलाफ कोतवाली नानपारा में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**आयोजन** यूथ एक्सपो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को किया गया सम्मानित

# सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारण अत्यंत आवश्यक : प्रिंस बाबू

बिशेश्वरगंज (बहराइच)


कार्यक्रम में सम्मानित हुए मेधावी छात्र व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ बिशेश्वरगंज द्वारा सोमवार को बैजनाथ फैमिली रेस्टोरेंट में यूथ एक्सपो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईआरएस प्रिंस बाबू मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। अनुराग द्विवेदी (93.5%), प्रणव पाण्डेय (90.34%), सौम्या द्विवेदी (88.16%), रुद्र प्रताप शुक्ल (86.5%), अन्नू मौर्या (86%) एवं लक्ष्मी द्विवेदी (85%) को मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी लगन और निष्ठा के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हों, तो सफलता निश्चित है। उन्होंने छात्रों से संवाद करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम का संचालन युवा प्रकोष्ठ के रवि मोहन शुक्ल ने किया। इस दौरान भवानी प्रसाद जटाशंकर मिश्र महाविद्यालय के प्राचार्य राज कुमार शुक्ल, सत्य नारायण शुक्ल शिक्षण संस्थान के संस्थापक शरद शुक्ल, न्यू सेंट जोसेफ एडमिनिस्ट्रेटिव विद्यालय के प्रबंधक शैलेंद्र सिंह, गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता सियाराम जायसवाल व वेद प्रकाश द्विवेदी, युवा प्रकोष्ठ के प्रेमचंद तिवारी तथा सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक वीरेंद्र बहादुर द्विवेदी सहित अन्य वक्ताओं ने भी छात्रों को मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम में बाला जी लाइब्रेरी के संचालक विकास शुक्ल, उदय मिश्र, विशाल मौर्य, सचिन मिश्र, आनंद श्रीवास्तव, अंकुर शुक्ल, सुधीर शुक्ल, सुभाष प्रजापति समेत बड़ी संख्या में प्रतियोगी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पेंशन से शिक्षक ने बढ़ाया मेधावियों का हौसला


हाईस्कूल के टॉपर नौसाद को 21000 रुपये व प्रमाण पत्र देते प्रेम सागर वर्मा।

**बदला चौराहा (श्रावस्ती), अमृत विचार।** ककंधू गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक प्रेम सागर वर्मा ने अपनी पेंशन के 85 हजार रुपये खर्च कर जिले के मेधावी छात्रों को सम्मानित कर एक नई मिसाल पेश की है। उन्होंने यूपी बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के टॉप-10 में स्थान पाने वाले 30 छात्रों को प्रोत्साहन राशि व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रेम सागर वर्मा खुद विभिन्न विद्यालयों में पहुंचे और छात्रों को सम्मानित किया। उनके इस प्रयास से छात्रों में उत्साह का माहौल है, वहीं अभिभावक भी इसे सराहनीय पहल मान रहे हैं। उन्होंने हाईस्कूल में बंठिहवा निवासी नौसाद को प्रथम स्थान प्राप्त कने पर 21 हजार रुपये की राशि प्रदान की। वहीं द्वितीय स्थान पर रहे सचिन शुक्ला को 10 हजार रुपये और तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से रहे अमर प्रकाश व रोशनी वर्मा को तीन - तीन हजार रुपये प्रदान किए गए। वहीं इंटरमीडिएट में मुस्कान यादव और खुशी श्रीवास्तव संयुक्त रूप से टॉपर रहीं, जिन्हें 10-10 हजार रुपये की राशि दी गई। द्वितीय स्थान पर रही सबिता यादव को 10 हजार रुपये और तृतीय स्थान पर सुशील मिश्र को 5 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया।इसके साथ ही अन्य 22 छात्रों को भी 500-500 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। प्रेम सागर वर्मा का कहना है कि ऐसे प्रयासों से छात्रों का मनोबल बढ़ता है और वे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी अपील की कि वे शिक्षा के क्षेत्र में आगे आकर सहयोग करें, ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर अवसर मिल सके।

विश्व नृत्य दिवस आज

# नृत्य : मन के भावों का अभिनीत गीत



नृत्य मनुष्य के उल्लास का प्रत्यक्ष भावात्मक प्रदर्शन है। जब मन उल्लास से भर उठता है, तो शारीरिक चेष्टाएं उसकी अभिव्यक्ति नृत्य के रूप में करती हैं। इस प्रकार नृत्य मन के भावों का अभिनीत गीत है। यदि सूक्ष्मता से देखें तो प्रकृति का हर तत्व खुशी में नृत्य करता जान पड़ता है। बरसते पानी में महकती धरती पर सिर्फ मोर ही नहीं नाचते, पेड़ों की डालियां भी वर्षा की बूंदों के साथ झूमती नजर आती हैं। प्रकृति से इतर अपनी सभ्यता और संस्कृति के विकास क्रम में मनुष्य ने नृत्य की लय और गति को विभिन्न शैलियों में बांधकर नृत्य के अनेक प्रकारों को सृजित किया है। भारत में बहुल सांस्कृतिक विविधता में विभिन्न नृत्य शैलियां विकसित हुईं हैं। इन नृत्य शैलियों को शास्त्रीय नृत्य और लोक नृत्य की दो श्रेणियों में रख सकते हैं। यह दोनों ही शैलियां भारतीय संस्कृति, इतिहास और सामाजिक जीवन के जीवंत प्रतीक हैं।



डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री
निदेशक, रुहेलखंड शोध संस्थान, शाहजहांपुर

भारत में लोक नृत्य की परंपरा अत्यंत प्राचीन, विविधतापूर्ण और जीवंत रही है, जो देश की सांस्कृतिक बहुलता का सशक्त प्रतीक है। यह परंपरा विभिन्न क्षेत्रों, जातीय समूहों और सामाजिक समुदायों के जीवन से गहराई से जुड़ी हुई है। भारत के प्रत्येक प्रदेश-जैसे पंजाब, राजस्थान, गुजरात और असम की अपनी विशिष्ट लोकनृत्य शैलियां हैं, जो वहां की भौगोलिक, ऐतिहासिक और सामाजिक परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करती हैं। लोक नृत्यों का उद्भव मुख्यतः कृषि-आधारित समाज से हुआ, जहां फसल कटाई, वर्षा, विवाह और धार्मिक उत्सवों के अवसर पर सामूहिक रूप से नृत्य किया जाता था।



उदाहरण के लिए, पंजाब का भांगड़ा फसल की खुशी का प्रतीक है, जबकि गुजरात का गरबा देवी-उपासना से जुड़ा हुआ है। इन नृत्यों में स्थानीय लोकगीत, वाद्य यंत्र और पारंपरिक वेशभूषा का महत्वपूर्ण स्थान होता है। आधुनिक समय में भी लोक नृत्य अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए हैं और सांस्कृतिक उत्सवों व मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से इन्हें नया आयाम मिला है।

### कथक नृत्य

कथक भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपराओं में एक प्रमुख और विकसित शैली है, जिसकी ऐतिहासिक जड़ें प्राचीन कथावाचन परंपरा से जुड़ी हैं। 'कथक' शब्द 'कथा' से बना है और प्रारंभ में कथक वे कलाकार थे, जो मंदिरों और जनसभाओं में धार्मिक कथाएं प्रस्तुत करते थे। यह शैली उत्तर भारत, विशेषत: उत्तर प्रदेश में विकसित हुई तथा लखनऊ और जयपुर घरानों के माध्यम से समृद्ध हुई। इसके विकास को तीन चरणों में देखा जा सकता है– मंदिर परंपरा, दरबारी प्रभाव और आधुनिक मंचीय स्वरूप। भक्ति काल में इसमें कृष्ण लीलाओं का वर्णन प्रमुख रहा, जबकि मुगल काल में इसमें नजाकत, श्रृंगार और तकनीकी जटिलता का समावेश हुआ। कथक की विशेषता उसकी भाव–भंगिमा, 'अभिनय', तेज 'तत्कार' और घूमरदार 'चक्कर' हैं, जो इसे विशिष्ट बनाते हैं।



### लिल्ली घोड़ी

लिल्ली घोड़ी या कठ घोड़वा नृत्य उत्तर प्रदेश और बिहार के ग्रामीण अंचलों में प्रचलित एक पारंपरिक लोकनृत्य है। यह नृत्य विवाह, मेलों और उत्सवों में प्रस्तुत किया जाता है। ऐतिहासिक रूप से इसका संबंध वीरता और घुड़सवारी की परंपरा से है। नर्तक लकड़ी या बांस से बने कृत्रिम घोड़े को कमर में बांधकर रंग–बिरंगे वस्त्रों में नृत्य करते हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है मानो वे घोड़े पर सवार हों। यह नृत्य मनोरंजन के साथ–साथ सामाजिक संदेशों का भी माध्यम रहा है।



### कजरी

कजरी भारतीय लोकसंगीत की एक भावप्रधान शैली है, जिसका उद्गम उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर और वाराणसी क्षेत्र में माना जाता है। सावन–भादों की वर्षा ऋतु में गाए जाने वाले कजरी गीत विरह, प्रेम और प्रकृति के सौंदर्य को अभिव्यक्त करते हैं। जब इन गीतों के साथ नृत्य किया जाता है, तो यह एक संपूर्ण सांस्कृतिक अनुभव बन जाता है। स्त्रियां समूह में झूला झूलते हुए या आंगन में गोल घेरा बनाकर कजरी गाती और नृत्य करती हैं। यह शैली ग्रामीण जीवन की सहज अभिव्यक्ति है, जिसमें भाव और लय का सुंदर संतुलन दिखाई देता है।



### मयूर नृत्य

मयूर नृत्य भारतीय लोक और शास्त्रीय परंपराओं का एक मनोहारी रूप है, जो विशेष रूप से ब्रज क्षेत्र में प्रचलित है। इसका संबंध कृष्ण की लीलाओं और प्रकृति–प्रेम से जोड़ा जाता है। वर्षा ऋतु में मोर के नृत्य से प्रेरित होकर यह शैली विकसित हुई। कलाकार मोर के पंखों से सुसज्जित वेशभूषा पहनकर उसकी चाल और मुद्राओं का अनुकरण करते हैं। बांसुरी, ढोलक और मंजीरा जैसे वाद्य यंत्र इसकी लयात्मकता को और अधिक आकर्षक बनाते हैं।

### जोगिनी नृत्य

जोगिनी नृत्य उत्तराखंड और हिमालयी क्षेत्र की लोकसंस्कृति का एक आध्यात्मिक रूप है। यह देवी–उपासना और धार्मिक अनुष्ठानों से जुड़ा हुआ है। इस नृत्य में नर्तक भावावेश में आकर नृत्य करते हैं, जिससे दैवीय अनुभूति का संचार होता है। ढोल, दमाऊ और रणसिंघा जैसे वाद्य यंत्र इसकी ऊर्जा को बढ़ाते हैं। इस प्रकार भारत के लोक नृत्य न केवल मनोरंजन के साधन हैं, बल्कि वे देश की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक जीवन और ऐतिहासिक परंपराओं का सजीव प्रतिबिंब भी प्रस्तुत करते हैं।



### छपेली

छपेली नृत्य उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र का एक लोकप्रिय लोकनृत्य है, जो वसंत ऋतु और होली जैसे उत्सवों पर किया जाता है। इसमें स्त्री–पुरुष युगल के रूप में भाग लेते हैं और लोकगीतों की धुन पर संवादात्मक शैली में नृत्य करते हैं। इसमें श्रृंगार, हास्य और सामाजिक जीवन के विविध रंग दिखाई देते हैं। हुड़का और मंजीरा जैसे वाद्य यंत्र इसकी लय को सजीव बनाते हैं।

### पाय डंडा

पाय डंडा नृत्य उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में प्रचलित एक ऊर्जावान लोकनृत्य है। यह नृत्य मुख्यत: फसल कटाई, मेलों और धार्मिक अवसरों पर किया जाता है। इसमें डंडों का तालबद्ध टकराव वीरता और समन्वय का प्रतीक होता है। इसका संबंध प्राचीन युद्धाभ्यास और शारीरिक कौशल से भी जोड़ा जाता है।



**नौटंकी** नौटंकी उत्तर भारत की एक लोकप्रिय लोकनाट्य परंपरा है, जिसमें संगीत, गायन, संवाद और नृत्य का समन्वय होता है। इसका विकास विशेषत: उत्तर प्रदेश में हुआ। नौटंकी में नृत्य कथा–वाचन का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसमें कथक की छाप स्पष्ट दिखाई देती है, विशेषकर चक्कर और भाव–भंगिमा में। ढोलक, नगाड़ा और हारमोनियम की ताल पर कलाकार नृत्य करते हुए कथा को जीवंत बनाते हैं। नौटंकी में सम्मिलित नृत्य स्वरूप विविध लोक और शास्त्रीय शैलियों से प्रभावित होते हैं। इनमें कथक की छाप स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, विशेषकर उसकी घूमरदार चाल, चक्कर और भाव–भंगिमा में। इसके साथ ही लोकनृत्य की सरलता और सहजता भी इसमें समाहित रहती है, जिससे यह आम जनमानस के लिए अधिक ग्राह्य बन जाता है। नौटंकी के नृत्य में अभिनय (अभिनयात्मक नृत्य) का विशेष स्थान होता है। कलाकार गीतों और संवादों के बीच नृत्य करते हुए कथा के भावों को अभिव्यक्त करते हैं। स्त्री पात्रों की भूमिका, चाहे पुरुष कलाकार निभाएं या स्त्रियां, उसमें लयात्मकता और नज़ाकत का समावेश होता है। नृत्य की गतियां अधिक जटिल न होकर दर्शकों के साथ संवाद स्थापित करने वाली होती हैं।

आर्ट गैलरी

## सहयोग और जीवन की यात्रा दर्शाती पेंटिंग



यह पेंटिंग आधुनिक शैली की एक प्रभावशाली रचना है, जिसमें मानव जीवन, श्रम और सामाजिक संबंधों को प्रतीकात्मक रूप में दर्शाया गया है। चित्र में कई मानव आकृतियां दिखाई देती हैं, जिन्हें ज्यामितीय आकृतियों जैसे वृत्त, त्रिभुज और आयत के माध्यम से उकेरा गया है। यह शैली चित्र को अमूर्तता प्रदान करती है और दर्शक को गहराई से सोचने के लिए प्रेरित करती है। चित्र के केंद्र में कुछ महिलाएं और पुरुष दिखाई देते हैं, जो अपने–अपने कार्यों में लगे हुए हैं। किसी के हाथ में घड़ा है, तो कोई सहारा देता हुआ प्रतीत होता है। यह सामूहिकता और सहयोग की भावना को दर्शाता है।

आकृतियों के झुके हुए चेहरे और सरल भाव जीवन की गंभीरता, संघर्ष और संवेदनशीलता को व्यक्त करते हैं। रंगों का प्रयोग भी बहुत सूक्ष्म और संतुलित है। हल्के नीले, हरे, भूरे और पीले रंगों का संयोजन शांति और स्थिरता का वातावरण बनाता है। पृष्ठभूमि का हरा रंग प्रकृति और जीवन का प्रतीक है, जबकि धूसर रंग मानव जीवन की कठिनाइयों को दर्शाता है। चित्र में रेखाओं और आकृतियों का संतुलन यह दर्शाता है कि कलाकार ने केवल दृश्य नहीं, बल्कि भावनाओं को भी उकेरने का प्रयास किया है। यह पेंटिंग केवल एक दृश्य प्रस्तुत नहीं करती, बल्कि समाज में परस्पर निर्भरता, सहानुभूति और एकता का संदेश देती है। समग्र रूप से यह पेंटिंग दर्शाती है कि जीवन में संघर्ष और कठिनाइयों के बावजूद, मनुष्य आपसी सहयोग और समझ के माध्यम से आगे बढ़ता है। कलाकार ने अपनी अनूठी शैली के माध्यम से साधारण जीवन को असाधारण अर्थ प्रदान किया है, जो इस कृति को विशेष बनाता है।

### नीरज के बारें में



नीरज गोस्वामी भारत के एक प्रसिद्ध समकालीन चित्रकार और मूर्तिकार हैं, जिन्होंने अपनी अनूठी कला शैली से विशेष पहचान बनाई है। वे विशेष रूप से तेल रंगों के कुशल प्रयोग के लिए जाने जाते हैं, जिनसे उनकी पेंटिंग्स में अद्भुत चमक और जीवंतता दिखाई देती है। उनकी कलाकृतियों में आधुनिकता और भावनात्मक गहराई का सुंदर समन्वय मिलता है। नीरज गोस्वामी की रचनाएं दर्शकों को आकर्षित करने के साथ–साथ विचार करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने भारतीय कला जगत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और अपनी सृजनशीलता के माध्यम से कला को नई दिशा प्रदान की है। वे सेलेडॉन पोर्सिलेन और ओनिक्स स्टायरेशन के रंगों का उपयोग करते हैं, जिससे उनके कैनवस में एक सौम्य चमक और अद्वितीय रंग संयोजन समाहित हो जाता है। नीरज की पेंटिंग्स कीमती पत्थरों से मिलती–जुलती होने के लिए जानी जाती हैं, जिनमें एक ऐसी पारदर्शिता दिखाई देती है, जो कला जगत में शायद ही कभी देखने को मिलती है। वे अपनी कलाकृतियों में एक उल्लेखनीय दीप्ति प्राप्त करते हैं, जिससे वे एक विशिष्ट और चमकदार गुणवत्ता के साथ अलग दिखती हैं। तेल रंगों पर अपनी महारत और रंगों के अनूठे संयोजन के माध्यम से, नीरज गोस्वामी पारंपरिक सीमाओं को पार करते हुए ऐसी कलाकृतियां बनाते हैं, जो अपनी चमक और दीप्ति से मंत्रमुग्ध कर देती हैं।

अनोखी परंपरा

## नेपाल के न्यिनबा समुदाय में आज भी प्रचलित है 'पांचाली' प्रथा

हिमालय की ऊंची वादियों में स्थित नेपाल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ कुछ अनोखी और कम ज्ञात परंपराओं के लिए भी पहचाना जाता है। इन्हीं में से एक है 'पांचाली' प्रथा, जिसे भ्रातृ बहुपतित्व कहा जाता है। यह परंपरा महाभारत की द्रौपदी की कथा की याद दिलाती है और आज भी नेपाल के सुदूर हुमला जिले में रहने वाले न्यिनबा समुदाय के बीच प्रचलित है। इस प्रथा के अनुसार, एक ही महिला का विवाह परिवार के सभी भाइयों से कराया जाता है। आधुनिक समाज में यह व्यवस्था असामान्य लग सकती है, लेकिन इसके पीछे गहरे सामाजिक और आर्थिक कारण निहित हैं।

हुमला जिले के दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में बसे न्यिनबा लोग अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन करते हैं। समुद्र तल से ऊंचाई पर स्थित इन गांवों में खेती सीमित है और संसाधन बहुत कम हैं। ऐसे में परिवार की जमीन का बंटवारा उनके लिए बड़ी समस्या बन सकता है। यदि प्रत्येक भाई अलग विवाह करे, तो जमीन छोटे-छोटे हिस्सों में बंट जाएगी, जिससे उत्पादन घटेगा और आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। इस समस्या से बचने के लिए सभी भाइयों की शादी एक ही महिला से कर दी जाती है, जिससे संपत्ति संयुक्त रहती है और परिवार आर्थिक रूप से स्थिर बना रहता है।

इस व्यवस्था में विवाह सामान्यतः बड़े भाई से होता है, जो परिवार का मुखिया भी होता है। विवाह के बाद महिला सभी भाइयों की पत्नी मानी जाती है और परिवार सामूहिक रूप से जीवन जीता है। घर और आजीविका से जुड़े निर्णय बड़े भाई द्वारा लिए जाते हैं, जबकि अन्य सदस्य भी समान रूप से जिम्मेदारियां निभाते हैं। बच्चों को किसी एक पिता से नहीं जोड़ा जाता, बल्कि पूरे परिवार की संतान माना जाता है, जिससे पारिवारिक विवाद की संभावना कम हो जाती है। न्यिनबा समुदाय में महिलाएं घर और खेतों का कार्य संभालती हैं, जबकि पुरुष पशुपालन और व्यापार में लगे रहते हैं। जौ, बाजरा और आलू की खेती तथा नमक और ऊन का व्यापार उनकी आजीविका के मुख्य साधन हैं। हालांकि नेपाल सरकार ने 1963 में इस प्रथा पर कानूनी प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन दूरस्थ क्षेत्रों में इसका प्रभाव सीमित रहा है। 1980 के दशक में मानवशास्त्री नैन्सी लेविन ने इस परंपरा का अध्ययन करते हुए इसे केवल सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में जीवित रहने की रणनीति बताया। आज भी यह प्रथा वहां के लोगों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनी हुई है।



## बज्जिकांचल की बसेरी कला और कंचन प्रकाश

मानव की प्रारंभिक अभिव्यक्तियों में चित्रांकन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रागैतिहासिक शैलाश्रय चित्र इस बात के सशक्त प्रमाण हैं कि मनुष्य ने अपनी अनुभूतियों, शिकार-जीवन और प्रतीकों को दृश्य रूप में अंकित किया। भाषा, संकेत और मौखिक परंपराओं के समानांतर विकसित होते हुए भी चित्रकला ने सामाजिक-सांस्कृतिक स्मृति के निर्माण में विशिष्ट योगदान दिया। यही परंपरा गुफा-चित्रों से आगे बढ़ते हुए विभिन्न सभ्यताओं में विकसित हुई और आज भी लोकजीवन में जीवित है। भारत के अनेक अंचलों की लोक चित्रकलाएं समकालीन कला परिदृश्य में अपनी सशक्त उपस्थिति बनाए हुए हैं। आधुनिकता के विस्तार के बावजूद लोकचित्रों की प्रतीकात्मकता और सामुदायिक ऊर्जा आज भी आकर्षण का केंद्र है।

इसी सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित करती प्रदर्शनी 'बज्जिका आर्टः कंचन प्रकाश और संजू देवी के बीच एक संवाद' का उद्घाटन 11 फरवरी 2026 को दिल्ली स्थित चंपा ट्री आर्ट गैलरी में हुआ। यह पहल आईसीसीआर, म्यूजियम ऑफ सेक्रेड आर्ट (MOSA) और गैलरी के संयुक्त सहयोग से आयोजित की गई। चित्रकार कंचन प्रकाश और सुजनी कढ़ाई कलाकार संजू कुमारी को साथ प्रस्तुत करते हुए यह प्रदर्शनी रंग और धागे के बीच संवाद रचती है। कथात्मक कढ़ाई और समानांतर चित्रित रूपों के माध्यम से यह आयोजन स्त्री सृजनशीलता और बज्जिका अंचल की जीवित परंपराओं को सामने लाता है।





सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

बज्जिकांचल की जिस बसेरी (या बंसेरी/देव-सिंगार) लोककला को यहां प्रमुखता दी गई, वह मिथिला या मंजूषा की तरह व्यापक पहचान नहीं पा सकी है। बज्जिका के विद्वान उदय नारायण सिंह के अनुसार बसेरी कला कभी इस अंचल की सांस्कृतिक पहचान थी, जो आधुनिकता की चकाचौंध में धूमिल पड़ रही है। फिर भी कुछ कला अनुरागी इसे जीवित रखे हुए हैं। इस परंपरा को संजोने में चुल्हिया देवी, वासमती देवी, इंदिरा देवी और कृति देवी जैसी महिला कलाकारों का उल्लेखनीय योगदान रहा है।





बसेरी कला मूलतः विवाह-परंपराओं से जुड़ी भित्ति-चित्रकला है। बज्जिकांचल, जिसमें बिहार के मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर और वैशाली जिले शामिल हैं, में यह विश्वास है कि विवाह के समय बांस-पूजन से वंश-वृद्धि और समृद्धि होती है। विवाह से पूर्व 'मटकोर' नामक रस्म के अवसर पर घर की बाहरी दीवारों को गोबर-मिट्टी से लीपकर उन पर बांस, पशु-पक्षी, फूल-पत्तियों और मंगल प्रतीकों का अंकन किया जाता है। कुछ स्थानों पर इस कार्य में नाई जाति की स्त्रियों की भी सहभागिता होती है।

मटकोर बिहार के ग्रामीण हिंदू विवाह संस्कारों की एक प्राचीन रस्म है। विवाह से एक-दो दिन पूर्व महिलाएं तालाब या खेत से मंगलगीत गाते हुए शुद्ध मिट्टी लाती हैं, जिससे मंडप (मड़वा) की वेदी तैयार की जाती है। यह मिट्टी धरती माता के आशीर्वाद, उर्वरता और नवजीवन का प्रतीक मानी जाती है। इसी क्रम में बांस के झुरमुट पर जाकर उसकी पूजा की जाती है। रोली, हल्दी, अक्षत और दीप अर्पित कर बांस देवता से अनुमति ली जाती है, तभी चयनित बांस काटा जाता है। बांस स्थायित्व, लचक और वंश वृद्धि का प्रतीक है।

बसेरी चित्र इन्हीं सांस्कृतिक मान्यताओं से प्रेरित होते हैं। दीवारों पर लंबवत बांस-आकृतियां, पत्तियां, चिड़ियां, लताएं और कभी-कभी सूर्य या कलश जैसे प्रतीक अंकित किए जाते हैं। रंगों में गेरुआ, हरा, पीला और नीला प्रमुख होते हैं। रेखांकन सरल, सजावटी और प्रतीकात्मक होता है। यह स्त्रियों की सामूहिक सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है, जो विवाह को प्रकृति और समुदाय से जोड़ती है।

राज्य पुरस्कार और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की सीनियर फेलोशिप से सम्मानित कंचन प्रकाश ने इस दीवार-कला को कागज और कैनवास पर रूपांतरित कर नई पहचान दी है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कला संकाय से शिक्षित कंचन आधुनिक और समकालीन कला-भाषा से परिचित होते हुए भी अपने अंचल की परंपरा को संरक्षित और संवर्धित करने में सक्रिय हैं। उनके प्रयासों से यह विलुप्तप्राय कला राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मंचों तक पहुंच रही है।

वस्तुतः बसेरी कला केवल एक लोकचित्र परंपरा नहीं, बल्कि प्रकृति-सम्मान, स्त्री-सृजन और सामुदायिक एकता का जीवंत सांस्कृतिक दस्तावेज है। इसके संरक्षण और संवर्धन के प्रयास निरंतर जारी रहें, यही अपेक्षा है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,886.91 | 23,995.70 |
| गिरावट | 416.72 | 97.00 |
| प्रतिशत में | 0.54 | 0.40 |

सोना 1,54,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,44,000 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, बुधवार, 29 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### इन्फोसिस, एक्सेंचर भारत में करियर के लिए शीर्ष कंपनियां

**नयी दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस भारत में करियर विकास के लिए शीर्ष कंपनी बनकर उभरी है। इसके बाद एक्सेंचर और अमेजन का स्थान है। यह जानकारी मंगलवार को जारी लिंक्डइन की '2026 शीर्ष कंपनियां' सूची में दी गई है। वार्षिक सूची का यह 10वां संस्करण है, जिसमें 25 बड़ी कंपनियों को शामिल किया गया है। इस सूची में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों, वैश्विक सलाहकार फर्मों और वित्तीय दिग्गजों का दबदबा है। जेपी मॉर्गन चेस और एसएपी ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया है। वर्ष 2026 की इस सूची में दस नई कंपनियों ने प्रवेश किया है।

### मदर डेयरी की 30 नये उत्पादों की घोषणा

**नयी दिल्ली।** मदर डेयरी ने इस बार गर्मी के सीजन में 30 से अधिक नये उत्पाद बाजार में उतारने की मंगलवार को घोषणा की और कहा कि इससे उससे प्रमुख श्रेणियों में कारोबार 30 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इन मूल्य-वर्द्धित उत्पादों को पूरे सीजन के दौरान चरणबद्ध तरीके से बाजार में उतारा जायेगा। इंडल्जेंस, सेहत, सुविधा और क्षेत्रीय पसंद जैसे प्रमुख पहलुओं पर आधारित ये उत्पाद हर उम्र के उपभोक्ताओं और बदलती जीवनशैली के लिए विविध और आकर्षक विकल्प पेश करते हैं। आइसक्रीम सेगमेंट में ब्रांड लगभग 20 नये उत्पाद ला रहा है।

### विशाखापत्तनम में गूगल डेटा सेंटर का शिलान्यास

**तारलुवाड़ा (आंध्र प्रदेश)।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की बढ़ती डिजिटल क्षमता का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कहा कि 15 अरब डॉलर के आगामी गूगल एआई डेटा सेंटर के साथ विशाखापत्तनम कृत्रिम मेधा (एआई) केंद्र के रूप में उभरेगा। विशाखापत्तनम के तारलुवाड़ा में 'गूगल क्लाउड इंडिया एआई डेटा सेंटर' के शिलान्यास समारोह में उन्होंने कहा कि यह पहल भारत के एआई आधारित डिजिटल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह परियोजना अदाणी कॉनेक्स और एयरटेल नेक्सट्रा के साथ साझेदारी में विकसित की जा रही है।

### मारुति सुजुकी का शुद्ध लाभ 6.45 प्रतिशत घटा

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 6.45 प्रतिशत घटकर 3,659 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में उसे 3,911.1 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार यह सूचना दी।

# कच्चे तेल में उछाल से सहमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 417 अंक फिसला

## बैंक, वित्तीय एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में गिरावट से भी नुकसान में रहे सूचकांक

**मुंबई, एजेंसी**

कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज उछाल और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव में मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 417 अंकों के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 97 अंक गिरकर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि मुख्य रूप से बैंक, वित्तीय एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट से मानक सूचकांक नुकसान में रहे।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 416.72 अंक यानी 0.54 प्रतिशत गिरकर 76,886.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 562.57 अंक तक लुढ़ककर 76,741.06 तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 97 अंक यानी 0.40 प्रतिशत गिरकर 23,995.70 अंक पर बंद हुआ।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितता के जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया और निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। इसके अलावा नियामकीय प्रावधानों के कारण बैंकों के शेयर भी दबाव में रहे।

बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,257 कंपनियों के शेयर गिरकर बंद हुए जबकि 1,998 कंपनियों में तेजी रही और 172 अन्य अपरिवर्तित रहे।

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला जबकि अमेरिकी बाजार सोमवार को स्थिर बंद हुए थे। इससे पहले, सोमवार को सेंसेक्स 639.42 अंक चढ़कर 77,303.63 और निफ्टी 194.75 अंक बढ़कर 24,092.70 पर बंद हुआ था।



**ब्रेंट क्रूड 2.97 % उछलकर 111.4 डॉलर प्रति बैरल**

**नुकसान में रहे शेयर :-** एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, इंटरग्लोब एविएशन, मारुति सुजुकी, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

**बढ़त के साथ बंद हुए :-** रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और सन फार्मा।

### मिडकैप में 0.27 प्रतिशत की गिरावट

बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.42 प्रतिशत की बढ़त पर रहा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 0.27% की गिरावट में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक खंड में सर्वाधिक 2.20 प्रतिशत की सुस्ती रही जबकि बैंकेक्स 1.61 प्रतिशत गिर गया। निजी बैंकों के खंड में 1.23 प्रतिशत और वाहन खंड में 0.98 प्रतिशत की गिरावट रही।

- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड करीब 2.97 प्रतिशत उछलकर 111.4 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,151.48 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की।

### एक्सपर्ट्स की राय

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि आरबीआई ने बैंकों के लिए 'प्रत्याशित ऋण ह्रास' (ईसीएल) ढांचे को अप्रैल 2027 से लागू करने को अंतिम रूप दे दिया है। इस बदलाव के कारण निकट अवधि में बैंकों की वित्तीय प्रावधान की जरूरत बढ़ सकती है।

एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों का 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाना, रुपये का 94.5 के ऊपर चले जाना और एफआईआई की लगातार निकासी से भारतीय बाजार पर दबाव बना हुआ है।

**कैपिटल सब्सिडी और एसजीएसटी रिम्बर्समेंट से निवेश लागत में बड़ी राहत**

# गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे उद्योग लगाने पर खर्च होगा कम

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के तहत गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित हो रहे इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स (आईएमएलसी) में निवेश करने वाले उद्योगों को एलिजिबल कैपिटल इनवेस्टमेंट (ईसीआई) पर 42% तक कैपिटल सब्सिडी और 100% नेट एसजीएसटी रिइम्बर्समेंट (ईसीआई के 300% तक) की सुविधा से निवेश लागत में बड़ी राहत दे रही है। आईएमएलसी अब देश के प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में उभर रहे हैं।

सरकार द्वारा दी जा रही बहुस्तरीय सब्सिडी, टैक्स छूट और आसान प्रक्रियाओं ने इसे निवेशकों के लिए 'हाई-इंसेंटिव कॉरिडोर' बना दिया है। सरकार ने विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रावधान किए हैं। सरकारी भूमि पर 80% तक फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी और 35% तक कैपिटल सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है।

इसके अलावा, आईएमएलसी में स्थापित इकाइयों को भूमि पंजीकरण पर 100% स्टाम्प ड्यूटी छूट मिलती है, जिससे उद्योग स्थापना आसान और किफायती हो जाती है। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए ऊर्जा और नवाचार पर विशेष जोर दिया गया है।

एफडीआई और फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनियों को 5 वर्षों तक 100% बिजली शुल्क (इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी) में छूट दी जा रही है। ग्रीन इंडस्ट्री को प्रोत्साहित करने के लिए 50% तक (अधिकतम 2.5 करोड़) का इंसेंटिव दिया जा रहा है, जबकि रिसर्च एवं डेवलपमेंट के लिए 10 करोड़ तक का अनुदान उपलब्ध है।




### 'निवेश मित्र' से आसान और पारदर्शी प्रक्रिया

निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए निवेश मित्र सिंगल विंडो पोर्टल को सशक्त किया गया है। इस प्लेटफॉर्म पर 500 से अधिक सेवाएं उपलब्ध हैं, जिनमें भूमि आवंटन, स्वीकृति और इंसेंटिव ट्रैकिंग शामिल है। इससे निवेशकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और समय की बचत होती है।

- एफडीआई, भूमि और स्टाम्प ड्यूटी में विशेष रियायतें, पावर, ग्रीन और आरएंडडी इंसेंटिव से इंडस्ट्री को बढ़ावा

### बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा

आईएमएलसी में स्थापित उद्योगों को केंद्र सरकार की पीएलआई योजना के साथ 30% तक अतिरिक्त टॉप-अप दिया जा रहा है। इससे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलती है और बड़े निवेश आकर्षित होते हैं। सरकार का लक्ष्य है कि गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित ये औद्योगिक क्लस्टर न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# निर्यात होगा 25 लाख टन गेहूं, अधिसूचना जारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीएफटी ने 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति देने के सरकार के फैसले को अधिसूचित कर दिया है। केंद्र ने 20 अप्रैल को एक और अच्छी फसल की संभावना के बीच भंडार की आरामदायक स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति दी थी।

इसके साथ ही अब कुल 50 लाख टन गेहूं और 10 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की अनुमति मिल गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि गेहूं की निर्यात नीति प्रतिबंधित बनी रहेगी। हालांकि, अतिरिक्त 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति है।

इसमें कहा गया कि इसके लिए विस्तृत तौर-तरीकों को एक अलग आदेश के माध्यम से अधिसूचित किया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया कि इसके अलावा 13 मई, 2022 की डीजीएफटी की अधिसूचना में उल्लेखित मौजूदा नीतिगत स्थिति लागू रहेगी, जिसमें भारत सरकार द्वारा अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दी गई अनुमति और उनकी सरकारों के अनुरोध के आधार पर भी निर्यात की अनुमति दी जाएगी। यह मात्रा उक्त 25 लाख टन गेहूं निर्यात की अनुमति के अतिरिक्त होगी। कृषि मंत्रालय के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के लिए देश का गेहूं उत्पादन 12.02 करोड़ टन रहने का अनुमान है।



- फसली वर्ष 2025-26 में देश में गेहूं का उत्पादन 12 करोड़ टन रहने का अनुमान

### रुपया 53 पैसे टूटकर 94.68 प्रति डॉलर पर

**मुंबई,एजेंसी।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 53 पैसे टूटकर 94.68 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण निवेशकों का भरोसा कम होने से रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा है कि चालू खाते के घाटे (सीएडी) में संभावित वृद्धि और अस्थिर पूंजी प्रवाह के कारण भी रुपये में तेज गिरावट आई है।

इसके अलावा, विदेशी निवेशकों द्वारा निरंतर निकासी से रुपये पर दबाव पड़ा है। इस साल अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 19 अरब डॉलर से अधिक की निकासी की है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.35 पर खुला और कारोबार के अंत में यह 94.68 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 53 पैसे की गिरावट है।

# एटीएफ कीमतों पर जल्द राहत दे सरकार

**मुंबई, एजेंसी**

देश की प्रमुख विमानन कंपनियों ने एटीएफ कीमतों की वजह से विमानन उद्योग के 'अत्यधिक दबाव' में होने का जिक्र करते हुए कहा है कि तत्काल राहत नहीं दिए जाने पर संचालन ठप होने की भी स्थिति बन सकती है।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने नागर विमानन मंत्रालय को पत्र लिखकर विमानन ईंधन (एटीएफ) की कीमतों, करों में राहत और घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए समान मूल्य निर्धारण व्यवस्था की बहाली की मांग की है।

एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट की भागीदारी वाले इस संगठन ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है, जबकि कई क्षेत्रों में हवाई क्षेत्र पाबंदियों ने परिचालन लागत और बढ़ा दी है। विमानन कंपनियों के कुल परिचालन खर्च का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा एटीएफ का ही होता है। एफआईए ने 26 अप्रैल को लिखे पत्र में कहा कि किसी भी प्रकार के तदर्थ मूल्य निर्धारण (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय के बीच) या एटीएफ की कीमतों में अनुचित वृद्धि से एयरलाइंस को भारी नुकसान होगा और विमान खड़ा करने की नौबत आ सकती है, जिससे उड़ानें रद्द करनी पड़ेंगी।

एयरलाइंस ने एटीएफ पर 11 प्रतिशत उत्पाद शुल्क को अस्थायी रूप से स्थगित करने की भी मांग की है। उनका कहना है कि ईंधन की बढ़ी कीमतों और रुपये में गिरावट के कारण लागत और अधिक बढ़ गई है। एयरलाइंस संगठन के मुताबिक, सरकार ने पिछले महीने घरेलू उड़ानों के लिए एटीएफ कीमतों में बढ़ोतरी को 15 रुपये प्रति लीटर तक सीमित किया था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए कीमतों में 73 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हो गई। इससे वैश्विक उड़ानों पर गंभीर असर पड़ा है और अप्रैल में भारी नुकसान हुआ है।

एयरलाइंस ने चेतावनी दी है कि मौजूदा मूल्य ढांचा यदि जारी रहा तो घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों का संचालन असंभव हो जाएगा और उद्योग गंभीर संकट में पहुंच सकता है।



- एयरलाइन संगठन ने पत्र लिखकर सरकार से की मांग

### विस चुनाव बाद नहीं बढ़ेंगी पेट्रोल, डीजल की कीमतें : सरकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि सरकार की पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में मतदान समाप्त होने के बाद कीमतों में बढ़ोतरी की अटकलों को खारिज किया। पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में रिकॉर्ड चौथे साल भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण पिछले दो महीनों में कच्चा तेल 50 प्रतिशत से अधिक महंगा हो गया है। लागत और बिक्री मूल्य के बीच बढ़ते अंतर के कारण सरकारी तेल कंपनियों को भारी नुकसान हो रहा है। कुछ अनुमानों के अनुसार यह दैनिक नुकसान लगभग 2,400 करोड़ रुपये है। इसी कारण अटकलें लगाई जा रही थीं कि असम, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव बुधवार को संपन्न होने के बाद कीमतों में तत्काल बढ़ोतरी हो सकती है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# निर्वाचन आयोग ने एनआईए से कहा देसी बमों का उपयोग रोका जाए

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि शरारती तत्व मतदान में बाधा डालने और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने के लिए बमों का इस्तेमाल न कर पाएं।

आयोग के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह निर्देश चुनावी राज्य में देसी बमों की बरामदगी और एक हल्के विस्फोट की रिपोर्ट के बाद आया है। राज्य में पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को हुआ था, जबकि दूसरे एवं अंतिम चरण का मतदान बुधवार को होगा।

अधिकारियों ने कहा कि आयोग पश्चिम बंगाल में मतदान के दिन या चुनाव के बाद की हिंसा को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहा है। निर्वाचन आयोग का यह निर्देश तब आया जब पुलिस ने 26 अप्रैल को दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ में एक व्यक्ति के घर से बड़ी संख्या में देसी बम बरामद किए, जो बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का कथित कार्यकर्ता है। यह घटना राज्य में विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण से कुछ दिन पहले हुई।

बाद में केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर एनआईए ने राज्य में 79 देसी बमों की बरामदगी की जांच के लिए एक मामला दर्ज किया।

एनआईए के प्रवक्ता ने बीते रविवार को कहा था कि आतंकवाद रोधी एजेंसी ने आज एक मामला दर्ज किया, जो मूल रूप से शनिवार को कोलकाता के भांगड़ संभाग के उत्तर काशी पुलिस थाना में दर्ज किया गया था, और जांच शुरू कर दी है।



कोलकाता के भवानीपुर में 29 अप्रैल को होने वाल मतदान से पूर्व केंद्रीय सुरक्षा बलों की उच्च स्तरीय गश्त जारी है। ● अमृत विचार

# न्यायाधिकरण से मंजूरी प्राप्त 1,468 मतदाता बंगाल चुनाव के दूसरे चरण में कर सकेंगे मतदान : अधिकारी

**कोलकाता, एजेंसी**

एसआईआर से जुड़े न्यायाधिकरण के आदेशों के बाद पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में कुल 1,468 लोगों का नाम जोड़ा गया है, जो 29 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग के अनुसार, जिन मतदाताओं के नाम पूरक मतदाता सूची में हैं, वे आयोग की वेबसाइट पर अपना मतदाता पहचान पत्र क्रमांक दर्ज करके अपने विवरण की जांच कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं की अपीलों का निपटारा अपीलीय न्यायाधिकरणों द्वारा 27 अप्रैल तक कर दिया गया था, उन्हें एक पूरक मतदाता सूची में शामिल किया गया है, और वे दूसरे चरण में मतदान कर सकेंगे। दूसरे चरण में मतदान पश्चिम बंगाल के सात जिलों में फैले 142 निर्वाचन क्षेत्रों में होगा।

**... चलें बूथ की ओर**



पश्चिम बंगाल : अंतिम चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हो गयीं। हावड़ा के बागनान स्थित डीसीआरसी केंद्र से ईवीएम-चुनाव सामग्री लेकर निकलतीं मतदान कर्मी। ● फोटो : शुभंकर चक्रवर्ती

# आम जनता बनाम ममता की लड़ाई बन गया है पश्चिम बंगाल चुनाव : समिक भट्टाचार्या

**कोलकाता, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्या ने तृणमूल कांग्रेस को 'जीवित अवशेष' मात्र बताते हुए कहा है कि यह चुनाव 'आम जनता बनाम ममता' की लड़ाई बन चुका है। पश्चिम बंगाल चुनाव के पहले चरण में हुए भारी मतदान को अभूतपूर्व बताते हुए श्री भट्टाचार्या ने कहा कि 93.19 प्रतिशत मतदान इस बात का साफ इशारा है कि ममता बनर्जी अब सत्ता से जा रही हैं। श्री भट्टाचार्या ने बातचीत में कहा कि ममता बनर्जी की विदाई तय है। इतनी बड़ी संख्या में हुआ मतदान सत्ता विरोधी लहर को दिखाता है। यही माहौल चुनाव के दूसरे चरण में भी बना रहेगा। हमें भरोसा है कि हम बंगाल में बड़ी जीत हासिल करेंगे और चार मई को सरकार बनाएंगे। पश्चिम बंगाल में दो चरणों के विधानसभा चुनाव के तहत पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को हुआ था और दूसरे चरण की वोटिंग बुधवार को होगी और नतीजों की घोषणा चार मई को की जाएगी। घुसपैठियों पर उन्होंने कहा कि राज्य के कई सीमावर्ती जिलों की आबादी और संरचना में अब तक बहुत बड़ा बदलाव आ चुका है। पश्चिम बंगाल की बांग्लादेश के साथ लगभग 2,216 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है, जो किसी भी भारतीय राज्य की सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय थल और नदी सीमा है। श्री भट्टाचार्या ने आरोप लगाया कि बंगाल के सीमावर्ती जिलों की पूरी जनसांख्यिकी बदल गई है। इसमें कोई शक नहीं है कि तृणमूल ने सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दिया और देश की सुरक्षा को खतरे में डाला है।

# उपद्रवियों पर कार्रवाई को लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ याचिका दायर

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता उच्च न्यायालय में मंगलवार को एक याचिका दायर की गई, जिसमें आरोप लगाया गया है कि निर्वाचन आयोग पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई के सिलसिले में उसकी तरफ से जारी आदेश पर अमल नहीं कर रहा है।

उच्च न्यायालय ने 22 अप्रैल को आयोग की ओर से नियुक्त पुलिस पर्यवेक्षक के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें कुछ नागरिकों को उपद्रवी करार दिया गया था और संबंधित अधिकारियों को उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था।

तृणमूल कांग्रेस के सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष दायर याचिका में दावा किया कि आयोग ने लगभग 350 लोगों की एक नयी सूची तैयार की है, जिनके खिलाफ कार्रवाई की जानी है। इस खंडपीठ में न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन भी शामिल हैं। याचिका में बनर्जी ने आरोप लगाया कि उच्च न्यायालय ने आदेश के कार्यान्वयन पर 30 जून तक रोक लगा दी थी, लेकिन निर्वाचन आयोग इसका पालन नहीं कर रहा है। खंडपीठ ने बनर्जी के मुवक्किल को उनकी तरफ से मौखिक रूप से किए गए अनुरोध पर अवमानना याचिका दायर करने की अनुमति दे दी।

हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया था कि यह आदेश नागरिक/पुलिस अधिकारियों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 या किसी अन्य दंड संहिता के तहत अपराध करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोकेगा।

- तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने का लगाया आरोप

### वह 'सिंघम' हैं, तो मैं 'पुष्पा' हूं: तृणमूल नेता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले की फाल्टा विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जहांगीर खान ने निर्वाचन आयोग की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के उत्तर प्रदेश कैडर के अधिकारी अजय पाल शर्मा के क्षेत्र का दौरा करने पर मंगलवार को आपत्ति जताई। खान ने कहा कि अगर शर्मा सिंघम हैं, तो वह पुष्पा हैं और पार्टी कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने शर्मा पर पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए 29 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए फाल्टा में उनके खिलाफ प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि शर्मा को तृणमूल समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ा।



“दिल्ली कैपिटल्स के लिए घबराने का समय नहीं है बल्कि उन्हें यह सब भूलकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। डीडी के खिलाड़ी सब कुछ भूलकर आगे बढ़ें, सकारात्मक क्रिकेट खेलें। यह सुनिश्चित करें कि ड्रेसिंग रूम में बहुत सकारात्मक माहौल बना रहे। –पियूष चावला


# स्टेडियम

अयोध्या, बुधवार, 29 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# पीएम ने बीसीसीआई की छह इंडोर क्रिकेट अकादमियों का किया उद्घाटन

**गंगटोक, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूर्वोत्तर भारत में छह अत्याधुनिक इंडोर क्रिकेट अकादमियों का उद्घाटन किया जो इस क्षेत्र में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कार्यक्रम का हिस्सा हैं।

ये अकादमियां रंगपो (सिक्किम), दोइमुख (अरुणाचल प्रदेश), इंफाल (मणिपुर), मदनकुरक्लांग (मेघालय), आइजोल (मिजोरम) और दीमापुर (नगालैंड) में स्थित हैं। बीसीसीआई ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ‘ प्रधानमंत्री ने सिक्किम के गंगटोक में एक राजकीय समारोह के दौरान इन सुविधाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।

यह खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और पूर्वोत्तर क्षेत्र की अपार खेल क्षमता को सामने लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'' उद्घाटन समारोह में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (अईसीसी) के चेयरमैन जय शाह और बीसीसीआई के पदाधिकारी मौजूद थे जबकि पूर्वोत्तर के अन्य पांच राज्यों के प्रशासक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े। बीसीसीआई ने कहा, ''इस परियोजना की परिकल्पना बीसीसीआई द्वारा की गई थी और इसे जय शाह के नेतृत्व में आगे बढ़ाया गया। उन्होंने अपने सचिव कार्यकाल के दौरान इस पर विशेष ध्यान दिया जिसका मुख्य उद्देश्य उभरते हुए क्षेत्रों में क्रिकेट के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना था।'' उन्होंने कहा, ''इन अकादमियों की आधारशिला मई 2024 में शाह द्वारा रखी गई थी। इसके साथ ही पूर्वोत्तर क्षेत्र में विश्व स्तरीय क्रिकेट बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए एक सुनियोजित प्रयास की शुरुआत हुई।'' इन अकादमियों को हाई परफोर्मेंस सेंटर के तौर पर डिजाइन किया गया है।

इनमें इंडोर अभ्यास पिच, अत्याधुनिक जिम, तापमान-नियंत्रित तैराकी पूल और प्रशासन तथा प्रशिक्षण के लिए अलग से ब्लॉक बनाए गए हैं। ये सुविधाएं खिलाड़ियों को पूरे साल प्रशिक्षण की सुविधा देंगी। इससे विशेष रूप से इस क्षेत्र में लंबे समय तक चलने वाले मॉनसून के कारण आने वाली चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। साथ ही खिलाड़ियों को पेशेवर प्रशिक्षण के लिए देश के अन्य हिस्सों में जाने की जरूरत भी काफी हद तक कम हो जाएगी। बीसीसीआई के अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा, ''यह पहल क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को हर क्षेत्र तक पहुंचाने और इस खेल के लिए एक मजबूत, अधिक समावेशी नींव बनाने के हमारे साफ इरादे को दिखाती है।'' उन्होंने कहा, ''यह इस बात को पक्का करने की दिशा में भी एक अहम कदम है कि पूर्वोत्तर के उभरते हुए क्रिकेटरों को भी देश में किसी अन्य जगह की तरह ही अच्छे स्तर की सुविधाएं मिलें।''




गंगटोक में एक समारोह के दौरान वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते पीएम मोदी।

## ऑरेंज कैप






- **अभिषेक शर्मा** हैदराबाद –380 रन
- **केएल राहुल** दिल्ली–358 रन
- **वैभव सूर्यवंशी** राजस्थान–357 रन

## पर्पल कैप






- **भुवनेश्वर कुमार** आरसीबी–14 विकेट
- **अंशुल कंबोज** चेन्नई –14 विकेट
- **इशान मलिंगा** हैदराबाद–14 विकेट

## हाईलाइट

### भारतीय भारोत्तोलकों ने जीते चार स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समोआ के अपिया में चल रही राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप और संबंधित यूनिवर्सल कप (सीनियर) में प्रतियोगिता के दूसरे दिन चार स्वर्ण पदक जीते। सुनील सिंह ने 65 किलोग्राम पुरुष वर्ग में कुल 271 किलोग्राम (स्नैच में 126 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 145 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि ऐसांगफा गोगोई ने 58 किलोग्राम महिला वर्ग में और अभिनव गोगोई ने 71 किलोग्राम पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। ऐसांगफा ने कुल 185 किलोग्राम (स्नैच में 79 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 106 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभिनव ने कुल 284 किलोग्राम (स्नैच में 129 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 155 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यूनिवर्सल कप में अरुणाचल प्रदेश के चारू पेसी ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में 289 किलोग्राम (स्नैच में 127 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 162 किलोग्राम) के कुल भार के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### विस्मया व श्रीनिवास को नाडा ने किया प्रतिबंधित

**नई दिल्ली :** एशियाई खेलों 2018 में चार गुणा 400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय धाविका वी.के. विस्मया को प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन में दोषी पाए जाने के करीब दो साल बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल ने दो साल के निलंबन की सजा सुनाई है। विस्मया 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय महिला रिले टीम का हिस्सा थीं। उनके नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ क्लोमिफीन की पुष्टि होने के बाद 2024 में उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था। यह पदार्थ हार्मोन और मेटाबोलिक मॉड्यूलेटर श्रेणी में आता है और खिलाड़ी के लिए हर समय प्रतिबंधित है। उनका नमूना 15 अगस्त 2024 को कोच्चि के पास पेरुंबवूर स्थित उनके घर पर प्रतियोगिता से बाहर परीक्षण के दौरान लिया गया था।

### सिल्वा और उनके कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने दिया इस्तीफा

**कोलंबो।** आलोचनाओं का सामना कर रहे श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा और उनकी कार्यकारी समिति के सदस्यों ने मंगलवार को यहां एक विशेष बैठक में अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। यह कदम उस समय उठाया गया जब देश के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने नए प्रशासन के गठन की मांग की थी। कार्यकारी समिति के एक सूत्र ने बताया कि करीब तीन घंटे चले विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। समिति के सदस्य हालांकि इस बारे में चुप्पी साधे रहे कि खेल मंत्री सुनील कुमारा गामगे को इस्तीफा सौंपने के बाद आगे क्या कदम उठाए जाएंगे। राष्ट्रपति के इस्तीफा देने के आग्रह के बाद यह अहम बैठक सिल्वा ने ही बुलाई थी।

# राजस्थान के खिलाफ पंजाब ने बनाए 222 रन

## आईपीएल : प्रभसिमरन सिंह और मार्कस स्टोइनिस के आतिशी अर्धशतकों से पंजाब हुआ मजबूत




प्रभसिमरन सिंह

**मुल्लांपुर, एजेंसी।**

प्रभसिमरन सिंह (59) और मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 62) के आतिशी अर्धशतकों से पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को आईपीएल मुकाबले में चार विकेट पर 222 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी कर रहे पंजाब के लिए सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन ने 44 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाया जबकि स्टोइनिस ने ज्यादा तीखे तेवर दिखाते हुए मात्र 22 गेंदों में चार चौके और छह छक्के उड़ाए। प्रभसिमरन के 59 रन, प्रियांश आर्य के 29, कोनोली और अय्यर के 30-30 और स्टॉयनिस के 22 गेंद पर 62 धुआंधार रनों की बदौलत पंजाब ने 222 रन बना दिए।

मिडिल ओवर्स में रन गति धीमी हुई थी लेकिन आख़िर के ओवर्स में स्टोइनिस ने काफी धमाकेदार बल्लेबाजी की। आख़िरी 3 ओवर में 55 रन बने। स्टोइनिस ने आखिरी ओवर में 24 रन जड़े जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल थे। शुरुआत में, प्रियांश ने दूसरे ओवर में आंद्रे बर्गर की जमकर धुनाई की और 21 रन बनाए, लेकिन जोफ्रा आर्चर ने अगले ही ओवर में उन्हें आउट करके तुरंत पलटवार किया। इसके बाद प्रभसिमरन और कोनोली ने मिलकर 50 से ज़्यादा रनों की तेज़ साझेदारी की, जिससे मध्यक्रम के लिए एक मजबूत नींव रखी गई। लेकिन प्रभसिमरन के आउट होने से खेल की गति थोड़ी धीमी पड़ गई, जिसके बाद स्टोइनिस ने मोर्चा संभाला और यह सुनिश्चित किया कि मिली हुई मज़बूत शुरुआत बेकार न जाए।

उनकी 22 गेंदों में खेली गई 62 रनों की तूफ़ानी पारी ने पंजाब किंग्स को इस पिच पर एक औसत स्कोर माने जाने वाले आंकड़े से भी कहीं आगे पहुंचा दिया है। जैसे-जैसे गेंद पुरानी होती जा रही है, वह बल्ले पर उतनी अच्छी तरह से नहीं आ रही है, और धीमी गेंदें पिच पर रुककर आ रही हैं। राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाज़ आखिरी ओवरों में इन विविधताओं को ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाए, और यह उन्हें काफ़ी महंगा पड़ा।




मार्कस स्टोइनिस

## अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | 1.333 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 | 1.919 |
| 3. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.815 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.602 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | -0.475 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 8 | 5 | 4 | 0 | 6 | -1.060 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.751 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

# हैदराबाद की बल्लेबाजी को रोकना मुंबई के लिए चुनौती

**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग का 41वां मैच एक ज़बरदस्त “बचने बनाम आगे बढ़ने” का मुकाबला होने वाला है, जिसमें मुंबई इंडियंस मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। मुंबई के लिए समीकरण सीधा है, लेकिन मुश्किल भी। सात मैचों में सिर्फ़ दो जीत के साथ, पाँच बार की चैंपियन टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है और उसे प्लेऑफ़ की उम्मीदें ज़िंदा रखने के लिए हर हाल में जीत हासिल करनी होगी।

इस सीजन में टीम का प्रदर्शन काफ़ी उतार-चढ़ाव भरा रहा है; बल्लेबाज़ी और गेंदबाज़ी, दोनों ही विभाग एक साथ मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। एक और हार टूर्नामेंट में उनके आगे बढ़ने की संभावनाओं को लगभग पूरी तरह से खत्म कर सकती है। कप्तान हार्दिक पंड्या के नेतृत्व की कड़ी परीक्षा होने वाली है, क्योंकि उन्हें अपनी खराब प्रदर्शन कर रही टीम को एकजुट करके आगे बढ़ाना है। रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी और मौजूदगी से ऊपरी क्रम को कुछ राहत मिली है, जबकि टीम पारी को संभालने और गति देने के लिए सूर्यकुमार यादव की शानदार बल्लेबाज़ी और स्ट्रोक-प्ले पर काफ़ी हद तक निर्भर रहेगी। हालाँकि, मुंबई की मुश्किलें सिर्फ़ बल्लेबाज़ी तक ही सीमित नहीं हैं। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाज़ी आक्रमण में वह पैनापन और नियंत्रण देखने को नहीं मिला है, जिसके लिए वह आमतौर पर जाने जाते हैं।

# हम पिछले मैच की निराशा से उबर ही नहीं पाए थे : अक्षर पटेल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ 264 रनों का पहाड़ सा स्कोर बनाया था, लेकिन फिर भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दो दिन बाद सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के ख़िलाफ़ उसी बल्लेबाज़ी क्रम का स्कोर चौथे ओवर में आठ रन पर छह विकेट था और जॉश हेज़लवुड व भुवनेश्वर कुमार की टेस्ट मैचों जैसी गेंदबाज़ी के सामने डीसी की पूरी टीम सिर्फ़ 16.3 ओवरों में ही 75 रन पर ऑलआउट हो गई। डीसी के कप्तान अक्षर पटेल ने ना सिर्फ़ ख़राब बल्लेबाज़ी, बल्कि पिछले मैच की निराशा और ख़राब क़िस्मत को भी इस प्रदर्शन का दोष दिया। प्रेस कॉन्फ़्रेंस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, “पिछले मैच में जो हुआ, उसकी वजह से मुझे लगता है कि टीम में थोड़ी झिझक थी। इतने रन बनाने के बाद अगर आप देखोगे तो 10 में से नौ बार किसी टीम को जीत मिलती है। लेकिन उस हार के बाद हमें लगा कि हम यह विशाल टोटल भी डिफ़ेंड नहीं कर सकते हैं। उन्होंने साथ ही कहा, “इसके अलावा हमारी क़िस्मत भी इस मैच में ख़राब थी। ऐसा नहीं हुआ कि कोई बल्लेबाज़ सेट होकर आउट हुआ।

# ज्वेरेव ने मैड्रिड में लगातार 9वीं जीत की दर्ज

**मैड्रिड, एजेंसी**

अलेक्जेंडर ज्वेरेव सोमवार रात मैड्रिड ओपन में दबाव के बावजूद डटे रहे। उन्होंने मैच के आखिरी पलों में आई थोड़ी सी मुश्किल का सामना करते हुए एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी शानदार बढ़त को जारी रखा। दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी दूसरे सेट में 5-3 के स्कोर पर मैच खत्म करने वाली सर्विस नहीं कर पाए, जब टेरेंस आत्मान ने मैच का पासा पलटने की कोशिश की, लेकिन ज्वेरेव ने खुद को संभाला और 6-3, 7-6(2) से जीत हासिल की। मनोलो सैन्टाना स्टेडियम में 1 घंटे 37 मिनट तक चले इस मैच में जीत के साथ, दो बार के मैड्रिड चैंपियन ज्वेरेव ने इस टूर्नामेंट में अपने नौवें प्रयास में नौवीं बार अंतिम 16 में जगह बनाई है। 2025 सीजन की शुरुआत थोड़ी उतार-चढ़ाव भरी रही थी-जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन के फ़ाइनल तक का सफर शामिल था।



### मैड्रिड ओपन के क्वार्टर-फाइनल में सिनर

- जानिक सिनर ने मंगलवार को यहाँ 2026 मैड्रिड ओपन के राउंड ऑफ़ 16 में ग्रेट ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से आसानी से हरा दिया और अगले मुकाबले में, सिनर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए राफेल जोडर या विट कोप्रिवा में से किसी एक का सामना करेंगे। क्वार्टर फाइनल के मुकाबले 29 और 30 अप्रैल को होंगे, जबकि फाइनल 3 मई को खेला जाएगा।

**महिला टी20 रैंकिंग** | भारत की युवा खिलाड़ी श्री चरणी ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की

# पांचवें स्थान पर खिसकीं स्मृति, दीप्ति चौथे स्थान पर




ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा

**दुबई, एजेंसी**

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी आईसीसी की नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान नीचे खिसककर पांचवें स्थान पर आ गईं जबकि ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा गेंदबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गईं।

बल्लेबाजों की सूची में अन्य महत्वपूर्ण बदलावों में भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर शामिल हैं जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला में 169 रन बनाने के बाद एक स्थान के फायदे से 646 अंक के साथ फिर से शीर्ष 10 में शामिल हो गई हैं। वहीं ऋचा घोष दो स्थान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं और उन्होंने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 786 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। अब वह दूसरे स्थान पर मौजूद बेथ मूनी से सिर्फ दो रेटिंग अंक पीछे हैं। जॉर्जिया वोल 815 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। वोलवार्ट ने 56 गेंद में नाबाद 92 रन बनाकर भारत के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला का अंत 330 रन के साथ किया जो किसी भी महिला द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला में किसी एक खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं। उनकी टीम ने श्रृंखला 4-1 से जीती। टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। इस सूची में पाकिस्तान की स्पिनर सादिया इकबाल शीर्ष पर बनी हुई हैं जबकि टी20 विश्व कप से पहले भारत की ऑलराउंडर दीप्ति और दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको मलाबा संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। भारत की युवा खिलाड़ी श्री चरणी ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। बेनोनी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के अंतिम मैच में दो विकेट लेने के बाद बाएं हाथ की यह गेंदबाज 12 स्थान की छलांग लगाते हुए 11वें पायदान पर हैं।



# थॉमस-उबेर कप : चीन की पुरुष और महिला टीमों ने दर्ज की जीत

**होरसेंस (डेनमार्क),एजेंसी**

चीन की पुरुष और महिला दोनों टीमों ने सोमवार को 2026 थॉमस और उबेर कप फ़ाइनल में कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की, और व्यस्त कार्यक्रम तथा देर रात की मुश्किलों पर काबू पाया। थॉमस कप के ग्रुप ए के दूसरे दौर में, चीन ने कनाडा को 4-1 से हराया, जबकि उसकी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी शी यूकी बीमारी के कारण देर से मुकाबले से हट गई थीं। शी, जिन्हें चीन की शीर्ष एकल खिलाड़ी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था, को टीम सूची जमा होने के बाद पेट की समस्या हो गई थी।

टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार, एक बार टीमों की सूची का आदान-प्रदान हो जाने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। अपनी शारीरिक स्थिति और आगे होने वाले मैचों को देखते हुए, शी ने मुकाबले से हटने का फैसला किया, जिससे कनाडा को शुरुआती 1-0 की बढ़त मिल गई। चीन की शीर्ष युगल जोड़ी लियांग वेइकिंग और वांग चांग ने शुरुआती कड़ा गेम 24-22 से जीता, और फिर मैच को 21-14 से अपने नाम कर लिया। इसके बाद ली शिफेंग ने ब्रायन यांग को 2-1 से हराकर चीन को बढ़त दिला दी। युगल की दूसरी जोड़ी हे जिटिंग और रेन शियांग्यू, तथा एकल खिलाड़ी वेंग होंगयांग, दोनों ने शेष मुकाबलों में सीधे गेम में जीत हासिल करके टीम की कुल जीत सुनिश्चित की।

### भारत का उबेर कप में सफर ग्रुप स्टेज में ही खत्म

- भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने उबेर कप 2026 के ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में चीन के ख़िलाफ़ ज़ोरदार प्रदर्शन किया, लेकिन 5-0 से हारकर ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई। भारत, जो डेनमार्क से 3-2 से मामूली हार और यूक्रेन पर 4-1 की जीत के बाद इस मुक़ाबले में उतरा था, उसे क्वार्टर-फ़ाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए जीत की जरूरत थी। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें – चीन और मेजबान डेनमार्क – आगे बढ़ गईं, जबकि भारत यूक्रेन से आगे तीसरे स्थान पर रहा। बैडमिंटन रैंकिंग में 12वें स्थान पर मौजूद पीवी सिंधु ने सोमवार को शुरुआती सिंगल्स मैच में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झीयी को कड़ी टक्कर दी। पूर्व विश्व चैंपियन ने निर्णायक गेम के बड़े हिस्से पर अपना दबदबा बनाए रखा और 18-12 की बढ़त बना ली, लेकिन वांग झीयी ने लगातार सात अंक बनाकर 21-16, 19-21, 21-19 से जीत हासिल कर ली।